CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 195 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 16°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



दीपावली पर विघ्न डालने वाले होंगे सलाखों के पीछे: योगी पेज 2



आईसीसी टेस्ट रैंकिंग: यशस्वी टॉप-5 में लौटे, पंत नंबर -8 पर खेल टाइम्स




खाने की कमी और कुपोषण के कारण दुनियाभर में लाखों लोग गंवा रहे जान सम्पादकीय



पाकिस्तान ने काबुल पर किए हवाई हमले, दोनों ओर से 50 लोगों की मौत पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### महाभारत के कर्ण पंकज धीर का 68 साल की उम्र में निधन



**नई दिल्ली।** महाभारत से घर घर में फेमस होने वाले पंकज धीर का निधन हो गया है। 15 अक्टूबर 2025 को उन्होंने अंतिम सांसें लीं। वह पिछले कुछ समय से कैंसर से जंग लड़ रहे थे। बताया जा रहा है कि एक्टर कैंसर को मात दे चुके थे, लेकिन कुछ समय पहले दोबारा कैंसर डिटेक्ट हुआ। दूसरी बार वह इस बीमारी को मात न दे पाए। बता दें पंकज धीर की तरह उनके बेटे निकितिन धीर भी काफी पापुलर एक्टर हैं। वह खुद एक रामायण में रावण का दमदार रोल प्ले कर चुके हैं। 68 साल की उम्र में पंकज धीर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके तमाम दोस्त, रिश्तेदार, परिवार और फैंस सब इस दुखद खबर को सुनकर चौंक गए हैं। एक्टर के परिवार की बात करें, तो उनकी पत्नी अनीता धीर हैं, जो पेशे से कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं। वहीं उनका एक ही बेटा है और निकितिन धीर भी एक्टिंग ही करते हैं।

### भारतीय वायुसेना को मिलेगा स्वदेशी तेजस

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के नासिक में स्थित ओझर में एचएएल (हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड) ने 'तेजस एमके 1ए' फाइटर जेट का परीक्षण पूरा कर लिया है। वायुसेना के लिए तेजस विमान बना रही एचएएल को सितम्बर में ही अमेरिका ने इसका चौथा इंजन भेजा था। इसकी खूबियों में से एक है कि इसके पंखों में 9 जगह मिसाइलें फिट होती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक हर तेजस मार्क-1ए की औसत कीमत 600 करोड़ है। जबकि रफ्तार 2200 किमी/घंटा यानी ध्वनि से भी करीब दोगुनी तेज है। एलसीए मार्क 1ए, तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। इसमें अपग्रेडेड एवियानिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। एलसीए मार्क-1ए के 65 फीसदी से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं।

### 7वीं बार यूएन की मानवाधिकार परिषद के लिए निर्विरोध चुना गया भारत

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2026-28 के लिए भारत को मानवाधिकार परिषद का सदस्य चुन लिया है। तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए भारत का चुनाव निर्विरोध हुआ। इस तरह भारत अब तक इस निकाय में 7वीं बार चुना गया है। चुनाव की घोषणा के बाद संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि यह भारत की मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत अपने कार्यकाल के दौरान इन उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है और सभी देशों का समर्थन के लिए आभार प्रकट किया। मानवाधिकार परिषद संयुक्त राष्ट्र की प्रमुख संस्था है, जिसमें 47 सदस्य देश शामिल हैं। इसका गठन 2006 में यूएन महासभा द्वारा किया गया था। इसी वर्ष भारत पहली बार इसका सदस्य चुना गया था।

# 2040 तक मानव को चांद पर ले जाएगा भारत

## इसरो चीफ नारायणन ने कहा: टारगेट तय

**रांची।** इसरो चीफ वी. नारायणन ने बुधवार को कहा कि भारत ने 2040 तक अपने नागरिकों को चंद्रमा पर उतारने का टारगेट तय किया है।

वहीं, भारत का पहला मानव स्पेस मिशन 'गगनयान' 2027 में लॉन्च होना है। नारायणन ने बताया कि इसरो 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएसएस) की स्थापना और 2026 तक तीन बिना मानव वाले गगनयान मिशन लॉन्च करने पर काम कर रहा है। इनमें से पहला मिशन, जिसमें अर्ध-मानव रोबोट 'व्योममित्रा' शामिल होगा, दिसम्बर 2025 में लॉन्च किया जाएगा। नारायणन रांची स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी), मेसरा के 35वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। नारायणन ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी मानवयुक्त चंद्र मिशन के लिए 2040 की समय सीमा तय की है।

**2027 में लॉन्च होगा स्वदेशी मानव स्पेस मिशन 'गगनयान'**



इसके तहत हमें अपने नागरिकों को चंद्रमा पर उतारकर सुरक्षित वापस लाना होगा। इसके अलावा, शुक्र ग्रह (वीनस) पर स्टडी के लिए 'वीनस आर्बिटर मिशन (वीओएम)' को भी मंजूरी मिल चुकी है। इसरो प्रमुख ने बताया कि 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' (बीएसएस) की स्थापना 2035 तक की जाएगी। इसके शुरुआती मॉड्यूल 2027 से ही अंतरिक्ष में स्थापित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि गगनयान मिशन में प्रगति हो रही हैं। क्रू मिशन से पहले तीन बिना मानव वाले मिशनों की योजना है। व्योममित्रा इस साल दिसंबर में उड़ान भरेगी, जबकि दो और मिशन अगले साल होंगे।

# पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को सरकार का दिवाली तोहफा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से लागू की जाने वाली योजनाओं के तहत पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में 100 फीसदी वृद्धि करने को मंजूरी दी है।

इस फैसले के बाद आश्रितों को शिक्षा, विवाह और निर्धनता अनुदान के अंतर्गत मिलने वाली वित्तीय सहायता राशि दोगुनी हो गई है। संशोधित दरें आगामी एक नवम्बर से लागू होंगी। बुधवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ये योजनाएं पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा केन्द्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वित्तीय सहायता में 100 फीसदी वृद्धि करने को मंजूरी दी**

लागू की जाती हैं। वित्तीय सहायता में की गई प्रमुख बढ़ोतरी इस के तहत निर्धनता अनुदान की राशि 4,000 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 8,000 रुपये प्रति माह प्रति लाभार्थी कर दिया गया है। यह सहायता 65 वर्ष से अधिक आयु वाले उन पूर्व सैनिकों के आश्रितों व विधवाओं को आजीवन दी जाएगी, जिनकी कोई नियमित आय नहीं है और जो गैर-पेंशनभोगी हैं।

# फांसी से मौत की जगह जानलेवा इंजेक्शन क्यों नहीं दे सकते: SC

## कोर्ट ने घातक इंजेक्शन जैसे तरीकों को अपनाने को लेकर सरकार के विरोध पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा पाए कैदियों के लिए फांसी की जगह घातक इंजेक्शन जैसे तरीकों को अपनाने पर सरकार के विरोध पर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने कहा कि सरकार समय के साथ बदलाव के लिए तैयार नहीं है। यह मामला एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया, जिसमें फांसी की सजा को घातक इंजेक्शन या अन्य तरीकों से बदलने की मांग की गई थी।

कोर्ट ने सरकार से पूछा कि वह इस विकल्प को क्यों नहीं दे सकती। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है, जहां एक याचिकाकर्ता ने मांग की है कि मौत की सजा देने के तरीके को बदला जाए। याचिकाकर्ता चाहता है कि फांसी की जगह घातक इंजेक्शन, फायरिंग स्क्वाड, बिजली की कुर्सी या गैस चैंबर जैसे तरीकों को अपनाया जाए। याचिकाकर्ता का कहना है कि इन तरीकों से मौत कुछ ही मिनटों में हो जाती है, जबकि फांसी में काफी समय लग सकता है और यह क्रूर और दर्दनाक हो सकती है। याचिकाकर्ता के वकील, ऋषि मल्होत्रा ने कोर्ट में कहा कि कम से कम दोषी कैदी को यह



**केंद्र सरकार ने कहा: कैदियों को विकल्प देना नीतिगत निर्णय का हिस्सा, इसमें कई फैसले लेने होंगे**

विकल्प तो दिया जाए कि वे फांसी चाहते हैं या घातक इंजेक्शन... घातक इंजेक्शन जल्दी, मानवीय और सभ्य है, जबकि फांसी क्रूर, बर्बर और लंबी चलने वाली है। उन्होंने यह भी बताया कि सेना में ऐसे विकल्प दिए जाते हैं। हालांकि, सरकार ने अपने जवाब में कहा है कि ऐसा विकल्प देना संभव नहीं है। सरकार का कहना है कि यह नीतिगत मामला है और इसमें कई फैसले लेने होंगे। वरिष्ठ वकील सोनिया माथुर, जो सरकार की ओर से पेश हुईं, ने कोर्ट को बताया कि कैदियों को विकल्प देना नीतिगत निर्णय का हिस्सा है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सरकार के इस रवैये पर मौखिक टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि सरकार समय के साथ हो रहे बदलावों के साथ विकसित होने के लिए तैयार नहीं है। बेंच ने कहा कि समस्या यह है कि सरकार विकसित होने के लिए तैयार नहीं है, यह एक बहुत पुरानी प्रक्रिया है, समय के साथ चीजें बदल गई हैं। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई 11 नवम्बर तक के लिए टाल दी है। यह मामला मौत की सजा के तरीके और कैदियों के अधिकारों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाता है। कोर्ट का यह रुख दर्शाता है कि वह मानवीय और आधुनिक तरीकों को अपनाने के पक्ष में है, जबकि सरकार अभी भी पुरानी प्रक्रियाओं पर अटकी हुई है। यह देखना दिलचस्प होगा कि 11 नवम्बर को सुनवाई के दौरान क्या होता है और सरकार इस मामले में क्या रुख अपनाती है।

# दिल्ली-NCR में ग्रीन पटाखे फोड़ने की अनुमति

## सुप्रीम कोर्ट ने दी पटाखों पर प्रतिबंध की शर्तों में ढील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिवाली से पहले सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों को लेकर बड़ा आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर प्रतिबंध की शर्तों में ढील देते हुए 21 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखों की इजाजत दे दी है।

केंद्र और दिल्ली सरकार के संयुक्त अनुरोध को स्वीकार करते हुए मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने ग्रीन पटाखों पर प्रतिबंध में राहत दी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में सिर्फ नेशनल एन्वायरनमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (एनईईआरआई) द्वारा प्रमाणित ग्रीन पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल की अनुमति दी है। अदालत ने शर्तों के साथ ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति दी है। ये अनुमति 18 से 21 अक्टूबर तक के लिए है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हमें एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा, पर्यावरण के साथ समझौता किए बिना संयमित रूप से इसकी अनुमति देनी होगी।



**एनईईआरआई द्वारा प्रमाणित ग्रीन पटाखों की बिक्री व इस्तेमाल को दी मंजूरी**

**18 से 21 अक्टूबर तक ग्रीन पटाखे फोड़ने की दी इजाजत**

### त्योहारों की रौनक बरकरार रखना हमारा लक्ष्य: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ग्रीन पटाखे फोड़ने की इजाजत देने पर सुप्रीम कोर्ट का आभार जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि यह फैसला दीपावली जैसे पवित्र पर्व पर जनभावनाओं और उत्साह का सम्मान करता है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है।

मुख्य न्यायाधीश ने आदेश का मुख्य भाग पढ़ते हुए कहा कि पटाखों की दिल्ली- एनसीआर में तस्करी की जाती है और वे ग्रीन पटाखों से ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि इस अवधि (21 अक्टूबर) के बाद इन पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध जारी रहेगा। वहीं नियमों के उल्लंघन करने पर निर्माताओं और विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# अमेरिकी पासपोर्ट पहली बार टॉप-10 लिस्ट से बाहर

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी पासपोर्ट** पहली बार दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट की टॉप-10 लिस्ट से बाहर हो गया। हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 के मुताबिक, 20 साल में ऐसा पहली बार हुआ है। अब अमेरिकी पासपोर्ट 12वें नंबर पर है, जो मलेशिया के बराबर है। इस पासपोर्ट से 227 में से 180 देशों में बिना वीजा के जा सकते हैं।

दूसरी ओर सिंगापुर का पासपोर्ट सबसे ताकतवर है, जो 193 देशों में वीजा-फ्री एंट्री देता है। इसके बाद दक्षिण कोरिया (190) और जापान (189) हैं। इंडेक्स के मुताबिक, भारतीय पासपोर्ट 77वें पायदान पर है। भारत की रैंकिंग में 2025 के पहले क्वार्टर के मुकाबले 8 पायदान का सुधार हुआ है। भारतीय पासपोर्ट के साथ 59 देशों में वीजा-फ्री या वीजा-ऑन-अराइवल एक्सेस मिलता है। कई देशों ने अमेरिकियों के लिए वीजा नियम सख्त कर दिए। ब्राजील ने अप्रैल में वीजा-फ्री एंट्री खत्म कर दी है। चीन ने अपने वीजा-फ्री प्रोग्राम में अमेरिका को शामिल नहीं किया। पापुआ न्यू गिनी, म्यांमार, भारत, सोमालिया और वियतनाम के नए नियमों ने भी अमेरिकी पासपोर्ट की ताकत पर असर डाला है। हेनली एंड पार्टनर्स के चेयरमैन क्रिश्चियन केलिन ने कहा कि अमेरिकी पासपोर्ट की ताकत में कमी सिर्फ रैंकिंग की बात नहीं है। यह दिखाता है



**हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 के मुताबिक सिंगापुर पहले नंबर पर, भारत की रैंकिंग में आठ पायदान का सुधार**

कि दुनिया में ताकत का खेल बदल रहा है। जो देश खुलापन अपनाते हैं, वे आगे बढ़ रहे हैं, और जो पुरानी सोच पर टिके हैं, वे पीछे रह रहे हैं। एनी फोर्जहाइमर नाम की एक्सपर्ट ने कहा कि अमेरिका की सख्त नीतियों वाली सोच उनके पासपोर्ट की ताकत में कमी के रूप में दिख रही है। ग्लोबल लेवल पर भारत की बढ़ती ताकत का असर उसकी पासपोर्ट रैंकिंग पर भी पढ़ा है। इसके अलावा डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल और नए समझौतों ने भी खास रोल निभाया है। भारतीय पासपोर्ट में सुधार की कई वजह हैं, भारत ने फिलीपींस और श्रीलंका जैसे देशों के साथ वीजा-फ्री या वीओए समझौते किए।

### फर्रुखाबाद मामला : एसपी प्रीति यादव ने कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर मांगी माफी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में फर्रुखाबाद की प्रीति यादव की ओर से दाखिल की गई बंदी प्रत्यक्षीकरण मामले में फैसला सुरक्षित कर लिया है। हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में एसपी फर्रुखाबाद आरती सिंह बुधवार को दोपहर दो बजे कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुई। उन्होंने अदालत में अपना हलफनामा दाखिल कर दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई के दौरान याची ने मंगलवार को फर्रुखाबाद की एसपी की मौजूदगी में पुलिस उत्पीड़न की पोल खोल दी थी। याचिका वापस लेने का दबाव बनाने के आरोप पर खफा कोर्ट ने एसपी से हलफनामे संग स्पष्टीकरण तलब किया है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

।।शुभ मुहूर्त आया- होण्डा साथ लाया।।
धनतेरस व दीपावली की बुकिंग करने पर पायें निश्चित उपहार
पहले आओ......पहले पाओ.........
पहली बार ऐसे बम्पर ऑफर का लाभ उठायें
धनतेरस व दीपावली की शुरूआत की 200 बुकिंग पर पायें आकर्षक उपहार और Honda की Shine100 बाईक जीतन का सुनहरा मौका
जल्दी करें कहीं यह बम्पर ऑफर का मौका हाथ से छूट ना जाये।
HONDA
धनतेरस बुकिंग पर स्क्रैच कूपन द्वारा निश्चित उपहार



अंश होण्डा
जानसठ रोड, निकट एस.डी. इंजिनियरिंग कॉलेज मुजफ्फरनगर-251001 (उ.प्र.)
9634444261, 7060922671

## संक्षिप्त समाचार

### मुर्मू, मोदी और शाह ने डा. कलाम को जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि श्रीमती मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में डा. अब्दुल कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी ने डा. अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डा. कलाम को एक दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने युवा मन को प्रज्वलित किया और राष्ट्र को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डा. कलाम का जीवन हमें याद दिलाता है कि सफलता के लिए विनम्रता और कड़ी मेहनत आवश्यक है। उन्होंने उम्मीद जताइ कि डा. कलाम की कल्पना के अनुरूप मजबूत, आत्मनिर्भर और करुणामय भारत का निर्माण जारी रखेंगे।

### घाटी में अगले सप्ताह मौसम शुष्क रहने का अनुमान

**श्रीनगर।** मौसम विभाग ने अगले सप्ताह कश्मीर घाटी में मौसम शुष्क रहने का अनुमान व्यक्त किया है। विभाग के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि 15 से 17 अक्टूबर तक घाटी में मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि 18 से 19 तारीख तक मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा, लेकिन दोपहर या शाम को बादल छा सकते हैं। विभाग ने किसानों को अपने खेतों, बगीचों और उद्यानों में सभी कृषि गतिविधियां जारी रखने की सलाह दी है। विभाग के मुताबिक 20 से 23 अक्टूबर तक आंशिक रूप से बादल छाए रहने तथा मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

# दीपावली पर विशेष अभियान में 2993 क्विंटल मिलावटी खाद्य सामग्री जब्त

**■ मानव उपभोग के योग्य नहीं होने पर 1155 क्विंटल सामग्री नष्ट की गई**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने आठ अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक दीपावली विशेष अभियान शुरू किया है।

इस अभियान के तहत अब तक प्रदेश भर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमों ने 4621 निरीक्षण, 2085 छापे और 2853 नमूनों की जांच की। अब तक कुल 2993 क्विंटल मिलावटी और अस्वास्थ्यकर खाद्य सामग्री जब्त की गई, जिसका अनुमानित मूल्य 3.88 करोड़ रुपए है। मानव उपभोग के योग्य नहीं होने पर 1155 क्विंटल सामग्री नष्ट की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1. 75 करोड़ रुपए है। उन्नाव, मथुरा और लखनऊ में भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत तीन प्राथमिकी भी दर्ज की गई हैं। सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा. रोशन जैकब ने बताया कि त्योहारों को सुरक्षित, स्वच्छ और आनंददायक बनाने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में मिलावटखोरी और स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह खाद्य सामग्री के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। त्योहारों के अवसर पर आम नागरिकों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र नष्ट होने वाली सामग्री मौके पर ही जब्त और विनष्ट की जाती है, जिससे उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अभियान में प्रमुख कार्यवाहियों में उन्नाव में 215 किलो खोया जब्त कर नष्ट किया गया और नमूने संग्रहीत कर एक एफआईआर दर्ज की गई। मथुरा में 400 किलो मिलावटी पनीर नष्ट किया गया। लखनऊ में 802 किलो खोया नष्ट किया गया। झांसी में 1200 किलो खोया, हाथरस में 790 किलो मिलावटी आचार जब्त कर 3000 किलो खराब आचार नष्ट किया गया।

# बिहार के लोग मगध की धरती से भाजपा को हराएं

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ भाजपा ने बिहार में बेरोजगारी और महंगाई को बढ़ाने का काम किया है: अखिलेश**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी उप्र के अवध क्षेत्र में हराया है और अब बिहार के लोगों की जिम्मेदारी है कि वे मगध की धरती पर भाजपा को हराकर दिखाएं। उन्होंने बिहार की जनता से अपील की कि वे समाजवादी विचारधारा और गठबंधन के उम्मीदवारों को वोट देकर बीज. पी को सत्ता से बाहर करें।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि गोरखपुर के साथ-साथ लखनऊ में गोमती रिवरफ्रंट पर स्व केदार नाथ सिंह सैथवार जी की प्रतिमा लगाकर उनको सम्मान दिलाने का उनकी पार्टी सत्ता में आने पर करेगी। उन्होंने कहा कि ष्भाजपा ने बिहार में बेरोजगारी और महंगाई को बढ़ाने का काम किया है। शिक्षा और स्वास्थ्य की हालत खराब है। हमने यूपी में अवध क्षेत्र में भाजपा को सबक सिखाया, अब मगध और बिहार के लोग इसे सिखाएं। उन्होंने कहा कि सरकार स्वदेशी स्वदेशी का चूर्ण खिला रही है। ए स्वदेशी का नारा हमें और आपको गुमराह करने का है। उन्होंने कहा कि ए लोग मन से विदेशी हैं और अगर मन से स्वदेशी हैं, तो आप चीन पर क्यों टैरिफ क्यों नहीं लगा रहे। कुछ जगह चढ़ावे में सोना का दाना चढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प गोमती नदी की स्वच्छता को लेकर पूरा होता नहीं दिख रहा है। उनकी सरकार ने गोमती सफाई का एक मॉडल तैयार किया था। य

ही मॉडल है, जिससे नदियां साफ हो सकती है। ए सरकार बजट साफ कर रही है और नाले पर रिवर फ्रंट बना रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि ए सरकार सफेद टेबल पर बैठकर काला झूठ बोलती है। सरकार की नीयत नेक नहीं है। जब सरकार के जाने का वक्त आया, तो गोमती की सफाई याद आई। ए सरकार नदी नहीं साफ कर रही है, बल्कि बजट साफ कर रही है। ये लोग प्लान करते हैं। कि कैसे लूटा जाए। उन्होंने कहा कि ष्भाजपा के पास कोई मॉडल ही नहीं है। जो लोग एनकाउंटर का बहाना देकर कानून-व्यवस्था की बात करते हैं, अगर एनकाउंटर से सब ठीक हो जाता, तो बंथरा में बेटी के साथ दुष्कर्म कैसे होता। हरिओम वाल्मीकि की हत्या क्यों हुई। अखिलेश दुबे का एनकाउंटर क्यों नहीं हुआ। आईपीएस अधिकारी चोरों को बचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दलित और पीडीए समाज के लोग चिंतित है।

## सीएम योगी ने को शरारती तत्वों को चेतावनी दी

# दीपावली पर विघ्न डालने वाले होंगे सलाखों के पीछे

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ किसी ने अगर बेटी की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया, तो अगले चौराहे पर यमराज टिकट काटने के लिए खड़ा होगा:' मुख्यमंत्री**

**लखनऊ।** प्रदेशवासियों को पंच दिवसीय दीप पर्व की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को शरारती तत्वों को चेतावनी दी कि दीपावली के उत्साह में विघ्न डालने की कोशिश करने वालों की जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी।

लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण के दौरान उन्होंने कहा कि दीपावली के पहले यह प्रदेश के गरीब परिवारों के लिए एक बड़ा उपहार है। त्योहारों का उद्देश्य यही है कि हम अकेले नहीं, बल्कि सामूहिक रूप से इस उत्साह का हिस्सा बनें। 2021 में राज्य सरकार ने तय किया था कि वर्ष में दो बार होली और दीपावली के अवसर पर उज्जवला योजना के सभी लाभार्थियों को मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर दिए जाएंगे। इसी क्रम में आज प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को यह सौगात दी जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में सभी त्योहार, होली, दीपावली, ईद, क्रिसमस, गुरु पर्व, जन्माष्टमी या रामनवमी पूरी शांति, सौहार्द और उमंग के साथ मनाए गए हैं। अब वह सरकार नहीं है, जो दंगाइयों के सामने घुटने टेक दे। यह सरकार जो जिस भाषा में समझेगा, उसी भाषा में जवाब देना जानती है। उत्साह और उमंग के त्योहार में यदि किसी ने व्यवधान डाला तो जेल की सलाखें उसका इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी लोककल्याणकारी सरकार का दायित्व होता है कि वह शासन की योजनाओं का लाभ ईमानदारी से उन गरीबों, वंचितों और दलितों तक पहुंचाए, जो इसके पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार गरीबों को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ तब मिलना शुरू हुआ जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने। 2014 के पहले गैस कनेक्शन लेना भी एक संघर्ष था, लेकिन मोदी जी ने 11 करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिलाए।

अकेले उप्र के 1.86 करोड़ परिवारों को इसका लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि पहले गरीब लकड़ी, कोयले या उपलों में खाना पकाते थे जिससे परिवार बीमार पड़ते थे। आज उज्ज्वला योजना ने नारी गरिमा को सम्मान दिया है और घर-घर में स्वास्थ्य और सुविधा का उजाला फैलाया है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में परिवार से ऊपर कोई सोच नहीं थी।

### योगी ने गोवा के कैबिनेट मंत्री रवि नाइक के निधन पर शोक जताया

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोवा सरकार के कैबिनेट मंत्री रवि नाइक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि गोवा सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री रवि नाइक का निधन अत्यंत दु:खद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! उन्होंने कहा है कि मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। गौरतलब है कि गोवा के कृषि मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री रवि नाईक का आज निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार उन्हें दिल का दौरा पड़ा था, जिसके कारण 79 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली।

# पुलिस अधिकारियों की आत्महत्या पर हरियाणा सरकार जवाब दे:सैलजा

नई दिल्ली, वार्ता



**■ एएसआई संदीप की आत्महत्या गंभीर मामला**

कांग्रेस महासचिव सैलजा कुमारी ने पुलिस अधिकारियों की आत्महत्या के मामले में हरियाणा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि वहां शासन-प्रशासन की व्यवस्था गड़बड़ा गई है, इसलिए पुलिस अधिकारी आत्महत्या कर रहे हैं और इसका ताजा उदाहरण आईपीएस पूरण कुमार के बाद एएसआई संदीक का आत्महत्या करना है।

सुश्री सैलजा ने बुधवार को यहां पत्रकारों से कहा कि एएसआई संदीप की आत्महत्या बहुत गंभीर मामला है और कांग्रेस शुरु से कहती आ रही है कि हरियाणा में सब कुछ ठीक नहीं है। आईपीएस अधिकारी के बाद एएसआई की आत्महत्या के मामले को सामान्य रूप से नहीं लिया जा सकता है। यह बेहद गंभीर मामला है और हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। उनका यह भी कहना था कि इन सब मामलों के कारणों की बारीकी से पड़ताल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिका. रियों का इस तरह से आत्महत्या करना बताता है कि हरियाणा सरकार में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। इन घटनाओं से यह स्पष्ट है कि सरकारी व्यवस्था पर अधिकारियों को भी भरोसा नहीं रह गया है। सुश्री सैलजा ने कहा कि आईपीएस वाई पूरन कुमार के साथ जो हुआ उसका सबको पता हो गया है।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 81790.12
निफ्टी 25077.65

सोना रु. 125230
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 180000
प्रति किलो



# बाजारों में लौटी रौनक, सेंसेक्स 300 अंक उछला

मुंबई, वार्ता



लगातार दो दिन की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को रौनक लौट आई और बीएसई का सेंसेक्स 575 अंक उछल गया।

बाजार में आज शुरू से ही लिवाली रही जिससे सेंसेक्स मंगलवार के मुक. ाबले 575.45 अंक ऊपर 82,605.43 अंक (0.70 प्रतिशत) पर बंद हुआ। वित्तीय कंपनियों एवं सार्वजनिक बैंकों के साथ रियलिटी, तेल एवं गैस और आईटी सेक्टरों में भी निवेशकों ने खूब विश्वास दिखाया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 178.05 अंक यानी 0.71 फीसदी ऊपर 25,323.55 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 19 सितम्बर के बाद का उच्चतम स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.08 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.82 फीसदी ऊपर रहा। एनएसई में कुल 3,189 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ, जिनमें 1,979 के शेयर हरे निशान में और 1,125 के लाल निशान में बंद हुए। वहीं 85 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंतत: अपरिवर्तित रहे।

एनएसई में रियलिटी, तेल एवं गैस, सार्वजनिक बैंकों, वित्त, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और आईटी समूहों के सूचकांकों में ज्यादा तेजी रही। अन्य समूहों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 23 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। बजाज फाइनेंस के बोर्ड द्वारा 1,890 करोड़ रुपए के अपरिवर्तनीय डिबेंचर जारी करनी की मंजूरी के बाद कंपनी का शेयर सबसे अधिक 4.03 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। बजाज फिनसर्व में 3.10 प्रतिशत, एशियन पेंट्स में 2. 48, एलएंडटी में 2.23 और ट्रेंट में 2. 19 प्रतिशत की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 1.96 फीसदी, इटरनल का 1.93, अडानी पोर्ट्स का 1.78, टाटा स्टील का 1.61 और बीईएल का 1.49 प्रतिशत चढ़ा। पावर ग्रिड का शेयर 1.43 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 1.30, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.09, भारतीय स्टेट बैंक का 1. 06 और आईसीआईसीआई बैंक का 1.03 प्रतिशत मजबूत हुआ। आईटीसी, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एनटीपीसी, टीसीएस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे। टाटा मोटर्स में सबसे अधिक 1.20 प्रतिशत की गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 1.07 फीसदी, एक्सिस बैंक का 0.65 फीसदी और टेक महिंद्रा का 0.62 फीसदी टूट गया।

## सितम्बर में यात्री वाहनों की बिक्री 4.4 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में सितम्बर में यात्री वाहनों की थोक बिक्री बढ़कर 3,72,458 इकाई पर पहुंच गई, जो सितम्बर 2024 की तुलना में 4.4 प्रतिशत अधिक है। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम ने बुधवार को जारी बिक्री के आंकड़ों में बताया कि पिछले महीने दुपहिया वाहनों की बिक्री 6.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 21,60,889 इकाई पर और तिपहिया की बिक्री 5.5 प्रतिशत बढ़कर 84,077 इकाई पर पहुंच गई। सियाम ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की 30 सितम्बर को समाप्त दूसरी तिमाही में यात्री वाहनों, जिसमें कार, उपयोगी वाहन और वैन शामिल होते हैं, की बिक्री सालाना आधार पर 1.5 फीसदी घटकर 10,39,200 इकाई रह गई। इसमें कारों की बिक्री जहां स्थिर रही है, वहीं उपयोगी वाहनों की बिक्री 2.1 प्रतिशत और वैन की बिक्री 3.8 प्रतिशत घटी है। तिमाही के दौरान वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 8.3 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री 9.8 फीसदी और दुपहिया की 7.4 फीसदी बढ़ी है। सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने तिमाही के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में हाल में किए गए बदलवा न सिर्फ भारतीय वाहन उद्योग को अगले स्तर पर ले जाएंगे, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था की गति बढ़ाने में मददगार होंगे। हालांकि जीएसटी 2.0 की नई दरें 22 सितम्बर से (महीने में सिर्फ नौ दिन के लिए) प्रभावी हुईं, यात्री वाहनों, दुपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री ने सितम्बर के अबतक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

# पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र में सहयोग मजबूत करेंगे भारत-सऊदी अरब

**नई दिल्ली।** भारत और सऊदी अरब ने द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने, निवेश को बढ़ावा देने तथा रसायन एवं पेट्रो रसायन क्षेत्र में सहयोग के नए क्षेत्रों को तलाशने पर गहन चर्चा की है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार सऊदी अरब के उद्योग एवं खनिज उप मंत्री इंजीनियर खलील बिन इब्राहिम बिन सलामाह के नेतृत्व में भारत के दौरे पर आए वहां के प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई इस बैठक में भारत का नेतृत्व रसायन एवं पेट्रो-रसायन विभाग की सचिव सुश्री निवेदिता शुक्ला वर्मा ने किया। दोनों देशों के बीच इस क्षेत्र में सालाना करीब 4.5 अरब डॉलर का कारोबार होता है। दोनों पक्षों ने माना कि रसायन और पेट्रोरसायन क्षेत्र में दोनों देश एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं। पेट्रोरसायन उद्योग में सऊदी अरब महत्वपूर्ण क्षमता रखता है, वहीं भारत विशिष्ट रसायनों के क्षेत्र में अपनी क्षमता के लिए जाना जाता है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे की क्षमता के बीच सामंजस्य का लाभ उठाने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जतायी। बातचीत में भारत के पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोके. मिकल निवेश क्षेत्रों (पीसीपीआईआर) में सऊदी अरब के निवेश तथा रसायन और पेट्रोकेमिकल्स की मूल्य श्रृंखला में दोनों देशों की कंपनियों के बीच सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर भी चर्चा की गई। दोनों पक्ष इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास तथा कौशल विकास को लेकर भी सहयोग करने पर सहमत हुए हैं। दोनों ओर से पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र में एक स्थायी और पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी बनाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि भी की गयी और कहा गया कि इससे भारत और सऊदी अरब के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंध और दृढ़ होंगे। सऊदी अरब भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और भारत सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा व्यापा. रिक साझेदार है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2024-25 में 41.88

# दीपोत्सव पर दिखेगा हुनर और स्वदेशी का संगम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** इस दीपावली, उप्र के घर-घर में न केवल मिटी के दीए जलेंगे, बल्कि दिव्यांगजन के हुनर और आत्मनिर्भरता की चमक भी समाज को रोशन करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी मंडलों में 16-17 अक्टूबर को 'दिव्य दीपावली मेला-2025' का आयोजन होगा, जिसमें दिव्यांगजन द्वारा निर्मित उत्पादों की भव्य प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।

सरकार की यह पहल न केवल 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के मंत्र को साकार करने से साथ-साथ दिव्यांगजन को आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सम्मान का नया मंच भी प्रदान करेगी। मिटी के दीपकों से लेकर कृत्रिम आभूषण और खाद्य सामग्री तक, इन प्रदर्शनियों में दिव्यांगजन का कौशल दीपोत्सव की रौनक को दोगुना करेगा। योगी सरकार दिव्यांगजनों के न केवल आर्थिक विकास पर ध्यान दे रही है, बल्कि सामाजिक समावेशिता को भी प्राथमिकता देती है। इस दीपावली, जब घर-घर दीए जलेंगे, तो दिव्यांगजन के हुनर की रोशनी पूरे प्रदेश को नई दिशा देगी। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित इस मेले में हस्तनिर्मित मिट्टी के दीपक, आकर्षक मोमबत्तियां, कृत्रिम आभूषण, हथकरघा उत्पाद, घरेलू सजावटी सामान, पूजा सामग्री, आचार, मुरब्बा, मसाले और अन्य खाद्य सामग्री प्रदर्शित होंगी। ये उत्पाद विभिन्न दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्रों, स्वयं सहायता समूहों और एनजीओ के सहयोग से तैयार किए गए हैं। प्रदेश सरकार ने सभी मंडल मुख्यालयों में प्रदर्शनियों के लिए उचित स्थान चिह्नित करने और व्यापक प्रचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही दिव्यांगजन के उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से जोड़ा जाएगा, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच सकें। यह पहल 'वोकल फॉर लोकल' के साथ दीपोत्सव को स्वदेशी रंग देने का प्रयास है। गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, मेरठ जैसे मंडलों में मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बस्ती, अलीगढ़, वाराणसी, झांसी, प्रयागराज, बरेली आदि में भी मेले का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि अधिक से अधिक लोग इन प्रदर्शनियों में शामिल हों और स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं। यह आयोजन दीपावली की रौनक को बढ़ाने के साथ-साथ समाज में संवेदनशीलता का संदेश देगा।

# दीपोत्सव-2025 में दो दिन होगा ड्रोन और लेजर शोर

लखनऊ, वार्ता

**■ 18 व 19 अक्टूबर को आयोजित करने का निर्णय लिया**

प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में आयोजित दीपोत्सव- 2025 में आस्था, संस्कृति और आधुनिक तकनीक का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। राम की पैड़ी सहित 56 घाटों पर जलने वाले 26 लाख दीयों की आभा जहां भक्ति और उल्लास का प्रतीक बनेगी, वहीं कोरियोग्राफ्ड म्यूजिकल ड्रोन शो और 3-डी होलोग्राफिक म्यूजिकल लेजर शो श्रद्धालुओं को अनूठा अनुभव देंगे।

पर्यटन विभाग ने श्रद्धालुओं के उत्साह को ध्यान में रखते हुए ड्रोन शो और लेजर शो प्रस्तुतियों को आमजन के लिए दो दिन 18 व 19 अक्टूबर को आयोजित करने का निर्णय लिया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'दीपोत्सव-2025 में कोरियोग्राफ्ड म्यूजिकल ड्रोन शो और 3-डी होलोग्राफिक म्यूजिकल लेजर शो को लेकर दर्शकों में उत्साह है। स्वदेश निर्मित 1,100 ड्रोन आसमान में रामायण के विभिन्न प्रसंगों की झलकियां प्रस्तुत करेंगे। आकाश में अद्भुत कलाकृतियां उभरकर एक दिव्य दृश्य प्रस्तुत करेंगी। वहीं 3-डी होलोग्राफिक म्यूजिकल लेजर शो दर्शकों के सामने वास्तविक प्रतीत होने वाली छवियों के माध्यम से अनुभव को यादगार बनाएंगी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष आयोजित दीपोत्सव में पहली बार 500 ड्रोन के माध्यम से भव्य शो का आयोजन किया गया था, जो आमजन और विशिष्ट अतिथियों सभी के लिए अत्यंत रोमांचक अनुभव रहा। दीपोत्सव-2025 को और अधिक आकर्षक एवं भव्य बनाने के उद्देश्य से 1,100 ड्रोन के जरिए अद्भुत ड्रोन शो प्रस्तुत करने की योजना बनाई गई है। आम लोगों के अभूतपूर्व उत्साह को देखते हुए पर्यटन विभाग ने दीपोत्सव पूर्व 18 अक्टूबर को भी एक अतिरिक्त ड्रोन शो आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस प्रकार अयोध्या आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक अब दो दिन 18 व 19 अक्टूबर की शाम 7:30 बजे ड्रोन शो और लेजर शो का आनंद ले सकेंगे। सिंह ने बताया कि संगीत और रोशनी से सजे लेजर शो में प्रभु श्रीराम के जीवन और आदर्शों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से चित्रित किया जाएगा। वहीं 1,100 स्वदेशी ड्रोन रामायण के विभिन्न प्रसंगों को आकाश में प्रस्तुत करेगा, जिनमें 'जय श्रीराम', धनुषधारी श्री राम, संजीवनी पर्वत उठाए हनुमान, रामसेतु और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर जैसी मनमोहक आकृतियां शामिल होंगी। शो का समापन 'त्रेता युग से नव अयोध्या' की प्रतीकात्मक झांकी के साथ होगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अस्पताल की छत से छज्जे पर चढ़ा नशे में धुत बदमाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** संजय गांधी अस्पताल की छत पर नशे में धूत एक बदमाश के चढने से पुलिस के भी पसीने छूट गए। जिसको काफी मुश्किल से नीचे उतारा। पुलिस ने बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक आरोपी की पहचान निहाल विहार के रहने वाले राहुल मंडल (२५)के रूप में हुई। वह तीन चोरी और एक अवैध हथियार रखने के मामले में शामिल रहा है। परिवार में उसके माता पिता और भाई बहन है। उसकी मां लेबर का काम करती है।

पुलिस को सुबह करीब साढ़े ११ बजे राहुल के अस्पताल की छत के छज्जे पर चढने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस और दमकल की टीमें मौके पर पहुंची। छत पर जाकर उसको उतारने की कोशिश की। राहुल ने कूदने की धमकी दी। जिसके बाद पुलिस की भी हिम्मत नहीं हुई कि उसको जबरन उतारा जाए। उसको काफी समझाकर उतारा गया गया। वह कई दवाओं के नाम ले रहा था और इंजेक्शन मांग रहा था। उसके पूरे शरीर पर चोट के निशान थे।

अधिकारियों ने बताया कि वह बुरी तरह नशे में था, उसे नींद आ रही थी और उसे बहुत पसीना आ रहा था, जिससे बचाव अभियान मुश्किल हो गया क्योंकि अधिकारियों को डर था कि जब वे उसे छह मंजिला इमारत से नीचे खींचने की कोशिश करेंगे तो वह उनकी पकड़ से छूट सकता है। उसका अपने माता-पिता के साथ कुछ विवाद है।

वह संजय गांधी अस्पताल की छत से कूदने की धमकी दे रहा था। उसकोएक सेफ्टी बेल्ट लगाई और उसे नीचे उतारा। राहुल के पिता, शंकर मंडल ने कहा, वह नशे का आदी है। वह शनिवार को घर से मेरी बाइक ले गया और हमें पता ही नहीं चला कि वह कहाँ है। मैंने अपने इलाज के लिए कुछ पैसे रखे थे, लेकिन वह वह भी ले गया। पुलिस ने हमें इस घटना की सूचना दी और हमें घर से यहाँ ले आई।

उन्होंने कहा कि किसी भी पुलिस अधिकारी ने राहुल की पिटाई नहीं की। उनके पिता ने कहा, जब मैं उन्हें पैसे नहीं देता, तो वह मुझे भी पीटते हैं और मुझ पर तरह-तरह के आरोप लगाते हैं। हमने उन्हें एक नशा मुक्ति केंद्र में भी भर्ती कराया था। उनकी शादी नहीं हुई है। हम उत्तराखंड के उधमपुर के रहने वाले हैं।

संजय गांधी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक मृत्युंजय सिंह ने बताया कि राहुल कथित तौर पर सुबह करीब ४ बजे ताला तोडकर अस्पताल में घुसा और ऊपर चला गया। इस घटना से मरीजों, आगंतुकों और कर्मचारियों में दहशत फैल गई और अस्पताल परिसर के बाहर बड़ी संख्या में दर्शक इकट्ठा हो गए, जो चिंता से देख रहे थे।

'दमकलकर्मियों ने बताया कि उसको बचाने के लिये नीचे एक सुरक्षा जाल और गद्दे बिछाए ताकि हमारी पुलिस टीम, अग्निशमन दल और निजी सुरक्षा गार्ड, खासकर अस्पताल के गार्ड, इसका इस्तेमाल सहायता प्रणाली के रूप में कर सकें। वह भागने की पूरी कोशिश कर रहा था और कूदना चाहता था। उन्होंने कहा, उसने हमें चुनौती दी कि अगर हम एक तरफ जाल लगाएँगे, तो वह दूसरी तरफ कूद जाएगा। यह हमारे लिए बहुत ही चुनौतीपूर्ण स्थिति थी। सौभाग्य से, हमने उसे सुरक्षित बचा लिया।

## दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली की वाहन चोरी निरोधक दस्ता ने वाहन चोरी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से मास्टर (नकली) चाबियों का इस्तेमाल कर महंगी गाड़ियां चुराने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है।पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने आज बताया कि एएटीएस की टीम लगातार संगठित वाहन चोरों पर नजर रख रही थी। २६ सितंबर को विशेष सूचना के आधार पर, टीम ने सतीश (३७) और मनोज (३६), जोकि बुध विहार, दिल्ली के निवासी है को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में मुख्य आरोपी सतीश ने अपने अंतर्राज्यीय रैकेट का खुलासा किया। वह एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ पहले से ही २६ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें गैंगस्टर एक्ट, हत्या के प्रयास और चोरी शामिल हैं।

# दीपावली पर दिल्ली होगी जगमग मुख्यमंत्री ने जारी किए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर दिल्ली सरकार ने दीपावली पर्व के मद्देनजर राजधानी को स्वच्छ, सुरक्षित और जगमग बनाने के लिए सभी विभागों को विशेष तैयारी के आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में सभी संबंधित विभागाध्यक्षों और निकाय अधिकारियों को विस्तृत दिशा- निर्देश जारी किए हैं, ताकि दीपावली के दौरान नागरिकों को सुगम यातायात, स्वच्छ वातावरण और उत्सवी माहौल का अनुभव मिल सके। दीपावली पर्व लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि यह पर्व उजास, वैभव और खुशियों का पर्व है। दीपावली केवल दीपों का त्योहार नहीं, बल्कि स्वच्छता, अनुशासन और सामूहिक सहयोग का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि इस दीपावली पर दिल्ली जगमगाए, उजास से भरी दिखे और स्वच्छ रहे। सभी विभाग मिलकर यह सुनिश्चित करें कि नागरिकों को सुविधाजनक, सुरक्षित और उल्लास मय वातावरण मिले। मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता से भी अपील की कि वे स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करें, सफाई बनाए रखें और दीपावली को पर्यावरण-संवेदनशील उत्सव के रूप में मनाएं।

इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने दिल्ली सरकार के मुख्य सचित श्री राजीव वर्मा को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश जारी किए हैं और कहा है कि आगामी पर्वों के दौरान सार्वजनिक भागीदारी और सामुदायिक आयोजन बड़े पैमाने पर होंगे। इसलिए सभी विभागों और एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रबंधन सुचारु रहे और नागरिकों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के इस आशय के निर्देश मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने सभी विभागाध्यक्षों को अलग-अलग दिशा-निर्देश जारी किए हैं और दीपावली के पर्व पर दिल्ली में सभी व्यवस्था चाक-चौबंद रखने का आदेश जारी किया है। मुख्य सचिव ने सभी स्थानीय निकायों, विद्युत विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्राधिकार में सभी सड़कों, बाजारों, कॉलोनियों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थलों की स्ट्रीट लाइटों की कार्यशीलता सुनिश्चित करें। किसी भी खराब लाइट की तुरंत मरम्मत की जाए।

# जीटीबी अस्पताल में 173 नर्सों के तबादले के विरोध में धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बुधवार को जीटीबी अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ ने धरने पर बैठकर नर्सो के तबादले को लेकर नाराजगी जताई,हालांकि अस्पताल प्रशासन से हुई बातचीत के बाद धरना खत्म कर दिया।

अभी हाल ही में जीटीबी से १७३ नर्सो का तबादला बुराड़ी सरक. ारी अस्पताल में तबादला किया गया है स जिसके चलते बुधवार को गेट न-३, के पास अस्पताल बिल्डिंग की वीआईपी एंट्री के सामने सैकड़ो नर्सो ने धरना देकर विरोध दर्शाया स नर्सेज एसोसिएशन ने शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के सैकेट्री और महासचिव गीतेश पांड्या के नेतृत्व में नर्सिंग अधिकारियों ने १७३ नियमित नर्सों के बुराड़ी अस्पताल में "वेतन भुगतान के उद्देश्य" से किए गए तबादले का विरोध जताया।

धरने के दौरान नर्सों ने कहा कि अभी जीटीबी में ३९९ नर्सों की नियुक्ति हुई है जिनमे से १७३ को बुराड़ी अस्पताल भेजा जा सकता था स यह आदेश व्यावहारिक नहीं है और इससे अस्पताल की सेवाओं पर असर पड़ सकता है।

एसोसिएशन का कहना है कि नर्सें जीटीबी अस्पताल में ही अपनी सेवाएं दे रही हैं, जबकि उनकी फाइलें और वेतन प्रक्रिया बुराड़ी अस्पताल से जोड़ी जा रही है। इस निर्णय से प्रशासनिक जटिलता और मानसिक दबाव दोनों बढ़े हैं। अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने कहा, हम मरीजों के साथ हैं, लेकिन यह व्यवस्था हमारे लिए बोझ बन गई है। उन्होंने बताया कि तबादला सूची में शामिल करीब ५० फीसदी नर्सें सेवानिवृत्ति के करीब हैं।

इस आदेश के बाद अब उन्हें लगभग हर प्रशासनिक कार्य के लिए २० किलोमीटर दूर बुराड़ी जाना होगा। उम्र के इस पड़ाव में उन्हे अब अपने कामों के लिए धक्के खाने पड़ेंगे। सुरक्षा को दृष्टि से धरना स्थल पर जीटीबी एन्क्लेव थाना पुलिस की टीम भी मौजूद रही, टीम ने कार्यक्रम के दौरान स्थिति पर नजर बनाए रखी।



जीटीबी अस्पताल में नर्सों के तबादले के विरोध में धरना देते नर्सिंग स्टाफ

## एक नजर

### प्रदर्शनी में सजी भारत की बुनाई विरासत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डिजाइन केंद्र, विकास आयुक्त (हथकरघा), वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से जनपथ स्थित हैंडलूम हाट में स्पेशल हैंडलूम एक्सपो: ष्सूत्रों का सफर की शुरुआत हो गई है। यह प्रदर्शनी १६ अक्टूबर २०२५ तक चलेगी, जिसमें भारत के पारंपरिक हथकरघा की समृद्ध विरासत की झलक देखने को मिलेगी। हर दिन सुबह ११ बजे से रात ८ बजे तक चलने वाले इस सात दिवसीय आयोजन में देशभर के ७५ बुनकर, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) और सहकारी समितियाँ अपने-अपने क्षेत्र की पारंपरिक वस्त्र कला प्रदर्शित कर रही हैं। यहाँ आने वाले लोग न सिर्फ हथकरघा उत्पाद खरीद सकेंगे, बल्कि बुनाई और डिजाइनिंग की बारीकियाँ भी करीब से देख सकते हैं। इस एक्सपो का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक भारतीय हथकरघा को बढ़ावा देना और बुनकरों तथा उत्पादकों को राष्ट्रीय और अंत. रराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ना है। इस मंच के माध्यम से प्रतिभागी खरीदारों, निर्यातकों और थोक विक्रेताओं से सीधे जुड़ सकेंगे, जिससे उनके हस्तनिर्मित उत्पादों को अधिक पहचान और बाजार उपलब्ध होगा।

### आईआईएसएसएम का वार्षिक समागम 12 से

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी एंड सेफ्टी मैनेजमेंट (आईआईएसएसएम) का तीन दिवसीय वार्षिक समागम १२ से १४ नवंबर तक गोवा में किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि गोवा के मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत होंगे। समारोह की अध्यक्षता भारत सरकार के नवीन और नवकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपद एस्सो नाईक करेंगे। समारोह में देश-विदेश के कई विषय विशेषज्ञ शामिल होंगे। यह जानकारी आईआईएसएसएम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और जानेमाने आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ प्रो. संतोष कुमार ने दी है। प्रो. संतोष ने बताया कि समागम का विषय 'राष्ट्रीय सुरक्षा ख्र लचीलेपन के लिए जोखिम' रखा गया है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन पर तीन दिनों तक विस्तार से चर्चा की जाएगी। प्रो. संतोष कुमार ने बताया कि यह आयोजन आईआईएसएसएम की ३५ वर्षगांठ पर किया जा रहा है।

### कलाकारों ने साझा की दिवाली से जुड़ी अपनी यादें

**नई दिल्ली।** दिवाली, रोशनी का त्योहार, अपने साथ लेकर आती है सुंदर यादें, रस्में और पारिवारिक परंपराओं की सुकून भरी गर्माहट। यह वह समय है जब घर दीपों से जगमगाते हैं, दिल कृतज्ञता से भर जाते हैं और वातावरण में मिठाइयों की खुशबू और नए आरंभ की उमंग घुल जाती है। यह पर्व पीढ़ियों को जोड़ता है-हँसी, प्रार्थना और अनमोल परंपराओं के सहारे परिवारों को एक सूत्र में बाँधता है। इस साल, सोनी सब के लोकप्रिय कलाकार-श्रेनु पारिख, गरिमा परिहार, समृद्ध बावा, नेहा एस.के. मेहता और ऋषि सक्सेना ने अपनी दिवाली की प्यारी यादें साझा कीं, बचपन की रस्मों से लेकर परिवार संग आज तक बिताए खास पलों तक, जो इस उत्सव को बेहद खास बनाती हैं। गाथा शिव परिवार की गणेश कार्तिकेय में माता पार्वती का किरदार निभा रहीं श्रेनु पारिख ने कहा, मेरे लिए दिवाली हमेशा एकजुटता और परंपरा का प्रतीक रही है। मुझे आज भी याद है दादा-दादी के घर दिवाली मनाना, मेरे मामा तरह-तरह के पटाखे लाते थे, बा स्वादिष्ट मिठाइयाँ बनाती थीं जैसे मगज, घुघरा और बूंदी, और पूरा मोहल्ला खुशियों से जगमगाता था।

### एनडीएमसी क्षेत्र में फिर से सुचारु किए जाएंगे सबवे व फुटओवर ब्रिज के एस्केलेटर: कुलजीत सिंह चहल

**नई दिल्ली।** नागरिकों की सुविधा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने निर्णय लिया है कि उसके अधिकार क्षेत्र में स्थित सभी एस्केलेटरों को शीघ्र ही सुचारु किया जाएगा। यह जानकारी नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष श्री कुलजीत सिंह चहल ने दी और बताया कि परिषद इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। चहल ने बताया कि एनडीएमसी क्षेत्र के प्रमुख सबवे में कुल २२ एस्केलेटर लगाए गए हैं, जिनमें से १३ एस्केलेटर इस समय चालू हैं। २ एस्केलेटर में छोटे-मोटे तकनीकी खराबियाँ हैं, जबकि ७ एस्केलेटर काफी समय से तकनीकी समस्याओं और सुरक्षा कारणों की वजह से बंद हैं। एनडीएमसी अब एक कार्य योजना के तहत इन सभी बंद एस्केलेटरों की मरम्मत और फिर से चालू करने का काम कर रही है ताकि लोगों को अधिकतम सुविधा मिल सके।इसके अलावा, चहल ने बताया कि एनडीएमसी क्षेत्र में ४ फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) पर भी एस्केलेटर लगाए गए हैं, जो डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल और मदर टेरेसा क्रिसेंट के पास स्थित हैं।इनमें से २ एस्केलेटर ख्र एक डॉ. राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल के पास और दूसरा मदर टेरेसा क्रिसेंट के पास ख्र कुछ समय से तकनीकी कारणों से बंद हैं। एनडीएमसी अब इन दोनों स्थानों पर मरम्मत का कार्य कर रही है और इन्हें तय समय के अंदर आम जनता के लिए फिर से शुरू किया जाएगा। आरएमएल अस्पताल के पास एस्केलेटर नवंबर २०२५ के अंत तक चालू हो जाएगा।

## कृष्ण लाल मल्होत्रा का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** समाजसेवी एवं कोरोना योद्धा चारणजीव मल्होत्रा के पिता श्री कृष्ण लाल मल्होत्रा का 5 अक्टूबर को स्वर्गवास हो गया। उनके निधन से समाज में गहरा शोक व्याप्त है। परिवार की ओर से जारी सूचना के अनुसार, उनकी आत्मिक शांति हेतु 17 अक्टूबर को दिल्ली के करोल बाग स्थित अजमालखा पार्क में श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। चारणजीव मल्होत्रा ने बताया कि उनके पिता जी के जीवन के संस्कार और सेवा भाव ने सदैव उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि "पिता जी ने हमें सिखाया कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उनका जीवन सादगी, समर्पण और समाजर्. हत के कार्यों के लिए समर्पित रहा।

# डॉ.अब्दुल कलाम की जयंती पर लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**नई दिल्ली।** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर राजधानी दिल्ली के अबू फजल एन्क्लेव, ओखला क्षेत्र में फेस इस्लामिक कल्चरल कम्युनिटी इंटीग्रेशन (फिक्की) द्वारा एक विशाल नि:शुल्क नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडवोकेट फिरोज अहमद अंसारी, जो कि ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस-ए-मुशावरत के अध्यक्ष हैं, ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी हाजी बाबू कुरैशी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में निगम पार्षद अरीबा खघन, अंतरराष्ट्रीय शायरा डॉ. अना देहलवी, प्रसिद्ध कवि खघलिद आजमी, और डॉ. इदरीस कुरैशी (दिल्ली मुस्लिम मजलिस-ए-मुशावरत), ऑल इंडिया एजुकेशन मुमेंट के सचिव डॉ० मौहम्मद इलयास, एल आई सी की डवलपमेंट ऑफिसर किरण कोहली उपस्थित रहे। आयोजन की अगुवाई डॉ. मुश्ताक अंसारी (चेयरमैन, फिक्की), डॉ० बिलाल अंसारी (प्रबंधक फेस ग्रुप) और शबाना अजीम (फाइनेंस डायरेक्टर, फिक्की) ने की। शिविर में आंखों की जांच के साथ-साथ ब्लड प्रेशर, शुगर, हड्डी-जोड़ों का दर्द, सर्दी-जुकाम, एलर्जी, बाल रोग, स्त्री रोग, मोटापा, कमजोरी, पाचन तंत्र की समस्या, गैस, स्किन रोग और बालों की समस्या जैसी बीमारियों की जांच एवं परामर्श प्रदान किया गया। लोगों की सुविधा के लिए मुफ्त दवाइयां और चश्मे भी वितरित किए गए।

# रोशनी से चमके हमारे शहर का आकाश : खंडेलवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ग्रीन पटाखों को लेकर आए फैसले पर चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि मैं दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने दिवाली उत्सव के दौरान प्रमाणित ग्रीन पटाखों के उपयोग की अनुमति हेतु सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर एक सराहनीय, सक्रिय एवं संतुलित कदम उठाया है। उनका यह निर्णय हमारे त्यौहारों से जुड़े सांस्कृतिक भावों और पर्यावरण की सुरक्षा, दोनों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण को दर्शाता है। अब जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने १८ से २१ अक्टूबर तक दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों की बिक्री और उपयोग की अनुमति प्रदान की है, यह हम सभी दिल्लीवासियों की जिम्मेदारी है कि हम इस दिवाली को जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ मनाएँ। हमें सुनिश्चित करना होगा कि हमारे शहर का आकाश उल्लास और रोशनी से चमके, न कि प्रदूषण और लापरवाही से धुँधला हो।

मैं दिल्ली के प्रत्येक नागरिक से अपील करता हूँ कि वे सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पूर्ण पालन करें ख्र केवल प्रमाणित ग्रीन पटाखे ही जलाएँ, निर्धारित समय और स्थानों का पालन करें, और संयम एवं सावधानी बरतें। यह हमारे लिए एक अवसर है यह दिखाने का कि हम अपनी परंपराओं का उत्सव प्रकृति के साथ तालमेल और जिम्मेदारी के साथ मना सकते हैं।

# मांगों को लेकर दिया जंतर-मंतर पर धरना



**नई दिल्ली।** एसोसिएशन के सभी वक्ताओं ने कहा कि भारतीय रेलवे में लगभग ३ लाख से अधिक ट्रैकमेन्टेनर अपना योगदान दे रहा है वह सेना के जवानो की तरह सदी, गर्मी बरसात, घना कोहरा अंधेरे जंगलों में मौसम के विपरित परिस्थिति में रेलवे को सुरक्षित संच. ालन में अपना योगदान देते है अगर इतनी कठिन परिस्थिति में कार्य करने के बावजूद भी ट्रैकमेन्टेनर को रेल विभाग से योग्यता के अनुसार पदौन्नति के अवसर नहीं मिल पा रहे है। भारत में प्रति ट्रैकमेन्टेनर से अधिक रनओवर हो रहे है। यह आंकड़ा भारतीय सेना में शहीदों से अधिक है एलडीसी को लेकर २९ नवम्बर 2024 में आपके आदेश से कमेटी का गहन किया गया है।एक साल होने पर भी कमेटी का निर्णय नहीं आया जबकि कमेटी को आठ महीने में प्रस्तुत करना था

## मुंडेश्वरी मंदिर पहुंचेंगे ऋषभ शेट्टी

**नई दिल्ली।** ऋषभ शेट्टी और होम्बाले फिल्म्स की कांतारा: चैप्टर 1 आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है, और पहले दिन से ही सफलता के नए स्टैंडर्ड सेट कर रही है। पूरे देश में शानदार रिव्यू मिलने के बाद, यह फिल्म दर्शकों और आलोचकों दोनों के दिलों को जीत रही है। पहले से ही साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही कांतारा: चैप्टर 1 लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। ऐसे में अब, खबर आई है कि फिल्म के डायरेक्टर और लीड एक्टर ऋषभ शेट्टी अपनी फिल्म की सफलता के लिए बिहार के कैमूर जिले के रामगढ़ गांव में एक पहाड़ी पर स्थित मुंडेश्वरी मंदिर में फिल्म की सफलता के लिए धन्यवाद अर्पित करने के लिए जाने वाले हैं। 'कांतारा चैप्टर 1' की जबरदस्त सफलता के बाद अब ऋषभ शेट्टी फिल्म के प्रमा. ेशन के लिए मुंडेश्वरी मंदिर, बिहार में पहुंचने वाले हैं।

# बोनस जारी कर निगम ने कर्मचारियों को दिया दिवाली का तोहफा: मेयर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मेयर, सरदार राजा इकबाल सिंह ने आज घोषणा की कि इस वर्ष दिल्ली नगर निगम ने अपने कर्मचारियों को दिवाली के शुभ अवसर पर वित्तीय वर्ष २०२४-२५ का बोनस समय से पहले जारी कर खुश कर दिया है।

अब तक कुल ४८.७० करोड़ की राशि निगम मुख्यालय, जोनल कार्यालयों और अस्पतालों के कर्मचारियों को सफलतापूर्वक वितरित की जा चुकी है। यह समय से पूर्व बोनस वितरण निगम की कर्मचारी कल्याण प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।मेयर सरदार राजा इकबाल सिंह ने डिजिटलाइजेशन की ओर बढ़ते इस प्रगतिशील कदम को रेखांकित करते हुए बताया कि दिल्ली नगर निगम के इतिहास में पहली बार वित्त विभाग ने ऑनलाइन बोनस बिल जनरेशन और भुगतान प्रणाली को अपने पे मॉड्यूल के माध्यम से लागू किया है। इस नवाचार ने बोनस भुगतान की प्रक्रिया को तेज, सुगम और पारदर्शी बनाया है।



मेयर ने कहा कि इस नए वित्तीय मॉड्यूल के जरिए बोनस भुगतान समय पर क्रेडिट हुआ हैं, जिससे कर्मचारियों को उनका दिवाली उपहार सही समय पर प्राप्त हुआ है। इस मॉड्यूल में ड्रॉइंग और डिस्बर्सिंग अधिकारियों को न केवल वर्तमान कर्मचारियों के लिए बल्कि नियमों के अनुसार सेवानिवृत्त, पुन: नियुक्त और दिवंगत कर्मचारियों के लिए भी बोनस बिल तैयार करने की सुविधा प्राप्त है। इस मॉड्यूल से बिल प्रक्रिया सरल और तीव्र हो गई है। साथ ही, बिलों की आसानी से पुन: प्राप्ति और रिकॉर्ड रखरखाव प्रशास. निक दक्षता को बढ़ावा देता है। मेयर सरदार राजा इकबाल सिंह ने वित्त विभाग को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी और बेहतर शासन व कर्मचारी संतुष्टि के लिए तकनीक के उपयोग के प्रति निगम की प्रतिबद्धता को पुन: दोहराया।

# जम जम फाउन्डेशन ने लगाया आत्मनिर्भर भारत स्टॉल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जम-जम फाउन्डेशन के द्वारा मल्का गंज क्षेत्र में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र पर टाटा पावर डीडीएल के सहयोग से एक आत्मनिर्भर भारत स्टॉल लगाया गया जिसमें त्यौहारों के मौके पर सस्ते दामों पर एलईडी ट्यूबलाइटें व बल्ब आदि बेचें गए इसके अलावा स्थानीय लोगों को सोलर पैनल लगाने के लिए भी प्रेरित किया गया



टाटा पॉवर डीडीएल से कस्टमर रिलेशन्स एग्जीक्यूटिव यशिका मित्तल और श्वेता कुमारी ने लोगों को बताया कि सरकार पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लोगों को अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी दे रही है तथा इस योजना के जरिए सोलर पैनल लगवाने के लिए बैंक लोन भी दे रहें है जिससे लोगों को आसानी होगी तथा सोलर पैनल का रजिस्ट्रेशन भी नि:शुल्क किया जा रहा है इस अवसर पर जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान, उपाध्यक्ष ममता आनन्द, दीपक चौपडा, चन्दन गिरी गोस्वामी, कोषाध्यक्ष जहीर आलम, सहित एडवोकेट अमित आनन्द, दिनेश सोनकर, नीलू सोनकर, मानसी सिंह, अर्जुन चौपडा, व मनोज कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

## इंडियन आइडल में उदित नारायण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सिंगिंग रियलिटी शो, इंडियन आइडल, अपने नए सीजन के साथ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर लौट रहा है। इस बार शो का दिल को छूने वाले थीम ष्यादों की प्लेलिस्टष यादों और संगीत की लहर लेकर आया है।

ऐसे में, अब जाने माने सिंगर उदित नारायण ने इंडियन आइडल के नए सीजन में चौथे जज के रूप में जुड़ने की अटकलों पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। 'उदित नारायण ने साझा किया', "मुझे मेरे लिए मिल रहे सभी प्यार से सच में बहुत खुशी हो रही है, और यह जानकर अच्छा लग रहा है कि लोग मुझे इंडियन आइडल के जज पैनल पर देखने के लिए उत्साहित हैं। लेकिन मैं साफ करना चाहता हूँ, इस सीजन में मैं कुछ बिल्कुल अलग करने की कोशिश कर रहा हूँ।

# इंडिया एनर्जी ट्रांजिशन फंड के साथ साझेदारी की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**नई दिल्ली।** यूरोपीय निवेश बैंक की विकास शाखा, ईआईबी ग्लोबल, भारत एनर्जी ट्रांजिशन फंड में 60 मिलियन डॉलर तक का निवेश कर रही है।

यह एक नया ग्रीनफील्ड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड है, जो स्थिर इंफ्रास्ट्रक्चर में निजी पूंजी के निवेश को तेज करेगा और भारत में पहले भारतीय फंड मैनेजर द्वारा प्रबंधित एनर्जी ट्रांजिशन फंड में निवेश के जरिए देश के डिकार्बोनाइजेशन प्रयासों को सहयोग प्रदान करेगा। यह घोषणा आज नई दिल्ली में ईआईबी की उपाध्यक्ष, निकोला बीयर और ईएए अल्टरनेटिव्स के सीईओ, सुबाहू चोरडिया द्वारा की गई। इस फंड का लक्ष्य 300 मिलियन डॉलर है और इसका उपयोग ग्रीनफील्ड इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं और बढ़ती हुई कंपनियों में इक्विटी और क्वाजी-इक्विटी के रूप में निवेश करने के लिए किया जाएगा। अधिकांश प्रतिबद्धताएं जलवायु परिवर्तन से निपटने और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए होंगी, जिनमें नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, ट्रांसमिशन, बैटरी एनर्जी स्टोरेज और इलेक्ट्रिक वाहनों में निवेश शामिल है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# वर्षों से रह रही महिला किरायेदार ने की लाखों की चोरी

**गाजियाबाद।** वेव सिटी थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस घटना में चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि चोरी किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि मकान में पिछले 10 वर्षों से रह रही महिला किरायेदार ने ही की थी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम हेमा है, जो पिछले एक दशक से वेव सिटी क्षेत्र में एक मकान में किराए पर रह रही थी।




मकान मालिक को उस पर पूरा भरोसा था, लेकिन हेमा ने उसी भरोसे का गलत फायदा उठाया। उसके पास घर की चाबियों का स्थान, कीमती सामान की जगह और मकान मालिक की दिनचर्या की पूरी जानकारी थी।

हेमा ने इसी जानकारी का इस्तेमाल करते हुए 13 अक्टूबर को चोरी की घटना को अंजाम दिया। वह मकान से सोने का हार, कई जोड़ी चांदी की पायलें, अंगूठियां, बिछुए और 1 लाख 60 हजार नकद चुरा ले गई। मकान मालिक को जब चोरी का पता चला तो वे स्तब्ध रह गए, क्योंकि उन्होंने कभी यह सोचा भी नहीं था कि उनका वर्षों पुराना किरायेदार ही ऐसा विश्वासघात करेगा।

इस मामले में एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि चोरी की घटना में जो बात सबसे चिंता. जनक है वह यह कि मकान मालिक द्वारा किरायेदार का कोई पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया गया था।

इस वजह से आरोपी को आसानी से वारदात को अंजाम देने का मौका मिला। एसीपी प्रियाश्री पाल ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को किराए पर रखने या घरेलू सहायक नियुक्त करने से पहले उसका पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य कराएं, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# सांसद खेल महोत्सव में अधिकतम खिलाड़ी करें प्रतिभाग: अभिनव गोपाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अभिनव गोपाल, आई०ए०एस० मुख्य विकास अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त पत्र में सांसद अतुल गर्ग द्वारा प्रेषित पत्र के संदर्भ में अवगत कराया है कि आगामी श्सांसद खेल महोत्सवश का आयोजन दिनांक 26-10-2025 को खेतान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (डीएवी पब्लिक स्कूल के निकट, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद) में किया जाना प्रस्तावित है। उक्त महोत्सव में जनपद के युवाओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद के समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं खेल संस्थानों को आवश्यक दिशा-निर्देश तत्काल जारी करते हुए पंजीकरण हेतु प्रोत्साहित किया जाना है। पंजीकरण हेतु अधिकृत लिंक है- https://sansadkhelmahotsav.in/ पर आवेदन करें

# भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गोयल ने दी गो रक्षा दल के जिला अध्यक्ष गुलशन राजपूत के खिलाफ तहरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष ने राजनीति साजिश व राजनीतिक छवि धूमिल करने के उद्देश्य से राजनीतिक षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए गुलशन राजपूत के खिलाफ थाना प्रभारी अंकित चौहान को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गोयल ने तहरीर में लिखा कि 12 अक्टूबर को आवास से पार्टी के कार्यक्रम मे जा रहा था एक व्यक्ति जिसका नाम गुलशन राजपूत है। वह मुझसे राजनितिक द्वेष रखता है। इसी की वजह से राजनितिक छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से राजनितिक षड्यंत्र रचता रहता है। 12 अक्टूबर को जैसे ही मेरी गाडी आवास से निकली तो उसने गाडी जाने के बाद उसने षड्यंत्र के तहत मरा हुध्आ कुत्ता कही से लाकर रास्ते में डाल दिया। जिससे प्रार्थी के खिलाफ कार्यवाही हो सके। वह व्यक्ति लोगो को झूठे षड्यंत्र में फंसा कर लोगो से उगाही करता है। गुलशन राजपूत का कहना है कि कुत्ते के मामले में पर पास पर्याप्त सबूत व वीडियो है। भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गोयल के लगाए आरोप निराधार है।

# मिशन 2027, मजबूत हो रहा है कुनबा




**गाजियाबाद।** समाजवादी सदर विधानसभा अध्यक्ष शाहनवाज खान ने जिला अध्यक्ष एडवोकेट फैसल हुसैन की अध्यक्षता में अपनी 21 सदस्यीय विधानसभा कमेटी की घोषणा की। कार्यक्रम में मौजूद पार्टी नेताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी निभाने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। घोषित कमेटी में महासर्चि. चव के रूप में अशोक यादव (सिद्धार्थ विहार बागू) को जिम्मेदारी सौंपी गई। उपाध्यक्ष पद पर बॉबी सिंह जाटव, मो. हसिन एडवोकेट और कपिल सिंघल को नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी वकील अहमद को दी गई। सचिव पद के लिए ऋषि यादव, सद्दाम चौधरी (चमन कॉलोनी), कपिल शर्मा (कंचन कम्पाउंड देवी मंदिर), जाकिर अली (हिंडन विहार), धर्मेंद्र यादव (छोटा कैला), सलीम चौहान (चरण सिंह कॉलोनी), मिलिंद वैभव गौतम (जटवाड़ा), नदीम खान (वीर अब्दुल हमीद कॉलोनी), मोहित कुमार (देव. रास भावरस) और अमित कुमार उर्फ हर्ष (पंचवटी) के नाम शामिल किए गए हैं। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विनोद कुमार (शिब्बनपुरा), असलम खान, अरबाज खान, संजू बसोर और सैय्यद शैमौन अली कादरी को शामिल किया गया है।घोषणा कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन सभी ने नवनियुक्त कमेटी को बधाई दी और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया।

# पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द से डॉ. आरपी चड्ढा व अर्पित चड्ढा ने की शिष्टाचार मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस भेंट का मुख्य उद्देश्य माननीय पूर्व राष्ट्रपति जी को दीपावली के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं प्रेषित करना था।

इस अवसर पर अर्पित चड्ढा ने उन्हें संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों से अवगत कराया एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं उज्जवल भविष्य हेतु उनके मार्गदर्शन की कामना की। राम नाथ कोविन्द ने आई.टी.एस -द एजुकेशन ग्रुप द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो की सराहना की तथा संस्थान को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। यह अवसर आई.टी.एस परिवार के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण रहा।



अर्पित चड्ढा ने बताया कि राम नाथ कोविन्द एक अत्यंत सरल, दूरदर्शी एवं समानता में विश्वास रखने वाले व्यक्तित्व है, जो समाज के प्रत्येक वर्ग को समान दृष्टिकोण से देखते है। अंत में अर्पित चड्ढा ने इस महत्वपूर्ण भेंट हेतु समय प्रदान करने के लिए राम नाथ कोविन्द का हार्दिक आभार व्यक्त किया।



**मोदीनगर। बागपत लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ सत्यपाल सिंह से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात कर क्षेत्र के विकास के मुद्दो पर चर्चा करते निवर्तमान सांसद प्रतिनिधि विनोद गोस्वामी।**

# ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने पुलिस पर लगाए मनमानी के आरोप



**गाजियाबाद।** लोहा मंडी क्षेत्र में खड़ी ट्रकों और मालवाहक वाहनों के चालानों को लेकर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और पुलिस आमने-सामने आ गए हैं। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन गाजियाबाद ने पुलिस पर अवैध चालान काटने और मनमानी के गंभीर आरोप लगाए हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष सौदान सिंह गुर्जर ने पुलिस आयुक्त को लिखित शिकायत सौंपते हुए त्वरित जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि रात 10 बजे से मध्यरात्रि तक सड़कों के किनारे खड़े वाहनों के चालान अनियमित तरीके से काटे जा रहे हैं। वाहन मालिकों का कहना है कि जो पुलिसकर्मियों को धनराशि दे देते हैं, उनके चालान नहीं किए जाते, जबकि ईमानदारी से काम करने वाले ट्रक मालिकों को बिना कारण चालान का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि यह समस्या पिछले दो-तीन महीनों से बढ़ी है, जबसे क्षेत्र में नए चौकी प्रभारी की तैनाती हुई है। वाहन मालिकों ने बताया कि शिकायत दर्ज कराने पर चौकी में उनसे "एन्ट्री फीस" और "लिस्ट शुल्क" जैसी अवैध वसूली की मांग की जाती है।

# जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र की पार्किंग बनी विवाद का केंद्र

**गाजियाबाद।** शहर का जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र इन दिनों किसी सामाजिक या सांस्कृतिक गतिविधि की वजह से नहीं, बल्कि पार्किंग विवाद के कारण सुर्खियों में है। शहर के बाजारों में बढ़ते जाम से राहत दिलाने के उद्देश्य से यहां अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था की गई थी, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। लेकिन अब यही पार्किंग राजनीति और विवाद का विषय बन गई है। दरअसल, शहर विधायक संजीव शर्मा ने पार्किंग को नि:शुल्क करने की पहल की थी। उन्होंने केन्द्र के अध्यक्ष राजेन्द्र मित्तल श्मेंदीवालेश को पत्र लिखकर शुल्क खत्म करने का अनुरोध किया, जिस पर अध्यक्ष ने तुरंत आदेश जारी भी कर दिए। इसके बावजूद, वहां कुछ तथाकथित समिति सदस्यों द्वारा पार्किंग शुल्क के नाम पर अवैध वसूली जारी रही। मामला तब और गंभीर हो गया जब पार्किंग स्थल पर लगाए गए साइन बोर्ड और बैनर-जो सुंदरता बढ़ाने और सुविधा दर्शाने के लिए लगाए गए थे-अचानक हटा दिए गए। इससे लोगों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। अध्यक्ष राजेन्द्र मित्तल ने इस अवैध वसूली की शिकायत सिहानी गेट थाने में दर्ज कराई और कुछ लोगों को नामजद भी किया, लेकिन जब पुलिस की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो सांसद अतुल गर्ग ने खुद दखल दिया। सांसद ने पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर अवैध उगाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस पार्किंग को जनता की सुविधा के लिए बनाया गया था, वह अब राजनीति और व्यक्तिगत स्वार्थों का मैदान बन चुकी है।



## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज (सी0 डि0 )**
**जनपद-गाजियाबाद**
**उपस्थित श्रीमति नेहा बनोधिया, पी.सी.एस.- जे**
**विविध वाद सं0- 22 सन् -2025**
**( कम्प्यूटर नं0 73 / 2025 )**

1- श्री पुनीत अग्रवाल आयु लगभग 59 वर्ष पुत्र स्व० श्री विनय कुमार अग्रवाल, निवासी के०एच० 5, कविनगर, गाजियाबाद। आधार कार्ड सं० 6686 5600 6865. 2. श्री विनीत अग्रवाल आयु लगभग 57 वर्ष पुत्र स्व० श्री विनय कुमार अग्रवाल, निवासी-13, यशोधन, दिनशाह बच्चा रोड, विपरीत सी सी आई क्लब, चर्च गेट, मुंबई मैरीन लाईन्स महाराष्ट्र द्वारा पुनीत अग्रवाल आयु लगभग 59 वर्ष पुत्र स्व० श्री विनय कुमार अग्रवाल, निवासी के० एच०-5, कविनगर, गाजियाबाद। मुख्तयारेआम आधार कार्ड सं० 8348 1649 9874. 3. श्री नवनीत अग्रवाल आयु लगभग 50 वर्ष पुत्र स्व० श्री विनय कुमार अग्रवाल स्थाई निवासी के एच 5 कविनगर, गाजियाबाद द्वारा पुनीत अग्रवाल आयु लगभग 59 वर्ष पुत्र स्व० श्री विनय कुमार अग्रवाल, निवासी के०एच०-5, कविनगर, गाजियाबाद। मुख्तयारेआम आधार कार्ड सं० 5350 9396 2540.

...प्रार्थीगण/वादीगण

**बनाम**

सुश्री रेखा अग्रवाल आयु लगभग 70 वर्ष पुत्र स्व० श्री वेदप्रक. ाश अग्रवाल निवासी-6 मालवीय मार्ग, मुंशीपाडा, बुलन्दशहर उ०प्र०।

...प्रतिवादी/विपक्षी

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमान जी, श्री पुनीत अग्रवाल, ने वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनराशि रूपया अंकन लगभग 2049377.66/- रूपये स्व० मीरा अग्रवाल के अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 17.10.2025 नियत की जाती है। अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसदे बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा।

आज दिनांक 05.03.2025 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया। मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण।

2049377.66/- रूपये

**आदेशानुसार**
**( चन्द्रबीर )**
**चन्द्रबीर**
**मुंसरिम**
**सिविल जज ( सी0डि0 ) गाजियाबाद।**

## श्री धार्मिक रामलीला समिति कविनगर से सम्बंधित शिकायत की जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद। नगर मजिस्ट्रेट ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि जिलाधिकारी के आदेश पत्र के अनुक्रम में डॉ. रमेश चन्द तोमर, पूर्व सांसद (लोक सभा-गाजियाबाद) भारतीय जनता पार्टी व आजीवन सदस्य धार्मिक रामलीला समिति कविनगर शिकायती पत्र जिसमें श्री धार्मिक रामलीला समिति (पंजी०) कविनगर गाजियाबाद में वर्तमान प्रबन्ध समिति के द्वारा वित्तीय अनियमितताऐं किये जाने सम्बन्धी शिकायत की जाँच अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित मुख्य कोषाधिकारी गाजियाबाद व डिप्टी रजिस्ट्रार, चिट्स एण्ड फण्ड, गाजियाबाद की संयुक्त समिति द्वारा की जा रही है। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत प्रकरण के संबंध में जो कोई व्यक्ति जानकारी रखता हो तो वह अपना लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य 25 अक्टूबर तक किसी भी कार्य दिवस में अधोस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष संख्या 105 स्थित भूतल कलेक्ट्रेट गाजियाबाद में प्रस्तुत कर सकता है।

## नगर पालिका परिषद मुरादनगर में हुआ महिला शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बुधवार को नगर पालिका परिषद मुरादनगर सभागार में एक कार्यक्रम महिला शक्ति सम्मान समारोह जिसमें श्री हंस इंटर कॉलेज की छात्रा हेमलता पारुल गोयल मैडम अधिशासी अधिकारी डॉक्टर शैलेंद्र कुमार सफाई एवं खाद्य निरीक्षक शमशाद अली सफाई प्रभारी वसीम बाबू सफाई सुप. रवाइजर बिट्टू वाल्मीकि और सभी महिला सफाई कर्मचारी कार्यक्रम में मौजूद रही। सभी महिला कर्मचारी और छात्राओं का सम्मान अधिशासी अधिकारी द्वारा किया गया।

# कोशांबी में दीवाली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

**गाजियाबाद।** कोशांबी में दीवाली मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें हर सोसाइदै, हर टॉवर औरसमी ब्लॉक एल्यिा से महभागीता रही, कार्यक्रम मेंडर आयुवर्ग के कौशबी वासियों ने भाग लिया. 8 साल के बच्चे से लेकर 80 साल के कोशात्री के वरिष्ठ जनों सभी ने साथ मिलकर डॉ अचवाय कृरिशमां, सुनीत परवल, संगीता श्रीवास्तव और वरुण शम द्वार आयोजित इस दिवाली मिलन में पूरे जोश के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुवात सुनीता पायात और जयंत शर्मा द्वार गणपति वंश्न से हुई। उसके बाद ऊख के संगीत पर उपस्थित सभी लोगो ने विशेषकर उपस्थित महिला राति ने खूब व्वन्द लिया। इस नय गाने केसत्रका विशेष काकर्षण गरबा और डडिय का सत्र रखा जिस्मे भक्तिसा और फिल्मी गानों का मिश्रण रहा। उसके पश्चात उस्थित सभी महिलाओ, पुरुषी और बच्चों ने बोला में भाग लिया जिसमे



लगभर 20 विजेताओं को पुरस्कार दिये रह, उसकेबाद चटोरि चाट के जलपान के सत्र केबाद फिर से मरीरंजक खेल खिलाये कर. बच्चे, बोड गरिको और 18 60 वर्ष की आयु वर्ग में उपस्थित लोगों को अलग अलग खेल खिलाये गए, और हर बेणि में तीन-तीन विजेताओं को पुरस्कार खेलो का जिसमे अलग-अलग प्रकार के रिया या. इसके बाद अतिम सत्र रहा संयुक्ता बात बेल खिलाये गए और 10 विजेताओं को सह आगेजक डॉ आचायाँ कृति उमां, संगीता श्रीवास्तव और मूनीत परवाल द्वरा पुरस्कार दिया गया, कार्यक्रम के मुख्य आयेजक और कौशांबी निवासी समाजस. `वी वरुण शर्मा ने बताया की इस दौरान विशेष आकर्षण रहा कौशांबी

निबासी कुता ररिवारजिनके सभी 9 गवान इस आयोजन मेंशामिल हुए, बाठापिता, वे पुन, दो पुत्रवधूदो पैत्र औरएक रन्नी पौत्री, पूरे परिवार को मंच पर बुलाकर वहां उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मक्खन लाल जी और कौशाम्बी निवासी अशोक परवाल जी और वरुणजी के द्वारा सम्मानित किया गया। सह आरोजक ड अन्चायं कृति तमांने बढायाकी किस प्रकार गुप्ता परिवार और संपूर्ण कौशांबी कासाथ और सहयोग समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में उन्हेंमिलता है।

इस अवसर पर प्रेम रोगिया अनीता गोणिया, पापिया पटक, सुधीश अग्रवाल और उनकी पती, सुनीता गुता, अमन गुणा, अभय गुप्ता, असू गुता, अनिता अस्ति गुष्ठा, खूष परवाल, सुचि परवाल, मिनी गुघ्छ, शध्क्ष, ध्धष सुता, प्रीती सिंपल, आती शमश, लानवा डीगढ़, अर्चना गौर, अरुणा राय, अंकुर सिंह, इदार, अरुण शम, अरुण गर्ग, रिया गुप्ता, रुजनों चौधरी, शील, बबीता पाठक, चार चौहान, गाडि जैन, स्नेह कम्मानी, चारु सहित बड़ी संख्या में कौताब वासी विभिन्न विभिन्न वेशभूषा में उपस्थित रहे और इसे एक भव्य गारंग कार्यक्रम बरा दिया और अयोजक दल को खूब साधुवाद दिया। कार्यक्रम में 160 के लगभर की संख्या उपस्थित रही।

# धी संस्कारशाला से बच्चों को मिला सद्बुद्धि और श्रेष्ठ निर्णयात्मकता का संदेश

**■ नरका चतुर्दशी पर माता लक्ष्मी एवं अग्रपूज्य भगवान श्री गणेश के पूजन के महत्व को भी साँझा किया गया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के मंथन संपूर्ण विकास केंद्र प्रकल्प के द्वारा सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से "धी संस्कारशाला" का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सप्त धर्म लक्षण- 'धी', अर्थात् सही सोच, विवेक और निर्णय क्षमता के विकास पर केंद्रित रही।

कार्यक्रम की शुरुआत योग एवं पी.पी.टी. से हुई, इसके पश्चात धर्म के 10 लक्षण और विद्यार्थी जीवन के गुणों पर प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। साथ ही "वर्ग निर्माण" और "उच्चतम् चयन" जैसी गतिविधियों ने उनकी बुद्धि और एकाग्रता को मजबूत किया। 'ठनजजमतसिल र्मिमबज' का महत्व बच्चों को सिखाया गया कि कैसे छोटे-से-छोटे निर्णय भी बड़े बदलाव ला सकते हैं।

रामाष्टकम' पाठ, तथा 'गायत्री मंत्र' सत्रों ने वातावरण को भक्ति, सीख और आनंद से भर दिया तथा बच्चों को अपनी सांस्कृतिक रचनाओं से परिचित करवाया। नरका चतुर्दशी पर माता लक्ष्मी एवं अग्रपूज्य भगवान श्री गणेश के पूजन के महत्व को भी साँझा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा "ईको-फ्रेंडली दीवाली सत्र",



जिसमें बच्चों ने पत्तों, मिट्टी और पुन:प्रयोज्य वस्तुओं से सजावट की सामग्री बनाई। इस सत्र ने रचनात्मकता के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को भी बढ़ाया। "ग्रीन दीवाली ख्र क्लीन दीवाली" का यह संदेश बच्चों के मन में गहराई से उतरा।

दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या, साध्वी श्वेता भारती ने प्रेरणादायी उद्बोधन देते हुए जीवन में विवेकपूर्ण निर्णयों की भूमिका को साँझा किया। अंत में ध्यान सत्र एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह संस्कारशाला बच्चों में विवेक, आत्मसंयम और सही निर्णय लेने की भावना को प्रोत्साहित करने वाली एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुई।

## फेस्टिव सीजन में रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** त्योहारों के मौके पर होने वाली भीड़ को ध्यान में रखकर कुछ दिनों के लिए बड़े रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफार्म टिकट की बिक्री पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। सिर्फ कंफर्म टिकट वाले यात्रियों को प्लेटफार्म पर जाने की अनुमति दी जाएगी। नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल और गाजियबाद रेलवे स्टेशन पर १५ से २८ अक्टूबर तक प्लेटफार्म टिकट की बिक्री नहीं होगी। टिकट काउंटर के साथ ही मोबाइल एप और ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) से भी प्लेटफार्म टिकट की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों को ट्रेन में चढ़ाने के लिए उनके स्वजन भी प्लेटफार्म टिकट लेकर पहुंच जाते हैं। इससे प्लेटफार्म पर भीड़ बढ़ जाती है।

# ग्रीन पटाखों की बिक्री का रास्ता साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली के त्योहार से पहले दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों के इस्तेमाल को लेकर एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है।

अदालत ने २१ अक्टूबर तक केवल नेशनल एन्वायर नमेंटल इंजी. नियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा प्रमाणित ग्रीन पटाखों की बिक्री और उपयोग की अनुमति दी है। यह आद. ेश पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि ग्रीन पटाखों की यह सशर्त अनुमति १८ अक्टूबर से २१ अक्टूबर तक प्रभावी रहेगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने अपने आदेश में कहा कि हमें पर्यावरण के साथ समझौता किए बिना एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा और संयम के साथ अनुमति देनी होगी। इस अवधि के बाद, यानि २१ अक्टूबर के बाद, इन ग्रीन पटाखों की बिक्री पर पहले से जारी प्रतिबंध जारी रहेगा।

दिल्ली में ग्रीन पटाखों की अनुमति मिलने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार के विशेष आग्रह पर राजधानी में ग्रीन पटाखों के उपयोग की अनुमति प्रदान करने हेतु सर्वोच्च न्यायालय का आभार। यह निर्णय दीपावली जैसे पवित्र पर्व पर जनभावनाओं और उत्साह का सम्मान करता है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। दिल्ली सरकार जनभावनाओं का सम्मान करते हुए स्वच्छ और हरित दिल्ली के संकल्प के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि त्योहारों की रौनक बरकरार रहे और पर्यावरण की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। इस दीपावली, हम सब मिलकर ग्रीन पटाखों के साथ उत्सव और पर्यावरण संरक्षण का सामंजस्य स्थापित करें और श्हरित एवं खुशहाल दिल्लीश के संकल्प को साकार करें।

पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली में ग्रीन पटाखे जलाने की छूट देने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत है। लिमिटेड टाइम दीपावली के लिए छूट मिली है। डीपीसीसी, सीपीसीबी, दिल्ली पुलिस की निगरानी में पटाखे जलेंगे।

दिल्ली में ग्रीन पटाखे का लाइसेंस अभी किसी के पास नहीं है। दिल्ली सरकार आज शाम तय करेगी। कौन-कौन ग्रीन पटाखे बेच सकेगा। पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा की ३-४ बजे के बीच दिल्ली के पटाखा व्यापारियों के साथ मीटिंग होगी। ग्रीन पटाखे बेचने में सक्षम दुकानदारों को ही लाइसेंस मिलेगा। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि कोशिश करेंगे, ज्यादा लोगों को लाइसेंस मिले। ताकि मोनोपली, कालाबाजारी न हो, सबको आसानी से पटाखे उपलब्ध हो पाएं।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली में पटाखों को चलाने पर प्रतिबंध लगाने के पीछे वामपंथी सोच काम कर रही थी। उनके अनुसार वामपंथी सोच के लोगों ने एक साजिश के तहत सर्वोच्च न्यायालय में गलत तरीके से आंकड़े रखकर पटाखों को चलाने पर प्रतिबंध लगवाने का काम किया था। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली में श्सनातन प्रेमीश सरकार है जिसने अदालत में सही पक्ष और सही आंकड़े रखकर दिल्ली में पटाखे चलाने की अनुमति दिलवाई है।

## स्कूलों के नजदीक से कूड़ा घर हटाएं: रविन्द्र इन्द्राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री और उत्तर-पश्चिमी दिल्ली जिले के प्रभारी रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने छात्रों की सुरक्षा और उनके अच्छे शारीरिक एवं मान. सिक स्वास्थ्य के लिए सुझावों को लेकर शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं शहरी विकास मंत्री आशीष सूद के साथ बैठक की और पत्र सौंपे।

रविन्द्र इन्द्राज ने स्कूलों के नजदीक से कूड़ा घर और डंपिंग यार्ड हटाने और स्कूलों के एक किलोमीटर के दायरे में सभी फुटपाथों की मरम्मत तथा अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित विभागों और स्थानीय प्राधिकरणों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का अनुरोध किया। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि कई विद्यालय परिसरों के समीप कुछ कचरा संग्रहण स्थल और छोटे डंपिंग यार्ड स्थित हैं। इससे वातावरण दूषित हो रहा है और स्कूली छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव का खतरा है।

# कार्ड बोर्ड बनाने वाली फैक्टरी में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में बीती रात दो फैक्टरी में भीषण आग लगने से दोनों फैक्टरी पूरी तरह से जर्जर हो गई। हादसे में लाखों रुपये का सामान जल गया। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

पुलिस मामला दर्ज करके आग लगने का कारण जानने की कोशिश कर रही है। पुलिस फैक्टरी मालिक और कर्मचारियों से आग लगने के कारणों के बारे में पता करने की को. शिश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस को बीती रात करीब ८ बजकर १६ मिनट पर भोरगढ़ इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फैक्ट्री नंबर ४२२ और ४२३ में आग लगने की पीसीआर कॉल मिली थी। दोनों फैक्टरी कार्ड बोर्ड बनाने की थी। पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास से लोगों को हटाया। जबकि दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर करीब दो दर्जन से ज्यादा गाडियों की मदद से मंगलवार दोपहर दो बजकर ४४ मिनट पर आग पर पूरी तरह से काबू पाया। सर्च ऑपरेशन में टनों के हिसाब से जला हुआ सामान निकाला।

अधिकारियों ने बताया कि आग की वजह से दोनों फैक्टरी की दीवारें पूरी तरह से जर्जर हो गई हैं। बताया गया कि फैक्ट्री का मालिक आशीष है। कार्डबोर्ड (गट्टे की फैक्ट्री) बनाने का काम करता है। शॉर्ट सर्किट के कारण फैक्ट्री के बेसमेंट में आग लग गई थी। बाबू जगजीवन राम कॉलोनी, गांव भोरगढ़, नरेला के रहने वाले गुलशेर नामक फैक्टरी कर्मचारी ने पीसीआर कॉल की थी।

# त्योहारों के मौसम की तैयारी में दिल्ली पुलिस ने पैदल गश्त बढ़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास में दिल्ली पुलिस ने दिल्ली में विशेष रूप से बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त बढ़ा दी है।

दिल्ली पुलिस पीआरओ ने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य जनता में प्रत्यक्ष उपस्थिति और साम. ुदायिक सहभागिता के माध्यम से विश्वास की भावना पैदा करना है। पुलिस की बढ़ी हुई सक्रियता अपराधियों पर अंकुश लगाने और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में अपराधों को रोकने में भी मदद करनी है। संबंधित क्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारी गश्ती दलों का नेतृत्व कर रहे हैं।इस गश्त के अलावा, दिल्ली पुलिस कई अन्य सुरक्षा उपाय भी कर रही है, जिनमें भीड़-भाड़ वाले इलाकों में लोगों को सतर्क करने के लिए पीए सिस्टम के जरिए घोषणाएँ, सत्यापन अभियान, बस चेकिंग अभियान और पिकेट चेकिंग तेज करना, आँख-कान योजना के तहत बातचीत बढ़ाना, निजी सुरक्षा गार्डों को संवेदनशील बनाना आदि शामिल हैं।दिल्ली पुलिस नागरिकों से पुलिस के साथ सहयोग करने, सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने का भी आग्रह करती है।



पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

# सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट बेदखली की समय सीमा बढ़ाने की मांग खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जर्जर सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के निवासियों को इमारत खाली करनी होगी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राहत देने से इनकार करते हुए नौ निवासियों की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें बेदखली की समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई थी। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि अदालत निवासियों के जोखिम पर अपनी इच्छा नहीं थोपेगी।पीठ ने यह भी कहा कि सर्वोच्च न्यायालय पहले ही यह निर्धारित कर चुका है कि इमारतें जर्जर अवस्था में हैं। इसलिए, सर्वोच्च न्यायालय के १० अक्टूबर के आदेश के आलोक में, अदालत किसी भी समय सीमा को बढ़ाने के पक्ष में नहीं है। पीठ ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि यदि याचिकाकर्ताओं को राहत दी जाती है, तो सभी के लिए समय सीमा बढ़ानी होगी। यह एक सुविचारित आदेश था, और याचिकाकर्ता वास्तव में अवमानना कर रहे थे।

अदालत ने याचिकाकर्ताओं को दिल्ली विकास प्राधिकरण का प्रति. निधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता संजय जैन से संपर्क करने की सलाह दी और मामले को एजेंसी के विवेक पर छोड़ दिया। सुनवाई के दौरान, अधिवक्ता संजय जैन ने तर्क दिया कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी टिप्पणियाँ कर दी हैं, इसलिए राहत की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि अगर कोई अनहोनी हुई, तो हम जिम्मेदारी कैसे ले सकते हैं? इमारतें जर्जर हैं, इसलिए कोई भी जोखिम नहीं उठा सकता।

पीठ ने जैन को याद दिलाया कि अपार्टमेंट के निवासियों की यह हालत उनके मुवक्किल, डीडीए की वजह से है। पीठ ने टिप्पणी की, ष्आपको यह नहीं भूलना चाहिए कि लोग अपनी मेहनत की कमाई से ये फ्लैट खरीदते हैं, और उन्हें क्या मिलता है? यही समस्या एनबीसीसी जैसी अन्य एजेंसियों के साथ भी है, जो इस अदालत में लंबित है। मार्च में, उच्च न्यायालय ने सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

## एम्स परिसर में लगाए जा रहे स्वचालित बाहरी डिफाइब्रिलेटर

**नई दिल्ली।** कार्डियक अरेस्ट के बढ़ते मामलों को देखते हुए व्यक्ति की तुरंत जान बचाने के लिए एम्स परिसर में स्वचालित बाहरी डिफाइब्रिलेटर लगाए जा रहे हैं। इनके जरिये पीड़ित व्यक्ति को तुरंत कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन दिया जा सकेगा। परिसर में एईडी लगाने का कार्य प्रगति पर है। एम्स कार्डियोलॉजी विभाग में प्रोफेसर डॉ. अंबुज राय ने बताया कि एईडी एक छोटा पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है जो दिल की धड़कन अचानक रुक जाने की स्थिति में जीवन बचाने में मदद करता है।दिल की विद्युत गति. विधि असामान्य हो जाने पर रक्त संचार बंद हो जाता है। इस स्थिति में एईडी दिल को नियंत्रित विद्युत झटका देकर उसकी सामान्य धड़कन दोबारा शुरू करने में मदद करता है।

# हज2026 के लिए 'महरम' श्रेणी में महिला यात्रियों से आवेदन आमंत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हज २०२६ की तैयारियों के सिलसिले में हज कमेटी ऑफ इंडिया, स्टेट हज कमिटियों और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की ओर से विभिन्न स्तरों पर तैयारियाँ जारी हैं। दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की महिलाओं के सशक्ततिकरण और उन्हें विभिन्न स्तरों पर अधिकार प्रदान करने के क्रम में, हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज २०२६ के लिए उन इच्छुक महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं, जो समय पर पासपोर्ट न होने या किसी अन्य उचित कारण से आवेदन नहीं कर सकीं और जिनके महरम का चयन हो चुका है। ऐसी महिलाओं को हज का अवसर देने के लिए महरम कोटे में ५०० सीटें निर्धारित की गई हैं। ये सभी महिलाएँ १६ अक्टूबर से ३१ अक्टूबर २०२५ तक हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट hajcommittee.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।

स्पष्ट किया जाता है कि मह्रम श्रेणी में आवेदन करने के लिए आवे. दक महिला ने पहले कभी हज कमेटी, प्राइवेट ग्रुप या किसी अन्य माध्यम से हज नहीं किया होना चाहिए। आवेदक महिला के पास आवेदन की अंतिम तिथि तक या उससे पहले जारी भारतीय पासपोर्ट (जो कम से कम ३१ दिसंबर २०२६ तक वैध हो) होना अनिवार्य है।

आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदक को पासपोर्ट के पहले और दूसरे पन्ने की साफ कॉपी, हाल ही में खिंचा हुआ पासपोर्ट साइज फोटो, निवास प्रमाण पत्र और अपने मह्रम से रिश्ते का वैध प्रमाण पत्र भी अपलोड करना होगा। यदि किसी कवर में पहले से ५ यात्री शामिल हैं तो उस कवर में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही, वे महिलाएँ भी इस श्रेणी में आवेदन नहीं कर सकतीं जिनका चयन पहले से किसी अन्य कवर में हो चुका है। यदि इस श्रेणी में आवेदनों की संख्या ५०० से अधिक होती है तो चयन ऑनलाइन लॉटरी (कुर्रा अंदाजी) के माध्यम से किया जाएगा। दिल्ली हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक आरफी के अनुसार, हज २०२६ के लिए पहले चरण में चुने गए और पहली वेटिंग लिस्ट में शामिल यात्रियों, जिन्होंने पहली किस्त जमा कर दी है, उन्हें ३१ अक्टूबर २०२५ तक १,२५,००० प्रति व्यक्ति की दूसरी किस्त जमा करनी अनिवार्य है। जबकि दूसरी वेटिंग लिस्ट में चयनित यात्रियों और पहली वेटिंग लिस्ट के वे यात्री जिन्होंने अभी तक पहली किस्त जमा नहीं की है, उन्हें २,७७,३०० प्रति व्यक्ति की राशि ३१ अक्टूबर तक विशेष रियायत के तहत जमा करनी होगी।

यात्री हज खर्च की राशि हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट या हज सुविधा ऐप के माध्यम से ई-पेमेंट द्वारा क्रेडिट या डेबिट कार्ड से, या स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अथवा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में "पे-स्लिप" के जरिए जमा कर सकते हैं। पे-स्लिप और बैंक रेफरेंस नंबर हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट से अपने कवर नंबर के माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं।

# उर्दू को पक्षपात से देखना संविधान का अपमान : सैयद अहमद खान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उर्दू डेवलेपमेंट ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष डॉ. सैयद अहमद खघन और महासचिव डॉ. परवाज उलूम ने एक संयुक्त बयान जारी कर दिल्ली सरकार द्वारा दिवाली प्रेस कॉन्फ्रेंस में उर्दू अखब्बारों से जुड़े पत्रकारों को न बुलाए जाने पर हैरत का इजहार करते हुए इसे अफसोस नाक बताया। डॉ. सैयद अहमद खघन ने कहा कि किसी भी भाषा को किसी धर्म या संप्रदाय की भाषा मानना गलत है और उर्दू को पक्षपात से देखने वाले लोग भारतीय संविधान और राष्ट्र का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खघन मुत्तकी के दो रोज के भारत दौरे के अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को आमंत्रित नहीं किया गया था, जिससे मीडिया और समाज के कुछ वर्गों में काफी नाराजगी पैदा हुई और अब दिल्ली सरकार ने भी ऐसा ही भेदभाव किया है। इस घटना ने उर्दू भाषी लोगों में चिंता पैदा कर दी है क्योंकि उर्दू न केवल हिंदी के बाद दूसरी राष्ट्रीय भाषा है, बल्कि दिल्ली सरकार की दूसरी आधिकारिक भाषा भी है।

डॉ. सैयद अहमद खान ने दिल्ली उर्दू अकादमी की खस्ता हाली पर भी चिंता व्यक्त की और जल्द से जल्द दिल्ली उर्दू अकादमी की गवर्निंग काउंसिल के गठन की माँग दोहराई। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य भाषाओं की अकादमियों की तुलना उर्दू से नहीं की जानी चाहिए क्योंकि उर्दू दिल्ली सरकार की आधिकारिक भाषा है।

## सीएम के प्रपोजल को एलजी ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** सांसदों और विधायकों के खिलाफ मामलों की सुनवाई के लिए गठित तीन विशेष अदालतों का दायरा अब बढ़ा दिया गया है। अब ये अदालतें पूर्व सांसदों और पूर्व विधायकों से जुड़े मामलों की भी सुनवाई करेंगी। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ओर से भेजे गए इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह कदम राजधानी के राउज एवेन्यू कोर्ट कॉम्प्लेक्स में मौजूद विशेष अदालतों की कार्यक्षमता को और व्यापक बनाएगा।जुलाई २०२३ में उपराज्यपाल सक्सेना ने सांसदों और विधायकों के खिलाफ बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, २००५ और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, २०१२ के तहत मामलों की सुनवाई के लिए तीन विशेष अदालतों की स्थापना को मंजूरी दी थी।

# भारत में ब्लू-कॉलर जेंडर गैप, महिलाएं पीछे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ग्लोबल जॉब मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म, इनडीड के नए सर्वे के मुताबिक, भारत में ब्लू-कॉलर कार्यबल की हर 5 नौकरियों में से महिलाओं के पास केवल एक नौकरी है। नियुक्ति की बढ़ती इच्छा के बाद भी वेतन में असमानता और स्वच्छता की खराब स्थिति जैसी अनेक चुनौतियों के कारण महिलाएं पीछे रह रही हैं।

इस सर्वे में टियर 1 और टियर 2 शहरों में 14 उद्योगों, जैसे ऑटो मोबा. इल,बीएफएसआई, ई-कॉमर्स, ट्रैवल एवं हॉस्पिटैलिटी, एफएम सीजी और मैनुफैक्चरिंग क्षेत्र का अध्ययन किया गया, जिसमें यह वास्तविकता सामने आई। सर्वे में शामिल 73% नियोक्ताओं ने बताया कि उन्होंने 2024 में ब्लू-कॉलर पदों पर महिलाओं की नियुक्ति की थी, लेकिन फिर भी देश में महिलाओं की भागीदारी अभी भी सिर्फ 20% पर स्थिर है।

कुछ उद्योगों का प्रदर्शन बेहतर है। जहाँ रिटेल (32%), हेल्थकेयर और फार्मास्यूटिकल्स (32%), कंस्ट्रक्शन और रियल एस्टेट (30%) और ट्रैवल एवं हॉस्पिटैलिटी (28%) में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सबसे ज़्यादा है।

वहीं दूरसंचार, बीएफ एसआई और आईटी/ आईटीईएस में महिलाओं की संख्या 10% से भी कम है। सर्वे के अनुसार, 78% नियोक्ता 2025 में ब्लू-कॉलर पदों पर महिलाओं की नियुक्त बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। महिलाओं की भर्ती के इरादे में 2024 में 73% के मुकाबले 5% की उत्साहजनक वृद्धि देखने को मिली है। रिटेल (94%), हेल्थकेयर और फार्मा (93%), और ई-कॉमर्स (93%) जैसे उद्योगों में महिलाओं की मांग सबसे मजबूत है। सर्वे के मुताबिक ज्यादातर महिलाएँ मुख्यतः वित्तीय आत्मनिर्भरता (70%) पाने के लिए ब्लू-कॉलर नौकरियाँ तलाशती हैं, लेकिन कार्यस्थल पर उन्हें कड़वी वास्तविकता का सामना करना पड़ता है। इनडीड के सर्वे में महिलाओं के पीछे रह जाने के तीन मुख्य कारणों को पहचाना गया है।

## 2280 विद्यार्थी किए शॉर्टलिस्ट

**नई दिल्ली।** डीयूकी वाइस चां. सलर इंटर्नशिप स्कीम पार्ट टाइम 2025-26 के लिए चयन प्रक्रिया अंतिम चरण में है। 3500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 2280 विद्यार्थी शॉर्टलिस्ट किए गए।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**ई-टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली)**

| क्र. सं. | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-BR-116- 170-MB DATE 13.10.2025 | मुरादाबाद डिवीजन के मुरादाबाद-गाजियाबाद खंड के पुल संख्या 116 UP (1x27.14m+1x12.2m), पुल संख्या 170 UP (3x18.3m) और राजा का सहसपुर-संभल हातिम सराय खंड के पुल संख्या 6 SL (2x18.3m), पुल संख्या 17SL (1x24.60m+3x12.2m) पर साइड पाथवे का प्रावधान का कार्य। | ₹ 3796663.39 | ₹ 75900/- | 08 (आठ) महीने | निविदा जमा करने का समय दिनांक 07.11.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात्। |
| 2 | 32-W-BR-31- OIL - BATH DATE 13.10.2025 | नई दिल्ली – गाजियाबाद खंड पर पुल संख्या 31 (12x45.7 मीटर) (नया यमुना पुल) पर रोलर बेयरिंग के लिए ऑयल बाथ बॉक्स उपलब्ध कराना। | ₹ 14,44,895.90 | ₹ 28900/- | 08 (आठ) महीने | निविदा जमा करने का समय दिनांक 07.11.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात्। |
| 3 | 32-W-SIDEPATHWAY -BR-90 DATE 13.10.2025 | दिल्ली शाहदरा-श्यामली- सहारनपुर सेक्शन पर पुल संख्या 90 (1x18.3 मीटर), पुल संख्या 245 (1x18.3 मीटर), पुल संख्या 307 (1x18.3 मीटर), पुल संख्या 316 (1x18.3 मीटर) पर साइड पाथवे का प्रावधान। मुरादाबाद डिवीजन पर लक्सर-देहरादून सेक्शन पर (5x18.3) मीटर के नंबर 3 डीएन, (2x45.75) मीटर के 21 यूपी पर पुल संख्या 140 (1x45.7 मीटर)। | ₹ 65,25,023.70 | ₹ 130500/- | 08 (आठ) महीने | निविदा जमा करने का समय दिनांक 07.11.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात्। |

नोट : उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देखा व् डाउनलोड किया जा सकता है। 3174/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जन्म-पेंशन सहित 50 से अधिक सेवाएं व्हाट्सएप पर होंगी उपलब्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उजन्म प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, पेंशन स्थिति, कर भुगतान, शिकायत निवारण समेत ५० से अधिक सेवाओं का लाभ आप सीधे व्हाट्सएप के जरिये उठा सकेंगे। दिल्ली सरकार ने ५० सेवाओं को हर मोबाइल फोन पर उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल क्रांति की तैयारी शुरू की है। सरकार का उद्देश्य नागरिकों को २४ घंटे सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।

साथ ही कागजी जंजाल और लंबी कतारें इतिहास बन जाएं। योजना के तहत चयनित एजेंसी व्हाट्स एप बिजनेस एपीआई और जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से एक उन्नत मल्टीलिंगुअल चौटबॉट सिस्टम तैयार करेगी, जो हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में काम करेगा। यह सिस्टम दिल्ली सरकार के ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल और अन्य विभागीय पोर्टलों से जुड़ा रहेगा। प्रारंभिक चरण में ५० सेवाएं शामिल की जाएंगी, जिन्हें बाद में सभी विभागों तक विस्तारित भी किया जाएगा।

## उप महापौर ने केशवपुरम जोन के अशोक विहार वार्ड का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उप महापौर जय भगवान यादव ने केशवपुरम जोन के अशोक विहार वार्ड (वार्ड संख्या ६५) का निरीक्षण किया और क्षेत्र की नागरिक समस्याओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ विधायक सुश्री पूनम शर्मा, केशवपुरम क्षेत्र के उपायुक्त श्री संदीप कुमार, डीएसआईआईडीसी के अधिकारी और क्षेत्र के विभिन्न विभागों के प्रमुख उपस्थित थे। उप महापौर ने वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। स्थानीय निवासियों ने वजीरपुर के मछली बाजार में टूटी नाली के कारण खराब सफाई व्यवस्था और जलभराव की जानकारी दी। मामले का संज्ञान लेते हुए, उप महापौर ने डीएसआईआईडीसी (कैप्प्क्ब) के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने और टूटे हुए नाले की जल्द से जल्द मरम्मत करने के निर्देश दिए। उप महापौर श्री यादव ने कहा कि वार्ड में सफाई कर्मचारियों और मशीनों की कमी है।

# होम इंश्योरेंस क्लेम के बारे में दी संपूर्ण जानकारी

**नई दिल्ली।** एक घर सिर्फ दीवारों और छतों से बनी इमारत नहीं होती, यह वो जगह है जहां आपको खुशी मिलती है, जहां दिनभर की थकान के बाद आपको आराम मिलता है और जहां आप जीवन के सबसे खूबसूरत पल बिताते हैं। हालांकि, तूफान, दुर्घटनाएं या घुसपैठ जैसी अप्रत्याशित घटनाएं सुरक्षा की भावना को समाप्त करती हैं और भारी नुकसान का कारण बन सकती हैं। इस स्थिति में होम इंश्योरेंस आवश्यक हो जाता है।

अगर आपकी प्रॉपर्टी क्षतिग्रस्त हो जाती है, तो यह रिपेयर या रिप्लेसमेंट के लिए भुगतान करने में आपकी मदद करता है, जिससे आपको सभी खर्चों का भुगतान स्वयं नहीं करना पड़ता। इसके बिना, ऐसे खर्चों से उबरना बहुत मुश्किल हो सकता है। होम इंश्योरेंस पॉलिसी आमतौर पर बिल्डिंग और इसमें मौजूद सामान, कीमती चीज़ों, ज्वेलरी, कलाकृतियों और दुर्लभ वस्तुओं के लिए कवरेज प्रदान करती है। होम इंश्योरेंस की बुनियादी बातों और क्लेम करने के तरीके को समझना, आपके लिए इन चुनौतियों का सामना करना बहुत आसान बना देता है। सही जानकारी और समर्थन के साथ, आप अप्रत्याशित परिस्थितियों का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपका घर उतना ही सुरक्षित रहे, जितना वह होना चाहिए।

**होम इंश्योरेंस क्लेम फाइल करने के चरण**

**इंश्योरेंस कंपनी को सूचना दें:**

जैसे ही घटना घटित हो, चाहे वह सेंधमारी हो, चोरी हो या कोई प्राकृतिक आपदा, आपको अपने इंश्योरेंस प्रदाता से तुरंत संपर्क करना चाहिए। आप क्लेम रजिस्टर करने के लिए अपनी कस्टमर सर्विस हेल्पलाइन पर कॉल कर सकते हैं या उनकी वेबसाइट पर जा सकते हैं। अपने पॉलिसी नंबर और घटना के बारे में जानकारी जैसे विवरण के साथ तैयार रहें।

**इंश्योरेंस कंपनी आपके क्लेम की समीक्षा करेगी:**

क्लेम का अनुरोध मिलने पर, इंश्योरेंस कंपनी आपके द्वारा प्रदान किए गए विवरण की सटीकता की जांच करेगी। अगर क्लेम मान्य है, तो इसे प्रोसेसिंग के लिए क्लेम डिपार्टमेंट को भेज दिया जाएगा। यह चरण क्लेम प्रोसेस को आसान और सुव्यवस्थित करता है।

**सर्वेक्षक की नियुक्ति:**

क्लेम रजिस्टर होने के बाद, इंश्योरेंस कंपनी निर्धारित समय सीमा के भीतर सर्वेक्षक नियुक्त करेगी। सर्वेक्षक एक प्रोफेशनल होता है जो नुकसान का जायज़ा लेता है और मरम्मत या रिप्लेसमेंट की अनुमानित लागत तय करता है। उदाहरण के लिए, अगर भारी बारिश के कारण बाढ़ का पानी आपके घर में घुस जाता है, तो सर्वेक्षक पानी के कारण हुए नुकसान की सीमा का आकलन करता है और आवश्यक मरम्मत निर्धारित करता है।

**निरीक्षण और डॉक्यूमेंटेशन:**

सर्वेक्षक नुकसान का मूल्यांकन करेगा और निरीक्षण प्रक्रिया शुरू करेगा। पॉलिसीधारक के रूप में, आपको अपने क्लेम के प्रमाण के रूप में सभी आवश्यक विवरण प्रदान करने चाहिए। जितने अधिक सहायक डॉक्यूमेंट और प्रमाण आप जमा करेंगे, उतना ही आपका क्लेम मज़बूत होगा और अप्रूवल की संभावना उतनी ही अधिक होगी। जानकारी इकट्ठा करने के बाद, सर्वेक्षक एक रिपोर्ट तैयार करता है और इसे इंश्योरेंस कंपनी को सबमिट करता है। स्थिति की गंभीरता और सबमिट किए गए अंतिम आवश्यक डॉक्यूमेंट के आधार पर, इस प्रोसेस में आमतौर पर 7 से 15 दिन लगते हैं।

**इंश्योरेंस कंपनी क्लेम प्रोसेस करेगी:**

फिर इंश्योरर सर्वेक्षक की बनाई गई रिपोर्ट की समीक्षा करेगा और यह तय करेगा कि आपका क्लेम स्वीकार करना है या अस्वीकार। रिपोर्ट सबमिट होने के बाद, इंश्योरेंस कंपनी को आपका क्लेम प्रोसेस और सेटल करने में 7-10 दिन लगते हैं। आप इंश्योरर के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपना होम इंश्योरेंस क्लेम डिजिटल रूप से भी फाइल कर सकते हैं, जिससे यह प्रोसेस ज़्यादा आसान और सहज हो जाती है। क्लेम फॉर्म इंश्योरर की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं और आप क्षतिग्रस्त आइटम या इंश्योर्ड प्रॉपर्टी के आधार पर उपयुक्त फॉर्म चुन सकते हैं। क्लेम के लिए आवश्यक डॉक्यूमेंट क्लेम की प्रकृति और श्रेणी के आधार पर अलग-अलग होते हैं।

**होम इंश्योरेंस क्लेम के लिए आवश्यक डॉक्यूमेंट:**

1. बिल्डिंग या सामान को होने वाले नुकसान के लिए क्लेम डॉक्यूमेंटरू अगर आपका घर या सामान क्षतिग्रस्त हो जाता है, तो क्लेम फाइल करने के लिए आपको महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट इकट्ठा करने होंगे। पहले, क्लेम फॉर्म भरें और हस्ताक्षर करें। इसके बाद, नुकसान की जानकारी देते हुए एक रिपोर्ट लिखें। अगर संभव हो, तो क्षतिग्रस्त आइटम के स्वामित्व के डॉक्यूमेंटरी प्रूफ के रूप में उसका असली खरीद बिल सबमिट करें। आपको रिपेयर कंपनी से रिपेयर का अनुमान और सर्विस रिपोर्ट की भी आवश्यकता होगी। मरम्मत और भुगतान रसीदों के बिल को प्रमाण के रूप में रखें।

**2. चोरी के लिए क्लेम डॉक्यूमेंट:**

चोरी के क्लेम के लिए भी इन डॉक्यूमेंट की ही आवश्यकता होती है। सबसे पहले, क्लेम फॉर्म भरें और हस्ताक्षर करें, चोरी हुए आइटम का विवरण प्रदान करें। खरीद का बिल, स्वामित्व और कीमत की पुष्टि करने में मदद करता है।

# खाद्य विभाग ने 15 कुंतल मिलावटी पनीर किया नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार की देर रात खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने चेकिंग के दौरान अमरोहा से दिल्ली लें जाया जा रहा लाखों रूपये का मिलावटी पनीर पकड़कर नष्ट कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग की टीम पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के छिजारसी टोल प्लाजा पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान टीम ने एक टाटा 407 गाड़ी को रोककर उसकी तलाशी ली। तो गाड़ी से 15 कुंतल पनीर बरामद किया गया। टीम ने जब इसकी जाँच की तो पनीर मिलावटी और बदबूदार पाया गया। टीम ने मौके से पनीर दो नमूने लिए और पनीर को नष्ट कराया। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि





सुनील कुमार ने बताया कि खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने पिलखुवा क्षेत्र के छिजारसी टोल प्लाजा से चेकिंग के दौरान एक टाटा 407 गाड़ी से 4 लाख 20 हज़ार रूपये की कीमत का करीब 15 कुंतल मिलावटी और बदबूदार पनीर बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पनीर के दो नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए है। जबकि पनीर को पुलिस की मौजूदगी में छिजारसी पुलिस चौकी



के पीछे नष्ट कराया गया है। उन्होंने बताया कि पनीर गजरौला न्यूरोन डेयरी के रुीक अहमद का बताया जा रहा है। जोकि अमरोहा से दिल्ली लें जाया जा रहा था। इस कार्रवाई के दौरान सुनील कुमार सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार,खाद्य सुरक्षा अधिकारी सोमेंद्र सिंह, आरपी सिंह, प्रियांक श्रीवास्तव और आरपी गुप्ता आदि शामिल रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव लाखन में एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। विवाहिता के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

मिली जानकारी के अनुसार पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव लाखन में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता मोनिका का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने मृतका के शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवाहिता की मौत की खबर मिलते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के परिजनों ने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। बुलंदशहर के गांव सहार निवासी मृतका मोनिका के पिता मान सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मोनिका की शादी पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव लाखन निवासी मनीष के साथ 4 जून 2025 को हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल



पक्ष के लोग उनकी बेटी को अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि ससुराल पक्ष के पति, ससुर, सास, जेठ और ननद ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे मौत के घाट उतार दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मृतका के पिता मान सिंह की शिकायत के आधार पर मृतका के पति मनीष समेत ससुराल के 5 लोगों के खिलाफ संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एक दिवसीय बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजनान्तर्गत जनपद के समस्त शाखा प्रबन्धकों का एक दिवसीय बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार हापुड़ में किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें देवेन्द्र प्रताप, उपायुक्त स्वत: रोजगार राजीव कुमार, जिला अग्रणी प्रबन्धक, शीषपाल क्षेत्रीय प्रबन्धक केनरा बैंक, रामेश कुमार अरोरा एवं ईश्वर सिंह, प्रशिक्षक एनआईआरडी हैदराबाद समस्त बैंको के जिला समन्वयक तथा शाखा प्रबन्धक, जिला मिशन प्रबन्धक, समस्त सहायक विकास अधिकारी एवं ब्लॉक मिशन प्रबंधक तथा बैंक सखी द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र प्रताप, उपायुक्त स्वत: रोजगार द्वारा किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा योजना की जानकारी प्रदान की गई। एनआरएलएम योजना के माध्यम से बैकर्स स्वयं सहायता समूहों को आवश्यकतानुसार आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करें तथा समस्त पात्र समूहों के खाते एवं बैंक क्रेडिट लिंकेज हेतु शाखा प्रबंधक को निर्देश दिये गये। 26 अक्टूबर 2025 तक शत-प्रतिशत खाते खोले जाये। उपायुक्त स्वत: रोजगार के द्वारा समस्त शाखा प्रबन्धकों को लक्ष्य के अनुरूप खाता खोलने, बैंक क्रेडिट लिंकेज, समूह सदस्यों को व्यक्तिगत लोन करने पर जोर दिया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास



संस्थान हैदराबाद के नेशनल रिसोर्स पर्सन रामेश कुमार अरोरा एवं ईश्वर सिंह, द्वारा समस्त प्रतिभागियों को रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के द्वारा जारी निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गई। सीबीआरएम कमेटी गठित करने, इन्टरप्राइज फाईनेन्श, डिजिटल फाईनेन्श तथा वित्त सखी के लाभ एंव उनके कार्यो की जानकारी प्रदान की गई। जिला मिशन प्रबंधक तकसीर अहमद के द्वारा बैंक सखी के कार्य के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया तथा उनकी सैलरी एवं इनसेन्टीव की जानकारी उपलब्ध करायी गयी। शाखा प्रबन्धकों से संवाद करते हुये उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया गया।

# क्षय रोगियों के लिए नि: शुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** समस्त भारत में प्रत्येक माह की 15 तारीख को नि: क्षय दिवस सभी चिकित्सा संस्थानों में मनाया जाता है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को नि: क्षय दिवस जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों पर मनाया गया। नि: क्षय दिवस के अवसर पर मेरिनो कंपनी द्वारा प्रायोजित प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट तथा जिला क्षय रोग विभाग के संयुक्त उपक्रम के अंतर्गत गांव नगौला में क्षय रोगियों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान कुल 136 मरीजों को चिकित्सा परीक्षण का लाभ मिला। इन मरीजों में से 6 मरीजों की बलगम की जांच कराई गई और 1 मरीजों को एक्सरे के लिए जिला सयुक्त चिकित्सालय हापुड़ रैफर किया गया। 44 मरीजों की ब्लड शुगर की जांच की गई। श्री प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा अब तक नि: क्षय दिवस के अवसर पर 30 चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह द्वारा उपस्थित मरीजों को नि: क्षय दिवस के बारे में जानकारी दी गई और बताया कि टीबी मरीजों को टीबी की दवाओं का कोर्स पूरा करना अति आवश्यक है और इसे बीच में नहीं छोड़नी चाहिए। इस कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के चिकित्सा अधिकारी डा. पीएस अग्रवाल तथा डा. डीके अग्रवाल ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा अनिल कुमार,



यासीन अली लेब तकनीशियन, विनोद कुमार, मोहम्मद सोहेल फार्मासिस्ट का बलगम की जांच कराने व दवाई वितरण में सहयोग रहा। इस अवसर पर उप जिला क्षय रोग अधिकारी डा. कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाए गए अभियान के तहत हर महीने की 15 तारीख को नि: क्षय दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। भारत सरकार इस प्रयास को और मजबूती के लिए कंपनी द्वारा आयोजित प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा जनमानस को टीबी रोग के बारे में लोगों को जागरूक बनाया जा रहा है। संस्था का प्रयास सराहनीय है डा. शर्मा ने जनपद की अन्य संस्थाओं से भी राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहयोग की अपील की।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के पात्र परिवारों को प्रदान की गई सब्सिडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को दिपावली के त्यौहार के अवसर पर प्रदेशवासियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड पात्र परिवारों को गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन सभागार लखनऊ से किया गया। जिसके अन्तर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की उपस्थिति में 71530 पात्र परिवारों को सब्सिडी प्रदान की गई। सब्सिडी से महिलाओं को धुएं से आजादी, स्वास्थ्य पर सकरात्मक प्रभाव तथा पर्यावरण सुधार जैसेश सार्थक लाभ प्राप्त हुये। योजना के अंतर्गत दिपावली व होली पर निशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल की सुविधा पात्र



लाभार्थियों को प्रदान की गयी। जिसमें प्रथम चरण अक्टूबर से दिसम्बर 2025 दिपावली पर आधार प्रमाणित पात्र परिवारों को गैस सिलेंण्डर रिफिल सब्सिडी अंतरित की गयी तथा द्वितीय चरण जनवरी से मार्च 2026 होली पर आधार प्रमाणित पात्र परिवारों को गैस सिलेंण्डर रिफिल सब्सिडी अंतरित किया जा रहा है। पात्र परिवारों को प्रति रिफिल केन्द्र सरकार द्वारा 335.40 रूपये तथा राज्य सरकार द्वारा 559.58 रूपये की सब्सिडी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत अनुमन्य है। योजना की पारदर्शिता बनाये रखने हेतु सिलेण्डर रिफिल पर मिलने वाली सब्सिडी का आधार प्रमाणित बैंक खाते मे अंतरण किया गया है।

# पंचायत निर्वाचक नामावली के डुप्लीकेट वोटर का किया जाएगा सत्यापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अपर जिलाधिकारी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पंचायत संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत निर्वाचन नामावली 2021 में समान रूप से प्रदर्शित हो रहे डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम की बीएलओ के माध्यम से सत्यापन कराये जाने के उपरान्त उन्हें उनके वास्तविक निवास स्थान पर बने रहने के लिए एवं यथावश्यक नियमानुसार विलोपित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। पूर्व में बीएलओ को डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची उपलब्ध करायी जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि जनपद के विकास खण्डों की ग्राम पंचायतों में यदि किसी मतदाता का नाम एक से अधिक स्थानों पर समान रूप से प्रदर्शित हो रहे है तो ऐसी दशा में



निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण 2025 डुप्लीकेट वोटर के सत्यापन के समय सत्यापनोपरान्त, सामान्य रूप से निवास करने वाले ग्राम पंचायत में उस मतदाता का नाम रखते हुए अन्य ग्राम पंचायत से नियमानुसार विलोपित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यदि किसी विकास खण्ड में ऐसे व्यक्ति जिनका नाम, पिता, पति व माता का नाम एवं लिंग समान है तथा वे सत्यापन के उपरान्त सही पाये गये हैं तो प्रमाणीकरण स्वरूप उनके आधार कार्ड के अंतिम 4 अंक भी बीएलओ द्वारा अंकित किया जायेगा ताकि डी-डुप्लीकेशन में उनका नाम अपमार्जित न हो। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम के ऐसे मतदाता जिनका नाम डुप्लीकेट सूची में है, वह बीएलओ को अपने आधार कार्ड के अन्तिम 4 अंक अवश्य उपलब्ध करा दें अन्यथा उनका नाम मतदाता सूची में डुप्लीकेट नाम होने पर अपमार्जित कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य हेतु संबंधित विकासखंड के खंड विकास अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे।

## एक नजर

### कपड़े की दुकान से 5 लाख रुपये के अवैध पटाखे बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दीपावली का त्योहार नजदीक है और अवैध पटाखों की बिक्री का दौर भी शुरू हो गया है। दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण के बढ़ते स्तर के बीच जिले की पुलिस भी अवैध पटाखों का भंडारण और बेचने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। जिले में पुलिस छापेमारी कर अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार कर करीब 28 लाख रूपये की कीमत के अवैध पटाखे बरामद कर चुकी है। इसी क्रम में बाबूगढ़ थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर मंगलवार की देर रात थाना क्षेत्र के गांव आलमगीरपुर में एक कपड़े की दुकान पर छापेमार कार्रवाई करते हुए दुकान से करीब 5 लाख रूपये की कीमत के 10 कार्टून अवैध पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने अवैध पटाखों का भंडारण करने वाले एक युवक को भी गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि पुलिस को मुखबिर के आधार पर सूचना मिली थी कि गांव गोहरा आलमगीरपुर में अवैध पटाखों का भंडारण किया जा रहा है। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने कपड़े की दुकान पर छापा मारा और मौके से करीब 5 लाख रूपये की कीमत के 10 कार्टून अवैध पटाखे बरामद किए है। उन्होंने बताया कि आरोपी के पास से पटाखे बेचने का कोई वैध लाइसेंस नहीं मिला। पुलिस ने अवैध पटाखों का भंडारण करने वाले गांव गोहरा आलमगीरपुर निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अवैध पटाखों को दीपावली पर बाजार में बेचने के उद्देश्य से लाया गया था। पुलिस ने अवैध पटाखों का भंडारण करने वालों के मंसूबों पर पानी फेरते हुए पटाखों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध पटाखों का भंडारण करने और बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि नगर क्षेत्र के गांव अच्छेजा निवासी अभिषेक पुत्र सुखबीर द्वारा थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया था कि वह अपने पिता के साथ बाइक पर सवार होकर सिलेंडर लेकर अपने घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान मोहित त्यागी पानी वाले के घर के सामने भूषण, अनुज, अमित, राहुल, विपिन, अमित का साला व दो अज्ञात लोगों ने उसकी बाइक को रोक लिया और उसके पिता सुखबीर को बाइक से उतारकर अमित ने उनपर तलवार से वार कर डाला और भूषण, अनुज और राहुल ने लोहे की रोड़ से हमला कर दिया। दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसके पिता पर ईटों से जानलेवा हमला किया। जिसमें सुखबीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। संबंधित मामले में घायल सुखबीर के बेटे अभिषेक की शिकायत के आधार पर पुलिस ने छह नामजद समेत दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था और पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। पुलिस ने संबंधित मामले में फरार चल रहे एक आरोपी राहुल पुत्र गजेन्द्र निवासी ग्राम अच्छेजा थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ को उसके मस्कन से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सर्राफा पर पूरी रकम देने के बाद भी जेवर नहीं देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के गांव सादुल्लापुर निवासी व्यक्ति ने सर्राफा पर पूरी रकम लेने के बाद भी रुपये नहीं देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि उसने नगर के एक सर्राफा कारोबारी के यहां पर जेवर बनाने के लिए आए थे। करीब सात दिन पूर्व उन्होंने जेवर के संपूर्ण रकम को जमा कर दी। अब वह जेवर लेने के लिए तो कारोबारी ने जेवर महंगे को हवाला देकर नहीं देने की बात कहीं। पीड़ित ने निर्धारित समय के अनुसार जेवर की कीमत देने की बात कहीं तो सर्राफा ने मना कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नही है गलत आचरण के चलते मैं अपने पुत्र अरूण कुमार व उसकी पत्नी एकता से संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगें।

रोहताश पुत्र तिलकराम निवासी ग्राम मुकारी थाना बालैनी जनपद बागपत।

# अनुबंध कर खरीदी लाखों की फसल का नहीं किया भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के किसानों ने एक कंपनी के अधिकारियों पर अनुबंध कर खरीदी गई लाखों रुपये की फसल का भुगतान न करने का आरोप लगाया है। पीड़ित किसानों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव भगवानपुर निवासी अंकित कुमार ने बताया कि वह खेती का कार्य करता है। उनके क्षेत्र में उत्कल ट्यूबर प्रा लि. कंपनी द्वारा आलू की खेती अनुबंध पर करायी जा रही है। पिछले तीन वर्ष से वह और उनका साथी गुरजीत सिह भी इस कंपनी से अनुबंध पर खेती कर रहे थे और शुरू के दो सालों में अनुबंध के अनुसार फसल लेकर पेमेंट नहीं दिया। वर्ष 2025 की फसल के लिए उन्होंने सितंबर महीने में उत्कल ट्यूबर प्रा. लि. के बैंक खाते में कुल 26000 ट्रान्सफर किये और कंपनी द्वारा हमें आलू का बीज उपलब्ध कराया गया। इसके बाद दोनों ने कंपनी को कुल मिलाकर करीब 500 कुन्टल आलू दिए, लेकिन कंपनी ने उनकी फसल का भुगतान करीब 3.62000 व गुरजीत का 3,52000 का भुगतान नहीं दिया। अब कपंनी के कर्मचारी ने फोन उठाना भी बंद कर दिया। पीड़ित किसान ने कंपनी के सीओ संजय मेहता परिवीर सिंह, तरुण कुमार निवासी गांव जखैडा,अमित तोमर निवासी चंदपुरा थाना पिलखुवा, आकाश गांव हसुपूर थाना गमुक्तेश्वर के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हिस्ट्रीशीटर सरताज का शरीकपुर के रजवाहे में मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव शरीकपुर के जंगल में स्थित रजवाहे में मिले अज्ञात शव की शिनाख्त जनपद मेरठ के थाना मुंडाली क्षेत्र अंतर्गत गांव जिसौरा निवासी हिस्ट्रीशीटर 46 वर्षीय सरताज अली पुत्र शौकीन के रुप में हुई है। मृतक के शव की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को परिजन को सौंप दिया है। परिजन शव को लेकर अपने घर के लिए रवाना हो गए है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार की रात को गांव शरीकपुर के जंगल में किसी व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को रजवाहे से बाहर निकाला। मृतक की शिनाख्त की गई, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। मंगलवार को मृतक की शिनाख्त आस पास के थाने से की गई तो उसकी शिनाख्त जनपद मेरठ के थाना मुंडाली क्षेत्र अंतर्गत गांव जिसौरा निवासी सरताज के रुप में हुई। मृतक अपने थाने का हिस्ट्रीशीटर है, उस पर करीब 55 से अधिक अलग अलग अपराधिक घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज है। मृतक करीब दस दिन पूर्व घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजन ने थाने में उसकी गुमशुदगी के लिए तहरीर दी थी। बताया गया है कि मृतक के चार बच्चे और तीन बेटिया है। एक बेटा पिछले वर्ष ही विदेश में नौकरी करने के लिए गया था। सरताज की मौत की सूचना पर परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। वहां परिजन को पुलिस ने शव को सौंप



दिया है। इस संबंध में सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त हो चुकी है। मृतक मेरठ का हिस्ट्रीशीटर सरताज था, जिस पर 55 से भी अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं,जनपद मेरठ पुलिस द्वारा ही आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# छठे दिन भी जारी रहा चीनी मिल कर्मचारियों का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** अप्रैल माह में किए गए आंदोलन के दौरान काटा गया करीब 20 लाख का वेतन न मिलने के विरोध में आंदोलन कर रहे चीनी मिल कर्मियों का कार्य बहिष्कार छठे दिन भी जारी रहने से आगामी पेराई सत्र को लेकर चल रही तैयारी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। विधायक की मौजूदगी में हुई वार्ता में दोनों पक्षों के अड़ियल रवैये के चलते कोई भी नतीजा निकल पाना संभव नहीं हो पाया।

रिटेनरशिप और ओवर टाइम के भुगतान को लेकर सिंभावली शुगर मिल की लेबर यूनियन द्वारा अप्रैल माह में आंदोलन किया गया था, जिसमें मिल प्रबंधन का जिम्मा संभाल रहे आईआरपी अनुराल गोयल ने नो वर्क नो पेमेंट का नोटिस चस्पा कराते हुए 106 कर्मचारियों का 13 दिन का करीब 20 लाख का वेतन काट लिया था। जिसके विरोध में लेबर यूनियन द्वारा सांकेतिक धरने के बाद 10 अक्तूबर को कार्य बहिष्कार कर दिया गया है। जिसके कारण मिल कर्मचारियों का बेमियादी धरना बुधवार को छठे दिन भी जारी रहा। क्षेत्रीय विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया दोपहर को धरना स्थल पर पहुंचे, जिसका पता लगते ही मिल के महाप्रबंधक करणसिंह और सीजीएम तकनीकी मनोज गोयल भी धरना स्थल पर पहुंच गए। विधायक की मौजूदगी में मिल प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच लंबी वार्ता हुई। लेबर यूनियन के अध्यक्ष नारायण सिंह ने कहा कि अप्रैल माह में आंदोलन समाप्त करने के दौरान विधायक की मौजूदगी में मिल प्रबंधन ने कर्मचारियों का वेतन न काटे जाने का भरोसा दिया था, परंतु इसके बाद भी 106 कर्मचारियों का 20 लाख का वेतन काट लिया गया है। चार साल से कर्मचारियों को ओवर टाइम नहीं मिल पाने के साथ ही कैजुअल लीव का दिसंबर के वेतन के साथ भुगतान नहीं मिल पा रहा है। पवन त्यागी ने आरोप लगाया कि मिल प्रबंधन अनैतिक दबाव बनाकर आंदोलन को समाप्त कराने का प्रयास कर रहा है, जिसे किसी भी दशा में सहन नहीं किया जाएगा। विधायक हरेंद्र तेवतिया ने कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए मिल प्रबंधन से उन्हें जल्द से जल्द पूरा कराने की बात कही। इस दौरान गौरव राठी, विनेश शर्मा, सतबीर सिंह, अमरजीत, देवेंद्र सिंह, कृष्णपाल समेत सै से भी अधिक कर्मचारी मौजूद रहे।

# पशु दौड़ करने वालों पर हुई कार्रवाई, एक बुग्गी व पिकअप सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** पशु दौड़ की रिहर्सल करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस का एक्शन जारी है। मंगलवार की रात को भी कोतवाली पुलिस ने एक बुग्गी और पिकअप गाड़ी को सीज करने का काम किया है। पुलिस की इस प्रकार की कार्रवाई से पशु दौड़ की तैयारी करने वालों में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया है।

पांच नवंबर को आयोजित होने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले में शामिल होने वाले श्रद्धालु अभी से पशु की दौड़ की रिहर्सल करने में लग गए है। पिछले कई दिनों से पशुओं की दौड़ की रिहर्सल सड़क पर की जा रही थी। इसको लेकर कोतवाली पुलिस सर्तक हुई तो दौड़ लगाने वाले लोगों में अफरा तफरी मच गई। मंगलवार की रात को भी मेरठ मार्ग से पुलिस ने एक बुग्गी को सीज किया है। इसके अलावा उस बुग्गी के साथ चल रही पिकअब गाड़ी को भी पुलिस ने सीज करने का काम किया है। पुलिस ने मेरठ रोड पर पुलिस की अलग अलग स्थान पर ड्यूटी लगाई है ताकि पशु दौड़ रिहर्सल न हो सकें। सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि पशु दौड़ पर पूर्व रुप से रोक है। अभी तक तीन बुग्गी सीज की जा चुकी है। यदि कोई पशु दौड़ करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी हुई लापता, परिजनों ने पड़ोसी युवक पर लगाया ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला निवासी 13 वर्षीय किशोरी को पड़ोसी युवक बहला फुसला कर साथ ले गया। परिजन द्वारा तलाश करने पर कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि उसकी 13 वर्ष की बेटी दो दिन पूर्व घर के सामने लगी पानी की टंकी से पानी लेने के लिए गई थी। काफी देर तक जब बेटी घर वापस नहीं आई तो परिजन को उसकी चिंता हुई। परिजन ने उसको काफी तलाश किया तो मालूम हुआ कि उसकी बेटी को पड़ोसी युवक बहला फुसला कर अपने साथ ले गया है। पीड़ित ने उसके परिजन से मामले की जानकारी की तो उनका कोई संतुष्ट जवाब नहीं मिल सका। कोतवाली पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनांतर्गत लाभार्थियों को मिला लाभ

# 15 को मिले नि:शुल्क गैस सिलेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुख्यमंत्री द्वारा लोक भवन सभागार, लखनऊ में प्रदेश के उज्ज्वला लाभार्थियों को नि:शुल्क सिलेंडर रिफिल वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मेरठ में कार्यक्रम का जीआईसी परिसर में सीधा प्रसारण देखा गया।

कैंट विधायक अमित अग्रवाल, विधायक सिवालखास गुलाम महापौर हरिकान्त अहल. वालिया, जिलाध्यक्ष शिव कुमार राणा, डीएम डॉ. वी.के. सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, जिला पूर्ति अधिकारी पुष्पेन्द्र निमेष की उपस्थिति में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अमित अग्रवाल द्वारा 15 उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक गैस सिलेंडर व रूपये 559.58 का प्रतीकात्मक चैक का वितरण किया गया। कार्यकम के दौरान लाभार्थियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत दीपावली के पावन पर्व पर वित्तीय वर्ष 2025-2026 के प्रथम चरण में अक्टूबर, 2025 से माह दिसम्बर, 2025 तक तथा द्वितीय चरण में माह जनवरी, 2026 से माह मार्च, 2026 तक नि:शुल्क सिलेंडर प्रदान किया जायेगा। जनपद मेरठ में कुल 198451 उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को नि:शुल्क सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरण प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है।



## गोकशी में फरार आरोपी जानी पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** नवनियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र ने चार्ज लेने के बाद ही अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं और सभी चौकी इचार्ज को निर्देश दिए की अपने-अपने हलके में से अपराधियों को ढूंढ-ढूंढ कर निकाले और न्यायालय में पेश करें। जानी थाना पुलिस में गोकशी में फरार अभियुक्त को बुधवार को उनके घर से ही दबोच लिया जो लगातार कोर्ट की अवहेलना कर रहे थे आरोपियों की पहचान ललित पुत्र रतीराम ग्राम भोला झाल काले पुत्र जय भगवान निवासी बहरामपुर दोनों को पुलिस ने उनके घर से ही दबोच लिया और न्यायालय में पेश कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में गलत कार्य नहीं करने दिया जाएगा।

## शोक सभा में पहुंचे क्षेत्र के सामाजिक लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** करीब एक सप्ताह पूर्व अफजलपुर पावटी में रेखा व उसके पति प्रमोद पुत्र जयप्रकाश की करंट से पति पत्नी की मौत हो गई थी और उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। इसी के चलते बुधवार को उनके शोक सभा में क्षेत्र के ग्राम प्रधान व समाज के लोग पहुंचे और बच्चों की शिक्षा के लिए भी उन्होंने मदद के लिए हाथ बढ़ाया।

अभी दो दिन पूर्व ही क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता की थी। वहीं शोकसभा में क्षेत्र के समाज के लोगों को उनकी आत्मा की शांति के लिए हवन भी किया, और दो मिनट का मोन धारण रखकर उनको याद किया गया। वहीं प्रधान मनोज राणा, वेदपाल फौजी, प्रवीण कुमार पावटी, प्रवीण चपराना, सुमित प्रधान, धर्मेंद्र प्रधान, गौरव शर्मा आदि शोक सभा में पहुंचे और सभी ने मदद के लिए हाथ बढ़ाया और बच्चों की शिक्षा पर चिंता की। शोक सभा में बच्चों की शिक्षा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व 20 लाख रुपए की आर्थिक मदद दिलाने के लिए एकजुट होकर शासन मांग करेंगे।



# अलग-अलग मामलों में दो आरोपी दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पुलिस ने बुधवार को दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है। किठौर थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने ग्राम असीलपुर निवासी शोएब पुत्र रहीश को गिरफ्तार किया। शोएब गांव के ही प्रमोद पुत्र चरण सिंह को मकान पर काम न करने देने को लेकर झगड़ा कर रहा था। दूसरे मामले में, पुलिस ने खंद्रावली निवासी भूरा पुत्र फकीरा को गिरफ्तार किया। भूरा सड़क पर आने-जाने वाले लोगों के साथ झगड़ा कर रहा था, जिससे शांति भंग हो रही थी। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद, उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

## टाटा साल्ट ने विश्व आयोडीन अल्पता दिवस से पहले जागरूकता अभियान को दी रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** देश के आयोडीन युक्त नमक के सर्वश्रेष्ठ ब्रांड, टाटा साल्ट ने इस साल विश्व आयोडीन अल्पता दिवस डब्ल्यूआईडीडी वर्ल्ड आयोडीन डेफिशियेंसी डे के मौके पर, देश भर के बच्चों में आयोडीन की कमी से पैदा होने वाले विकारों आईडीडी से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। देश के पहले ब्रांडेड आयोडीन युक्त नमक के रूप में, टाटा साल्ट आयोडीन के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। आयोडीन विशेष रूप से प्रारंभिक बचपन के दौरान मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्व है। आयोडीन युक्त नमक केवल सरकार द्वारा अनिवार्य किया गया। आयोडीन युक्त पदार्थ से कहीं अधिक है।

### डीआईजी की सख्ती के आगे बारूद ढेर

# रेंज में पटाखों के अवैध कारोबार पर प्रहार 35 पर एफआईआर, 53 तस्कर गिरफ्तार

**करोड़ों की सामग्री जब्त, त्योहार पर टला बड़ा खतरा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अग्नि सुरक्षा सर्वोपरि के सिद्धांत पर चलते हुए, डीआईजी कलानिधि नैथानी ने अवैध बारूद के सौदागरों के खिलाफ कमर कस ली है। डीआईजी की सख्ती का आलम यह रहा कि पिछले कुछ दिनों में रेंज पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री से जुड़े 37 मुकदमों में 53 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है, जिसमें करोड़ों रुपये मूल्य की अवैध विस्फोटक सामग्री जब्त की गई है। इस कार्रवाई ने साबित कर दिया है कि डीआईजी नैथानी किसी भी कीमत पर जनता की जान-माल की सुरक्षा से समझौता नहीं होने देंगे।

### आबादी से दूर हों पटाखे, फुटकर बिक्री पर नो एंट्री

डीआईजी नैथानी ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि पटाखों की बिक्री केवल आबादी से दूर होगी और फुटकर में इसकी बिक्री कदापि नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने साफ किया कि यह कार्रवाई आगामी त्योहारों के दौरान किसी भी बड़े हादसे को रोकने के लिए की गई है।

### जनता आपातकालीन स्थिति में 112 और 101 पर करे कॉल

डीआईजी ने जनता से सीधे अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल 112 या 101 हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करें। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को पूरी तरह मुस्तैद रहने का निर्देश दिया है। अग्निशमन विभाग हमारी गाड़ियां हर समय तैयारी की हालत में रहेंगी। स्वास्थ्य व्यवस्था सभी अस्पतालों में उचित व्यवस्था और बेड सुनिश्चित किए गए हैं। डीआईजी के नेतृत्व में हुई इस व्यापक कार्रवाई ने अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है और मेरठ रेंज के नागरिकों ने चैन की सांस ली है।



## कभी शहर की शान रहा आनंद हॉस्पिटल, अब बदहाली की कगार पर?

**प्रबंध तंत्र की लापरवाही और सुविधाओं की कमी से गिर रही साख**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कभी मरीजों के भरोसे का प्रतीक माना जाने वाला आनंद हॉस्पिटल आज बदहाली के दौर से गुजर रहा है। शहर में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और अनुभवी डाक्टरों के लिए मशहूर यह अस्पताल अब अव्यवस्था, स्टाफ की कमी और प्रबंध तंत्र की उदासीनता का शिकार बन गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पहले यहां इलाज के लिए लंबी कतारें लगती थीं, लेकिन अब मरीज दूसरे अस्पतालों का रुख कर रहे हैं। अस्पताल में साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब है और कई जरूरी उपकरण या तो बंद पड़े हैं या खराब हालत में हैं। सूत्रों के मुताबिक, बीते कुछ समय पहले कई वरिष्ठ डाक्टरों और नर्सों ने भी अस्पताल छोड़ दिया है, जिससे स्थिति और बिगड़ गई है। शहरवासियों का कहना है कि यदि प्रबंधन तंत्र ने जल्द कदम नहीं उठाए, तो आनंद हॉस्पिटल का नाम मात्र ही रह जाएगा। लोगों ने जिला प्रशासन से भी हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि कभी शहर की शान रहा यह अस्पताल फिर से अपने पुराने गौरव को प्राप्त कर सके।

# प्रेमिका का वीडियो वायरल करने वाला प्रेमी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र में एक युवती का अश्लील वीडियो उसके प्रेमी द्वारा वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। यह वीडियो लगभग तीन साल पुराना बताया जा रहा है। यह घटना मंगलवार रात की है। किठौर क्षेत्र के एक गांव की युवती का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस को इसकी सूचना मिली।

सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और युवती से पूछताछ की। युवती से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो करीब तीन साल पुराना है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है।




आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

### शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ उपचुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर पालिका परिषद वार्ड नं 15 के सभासद पद के लिए हो रहे उपचुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण तरीकें से सम्पन्न हुए। इस दौरान शत् प्रतिशत मतदान हुआ, मतदान के बाद समर्थकों ने अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत का दावा किया। गौरतलब है कि वार्ड नं. 15 में सभासद की आकस्मिक मृत्यु के बाद सीट खाली हो गई थी। जिसके लिए चुनाव के लिए बुधवार को मतदान होना था। इस वार्ड में टोटल 2090 वोटर थे, जिसमें से सिर्फ 47.84 प्रतिशत ही मतदान हुआ, जिसका परिणाम 17 अक्टूबर को आयेगा। मतदान शांतिपूर्ण होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### 13 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रमेश कुशवाहा ने बताया कि 13 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसमें न्यायालयो में लम्बित जोकि राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड पर अपलोड है आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वादो, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम विवाद, जल व विद्युत बिल अशमनीय वादों को छोड़कर, वैवाहिक विवाद, विवाह विच्छेद तालाक को छोड़कर, भूमि अधिग्रहण वाद आदि के वाद तय किये जाऐंगे।

## मिसाइल मैन के लिए मांगी दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम जैसी शख्सियत शायद ही कोई ऐसा राष्ट्रपति होगा जिसने अपने देश के लिए अपनी संपत्ति और अपनी जान कुर्बान कर दी पर अपने परिवार के लिए भी उन्होंने कुछ नहीं छोड़ा। देश के लिए सब दान कर दिया, बुधवार को जानी के सिवाल खास में भारत रत्न मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की, जयंती पर मगफिरत के लिए दुआ मांगी और उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया मुस्लिमों ने अब्दुल कलाम की तस्वीर पर अर्पित किए और उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान अनवार कुरैशी, राशिद अंसारी, उमर मोहम्मद, यामीन चौहान, उमर फारूक, मोहसिन इदरीसी, अतीक अंसारी, फरहान कुरैशी आदि मौजूद रहे।



# सरधना में आत्मनिर्भर भारत यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**लोगों को स्वदेशी सामान बेचने के लिए किया जागरूक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** देश भर में चल रही सरकार की तरफ से आत्मनिर्भर भारत यात्रा का बुधवार को सरधना पहुंचने पर स्वागत किया गया। पुलिस चौकी बस स्टैंड पर बुधवार शाम पहुंची यात्रा का भाजपा कार्यकर्ता ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

इस दौरान यात्रा में जोर शोर से स्वदेशी अपनाओं के नारे लगाते हुए दुकानदारों को स्वदेशी सामान बेचने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार, जिलाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ट विनोद जैन, राजीव जैन, शानू जैन, ईश्वर त्यागी, आशीष भरत, मुदित माहेश्वरी, पिंकी सोम मोहित सिंह, आदि मौजूद रहें। कार्यक्रम संयोजक आलोक कुमार जैन मण्डल अध्यक्ष व शानू जैन आदि मौजूद रहें।




# पेड़ से ट्रैक्टर टकराने पर किसान की मौत

**जुताई करते समय हुआ दर्दनाक हादसा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र के नंगली गांव में मंगलवार सुबह एक हादसा हो गया। आम के बाग में ट्रैक्टर से जुताई कर रहे किसान मुकेश की पेड़ से ट्रैक्टर टकराने के कारण मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल मुकेश को अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कस्बा किठौर के नंगली निवासी मुकेश मंगलवार सुबह अपने आम के बाग में ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और एक पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल मुकेश को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। डाक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार में शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलने पर किठौर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। लोगों ने इस घटना को लकर काफी दुख है।



# स्काउट गाइड शिविर का रंगारंग कार्यक्रम के बीच हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्काउट गाइड कैंप का बुधवार को रंगारंग कार्यक्रम के बीच समापन हो गया। इस दौरान बच्चों को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। कांलद चुंगी के पास स्थित सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में तीन दिन से स्काउट गाइड का कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें कक्षा 4 से लेकर कक्षा 11 तक के बच्चों ने भाग लिया था।

तीन दिनों तक चलें कैंप में विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और स्वावलंबन के टिप्स दिए गए। बुधवार को आयोजित समापन कैंप में प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रशिक्षक अभिषेक माथुर ने प्रतिभागियों को स्वावलंबी बनने के लिए प्रशिक्षण दिया, इसके साथ ही स्काउट प्रभारी अंकित चौधरी ने विद्यार्थियों को अनुशासन और कर्तव्य निष्ठा अपनाने का आह्वान किया। स्कूल के डायरेक्टर ठाकुर प्रीतिश कुमार सिंह, मैनेजर शालविक जैन ने झंडे की सलामी ली। प्रधानाचार्य डाक्टर रोहित मेहरा ने स्काउट गाइड के आदर्श और सिद्धांतों को जीवन में अनुसरण करने की अपील की।



## सुभारती बुद्ध मेले के पांचवें दिन दिवाली मेले का भव्य उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे चतुर्थ सुभारती बुद्ध मेले के पांचवें दिन तीन दिवसीय सुभारती दिवाली मेले का भव्य उद्घाटन सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने किया। मेला समिति के पदाधिकारी और सभी आयोजक विद्यार्थी इस अवसर पर उपस्थित रहे। डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब गिवर बनाना है। यह दिवाली मेला उसी दृष्टि का परिणाम है, जहां विभिन्न संकायों के विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम-ज्ञान को व्यावहारिक और व्यावसायिक रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। मेले में पाककला, हस्तशिल्प और मूर्तिकला सहित विद्यार्थियों के विविध स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। सांस्कृतिक मंच पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक बंधु शहजाद जानी, नाजिम जानी और बाबू जान की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, जबकि सुप्रसिद्ध जादूगर वी सम्राट के जादूई करतबों ने सभा को आश्चर्यचकित कर दिया। भारी भीड़ के साथ पंडाल जनसमूह के सागर में बदल गया। अकादमिक गतिविधियों के अंतर्गत विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग, शिक्षा संकाय और डॉ. अंबेडकर पीठ ने संयुक्त रूप से सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम-2025 के तहत 'स्वयं परिवर्तन: सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा और सतर्कता को प्रोत्साहित करें' विषय पर बाल कल्याणकारी शिव शिक्षा सदन, इंटर कॉलेज, घाट, मेरठ में आउटरीच गतिविधि आयोजित की।

# सर्किट हाउस में सुनीं महिलाओं की समस्या

### अधिकारी महिलाओं की शिकायतों का करें निस्तारण: डॉ. हिमानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सर्किट हाऊस में राज्य महिला आयोग की सदस्या डॉ. हिमानी अग्रवाल द्वारा महिलाओं से संबंधित मामलों में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में पुलिस से संबंधित कुल 12 प्रकरण प्राप्त हुये। जन सुनवाई के दौरान सदस्या द्वारा अधिकारी को प्रार्थना पत्र पर तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

डॉ. हिमानी अग्रवाल ने कहा कि सभी अधिकारी महिलाओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर करें, जनसुनवाई के दौरान उन्होंने महिलाओं से कहा कि वह खुलकर अपनी बात रखें। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी महिला उत्पीड़न से संबंधित घटनाओं का संज्ञान प्राथमिकता पर लेते हुये त्वरित कार्यवाही करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कटारिया, प्रभारी समाज कल्याण अधिकारी शैलेष राय, प्रतिभा सिंह, निरीक्षक मिशन शक्ति प्रभारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव, वन स्टाप सेंटर से खूशबू शर्मा, महिला सब इंस्पेक्टर शिखा, महिला एवं बाल विकास विभाग व विभिन्न विभागों से अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

वहीं विकास खण्ड रजपुरा के सभागार में पोषण अभियान के अन्तर्गत पोषण पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। पोषण पंचायत में चार गर्भवती महिलाओं का गोदभराई एवं 4 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया।





# शहजाद की पुलिस मुठभेड़ में हुई मृत्यु की होगी जांच

**उप जिला अधिकारी सरधना जांच के बाद 30 दिन में देंगे रिपोर्ट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला मजिस्ट्रेट मेरठ डॉ. वी.के. सिंह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मेरठ के पत्र दिनांक 13 अक्टूबर 2025 के अन्तर्गत दिनांक 13 अक्टूबर 2025 की प्रात: 5:45 बजे थाना सरूरपुर क्षेत्र में जनपद की स्वाट टीम एवं थाना सरूरपुर पुलिस के ज्वाईट ऑप्रेशन के दौरान पुलिस मुठभेड़ की घटना में घायल अभियुक्त शहजाद उर्फ निक्कू पुत्र रहीसुददीन निवासी मौहम्मदपुर शकिस्त थाना बहसूमा जनपद मेरठ रूपये 25 हजार का ईनामी अपराधी की मृत्यु हुई है, सम्बन्धी घटनाक्रम की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु मजिस्ट्रेट नामित करने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद मेरठ के थाना बहसूमा क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ की उक्त घटना, जिसमें शहजाद उर्फ निक्कू पुत्र रही. सुददीन निवासी मौहम्मदपुर शकिस्त थाना बहसूमा जनपद मेरठ की मृत्यु हुई है, की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट सरधना को जांच अधिकारी नामित किया जाता है। उप जिला मजिस्ट्रेट सरधना उक्त घटना के संबंध में जांच कर अपनी मजिस्ट्रीयल जांच आख्या 30 दिन के अन्दर प्रस्तुत करेंगे।

# पशुओं के अवशेष लेकर बहसूमा नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे आक्रोशित लोग

## नगर पंचायत की लापरवाही के कारण धार्मिक स्थल के बराबर में डाला जा रहा है कूड़ा

■ हिंदू संगठनों ने जमकर की नारेबाजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** आदर्श नगर पंचायत के अधिकारियों की लापरवाही के कारण धार्मिक स्थल के बराबर में कूड़ा डाला जा रहा है जिसको लेकर भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिकों द्वारा आक्रोश जताते हुए जमकर हंगामा किया। लोगों ने हंगामा करते हुए पशुओं के अवशेष अपने साथ लेकर नगर पंचायत कार्यालय में पहुंचे जहां उन्होंने नगर पंचायत के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामे की सूचना पर पहुंचे अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी ने नागरिकों को समझाते हुए कहा कि जल्द ही कूड़े को उठाया जाएगा और धार्मिक स्थल पर साफ सफाई कराई जा रही है। इसी बीच किसी व्यक्ति ने कूड़े पर पशुओं के अवशेष होने की सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। उसके बाद नगर पंचायत कार्यालय में पहुंच गए और नागरिकों को समझा बुझाकर शांत किया और कहा कि दीपावली के बाद कूड़े का निस्तारण किया जाएगा।

बताते चलें कि मोहल्ला सड़क वाला में कशेरवे वाली माता के बराबर में नगर पंचायत द्वारा कूड़ा डाला जा रहा है जिसमें कूड़े के अंबार लग चुके हैं। आने जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धार्मिक स्थल के बराबर में दीवार गिर चुकी है और कूड़ा धार्मिक स्थल पर फैल गया है जिसमें श्रद्धालु अपनी माता पर जाकर रंग पुताई कर रहे हैं लेकिन किसी बीच भाजपा नेता अमित गोयल, शुभम लांबा, नीशु रस्तोगी, दीपक प्रजापति सहित आदि सैकड़ों लोग मौके पर पहुंचे और कूड़ा हटाए जाने को लेकर जमकर हंगामा किया। कूड़े में पड़े अवशेष को एक रेहड़ा में भरकर नगर पंचायत कार्यालय में पहुंच गए। जहां पर जमकर हंगामा किया। हंगामा की सूचना पर अध्यक्ष सचिन सुकड़ी, अधिशासी अधिकारी हरि नारायण सिंह, नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे जहां नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को समझा बुझाकर शांत किया और कहा कि दीपावली के बाद सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में बनी मीट की दुकानों को बंद करने की मांग की। जिस पर अध्यक्ष सचिन सुकड़ी ने कहा कि जल्द ही दुकानों पर नोटिस भेज कर बंद कराई जाएगी। हंगामा के दौरान हरीशगोयल, अतेद्र नागर, दीपक प्रजापति, रवि शंकर कौशिक, बिंदर चहल, ऋषभ गोयल आदि सैकड़ों लोग शामिल थे।

**क्या कहते हैं चेयरमैन**

आदर्श नगर पंचायत चेयरमैन सचिन सुकड़ी ने कहा कि नगर पंचायत के पास जगह उपलब्ध नहीं है जिस कारण कूड़ा डलवाया जा रहा है। जल्द ही कूड़े का समाधान कराया जाएगा, धार्मिक स्थल के चार दीवारी कराकर सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।

## गेस्ट हाउस का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर में मेरठ रोड स्थित रामलीला ग्राउंड के पास 'स्काई ब्लू गेस्ट हाउस' का भव्य उद्घाटन पूर्व चेयरमैन अमित मोहन 'टीपू', पूर्व प्रमुख कुमारपाल सिंह, वीरेंदर सिंह गन्ना सिमिति चेयरमैन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता विक्की शर्मा, जिला पंचायत काजू शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष राहुल शर्मा, मंडल महामंत्री संजीव पराशर, पूर्व मंडल महामंत्री अंकित त्यागी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष हरिओम शर्मा, अमित शर्मा, मण्डल महामंत्री मोहित बंसल सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। गेस्ट हाउस के प्रभारी कमलेश देवी और श्यामलाल शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। यह नया गेस्ट हाउस परीक्षितगढ़ नगर में बाहर से आने वाले पर्यटक व लोगों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगा।

# अपना दल की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपना दल (एस) की एक बैठक बुधवार को पार्टी के जिला कार्यालय सुभाषनगर में सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी को मजबूती प्रदान करने हेतु जनपद में सदस्यता अभियान चलाने के साथ-साथ पंचायत चुनावों में मजबूत उम्मीदवारों को चुनाव लड़ाने की रणनीति पर चर्चा हुई। आगामी 17 अक्टूबर को जौनपुर में होने वाले परिनिर्वाण दिवस में मेरठ से अधिक से अधिक कार्यकताओं से पहुंचने की अपील की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव अलका पटेल, मेरठ मंडल के अध्यक्ष सुधीर पंवार, जिला महासचिव नवनीत गुप्ता, दीपा लोधी, राजू रौंदिया, जयकिशन कर्णवाल, मौहम्मद इस्लाम और मीडिया सचिव सचिन कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# दौराला टाइगर्स ने जीता मोदीपुरम प्रीमियर लीग का पहला सीजन, रॉयल चैलेंजर्स को 67 रनों से हराया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नीलकंठ कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड पर बुधवार को मोदीपुरम प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला दौराला टाइगर्स और रॉयल चैलेंजर्स मेरठ के बीच खेला गया। टॉस जीतकर दौराला टाइगर्स ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 19.3 ओवरों में सभी विकेट खोकर 142 रन बनाए। टीम की ओर से तनु काकरान ने 68 रन और माधव प्रताप सिंह ने 40 रन की शानदार पारी खेली। रॉयल चौलेंजस मेरठ की ओर से अर्श कुमार ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल चैलेंजस मेरठ की टीम 18 ओवर में सिर्फ 75 रन पर ऑलआउट हो गई। कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक तक नहीं पहुंच सका और टीम को 67 रनों से हार का सामना करना पड़ा। दौराला टाइगर्स ने इस जीत के साथ मोदीपुरम प्रीमियर लीग के पहले सीजन का खिताब अपने नाम किया। मैन ऑफ द मैच तनू काकरान, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अर्श कुमार, बेस्ट बैट्समैन सुखप्रीत सिंह, बेस्ट बॉलर अक्षय धवन, इमर्जिंग प्लेयर तरणवीर सिंह को मिला। टीम के मालिक मनिंदर विहान और भूपेंद्र अहलावत अपने खिलाड़ियों के साथ मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि चौधरी सूरत सिंह और विशिष्ट अतिथि सिद्धांत चिक. ारा, शिवम भारद्वाज ने दोनों टीमों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार 28000, 18000 देकर सम्मानित किया। समापन समारोह में मोदीपुरम प्रीमियर लीग चेयरमैन अहमद अली और वंश चौधरी ने कहा कि हमारा पहला सीजन बेहद सफल रहा। अगला सीजन और भी बड़े स्तर पर कराया जाएगा। इस दौरान डॉ. विजय शर्मा, सिद्धार्थ जैन, ललित चौहान, अमर शर्मा, मुदित शर्मा, विकास कुमार, माधव प्रताप सिंह, रवि पूनिया, संदीप विहान, सम्राट चौधरी आदि मौजूद रहे।

# गुडनैस पब्लिक में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित चेयरमैन ने की छात्रों की हौंसला अफजाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम इकला रसूलपुर स्थित गुडनैस पब्लिक में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने विभिन्न वैज्ञानिक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए, जिनमें उनकी प्रतिभा और रचनात्मकता की झलक देखने को मिली। बच्चों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट्स में पर्यावरण सुरक्षा, ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत, जल संरक्षण, और स्वच्छता जैसे विषयों पर आधारित मॉडल्स, वर्किंग डेमो तथा पोस्टर शामिल रहे। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले बच्चो में अरमिश अफरोज, अलिश्मा तस्लीम, हुदा आफताब, वंशिका देवेन्द्र, अंजलि ब्रिजपाल, फिजा सलीम, इकरा इमरान, इस्मिहा वसीयत, महविश मुशीर, अजकिया साकिब, आफिया नदीम और इफरा तालिब आदि बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों को प्रेरित करने के लिए और प्रोजेक्ट्स तैयार करने में उनके अध्यापकों अंजलि उपाध्याय, आकाशदीप, हुजैफा खान, धीरज कुमार और अब्दुस्समद आदि ने बच्चो की सहायता की। विद्यार्थियों ने विज्ञान के विविध क्षेत्रों पर तैयार किए गए प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में मॉडल्स व प्रैक्टिकल डेमो के जरिये बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा, स्वच्छता एवं जल बचत जैसे विषयों में अपने शोध व नवाचार प्रस्तुत किए। इनके प्रोजेक्ट्स ने ना केवल विज्ञान सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाया, बल्कि समुदाय में जागरूकता फैलाने का कार्य भी किया।

स्कूल चेयरमैन फखरे आलम ने सभी छात्रों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए बच्चो को प्रमाणपत्र व पुरस्कार देकर उनकी हौंसला अफजाई की स्कूल प्रधानाचार्य उमर फारुख ने बच्चो को ऐसे आयोजनों का महत्त्व बताते हुए कि इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होता है। इस प्रदर्शनी को सफल बनाने में स्कूल के प्रबंधन व सभी अध्यापकगणों ने बच्चों अपना पूरा योगदान दिया।

## दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**मेरठ।** गांधी नगर गढ़ रोड स्थित शिवांगी संगीत महाविद्यालय में दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत का एक अनूठा प्रोग्राम किया। इस दौरान प्रदर्शनी में छात्राओं द्वारा बनाए गए विभिन्न कलारूपों को भी देखा गया।

# शोभित में पावर बीआई एवं डाटा-संचालित डैशबोर्ड कार्यशाला आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित संस्थान ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 15 अक्टूबर को 'इंट्रो टू पावर बीआई एवं डाटा-संचालित डैशबोर्ड' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डेटा स्किल लेब के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों को माइक्रोसॉफ्ट पावर बीआई के माध्यम से प्रभावशाली डैशबोर्ड तैयार करने का व्यावहा. रिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता अजीम आफताब, संस्थापक डेटा स्किल लेब, 7 बार सेल्स फोर्स सर्टिफाइड और ओरेकल साप हाना एवं पावर बीआई के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने छात्रों को पावर बीआई तकनीक की गहन जानकारी दी और समझाया कि कैसे बड़ी और जटिल जानकारियों को सरल, समझने योग्य और इंटरैक्टिव रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

पावर बीआई एक ऐसा उपकरण है जो किसी भी व्यक्ति या संस्था को अपने डेटा को समझने और निर्णय लेने में मदद करता है। यह बड़ी मात्रा में जानकारी को ग्राफ, चार्ट और डैशबोर्ड के रूप में प्रदर्शित करके सरल बनाता है। आज के डिजिटल युग में, कंपनियां और संस्थाएं तेजी से सही निर्णय लेना चाहती हैं। पावर बीआई इसी उद्देश्य में सहायक है क्योंकि यह वास्तविक समय में डेटा का विश्लेषण करके रिपोर्ट तैयार करता है और रणनीति बनाने में मदद करता है। सरल शब्दों में कहें तो यह डेटा को शक्ति प्रदान करता है, जिससे व्यवसाय और संस्थाएं तेजी और स्मार्ट तरीके से निर्णय ले सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि डेटा-संचालित निर्णय आज के व्यवसाय और संस्थाओं की सफलता की कुंजी बन चुके हैं। छात्रों को सिखाया गया कि कैसे डेटा को इम्पोर्ट, मॉडल और विजुअलाइज करके प्रभावशाली डैशबोर्ड तैयार किए जा सकते हैं।

कार्यक्रम का आयोजन माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार त्यागी, विश्वविद्यालय सलाहकार प्रो. (डॉ.) एम. एल. सिंगला, एवं निदेशक प्रो. (डॉ.) संदीप कुमार के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) निधि त्यागी, डॉ. राजीव कुमार, छोटे नसीम एवं प्रणय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे जिन्होंने छात्रों को तकनीकी कौशल और डेटा एनालिटिक्स के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला की समन्वयक डॉ. सुरभि सरोहा रहीं, जबकि छात्र समन्वयक के रूप में श्री कमला कांत पांडेय और चंदन कुमार ने जिम्मेदारी निभाई। कार्यक्रम का संचालन आशा और माही द्वारा किया गया। कार्यशाला का समापन अत्यंत सफलतापूर्वक हुआ, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पावर बीआई के व्यावहारिक उपयोग को आत्मसात किया। यह कार्यक्रम शोभित विश्वविद्यालय के उस उद्देश्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें छात्रों को कौशल-आधारित और डेटा-संचालित शिक्षा प्रदान की जा रही है।

## भारती एयरटेल ने की आईबीएम के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों में से एक, भारती एयरटेल ने आईबीएम के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है ताकि हाल ही में लॉन्च किए गए एयरटेल क्लाउड को और सशक्त बनाया जा सके। यह साझेदारी एयरटेल क्लाउड की टेल्को-ग्रेड विश्वसनीयता, उच्च सुरक्षा और डेटा रेजिडेंसी को, आईबीएम की क्लाउड समाधानों में नेतृत्व क्षमता तथा एआई इंफरेंसिंग के लिए डिजाइन की गई उन्नत इन्फ्रास्ट्रक्चर और सॉफ्टवेयर तकनीकों के साथ एकीकृत करेगी। एयरटेल और आईबीएम मिलकर विनियमित उद्योगों में कार्यरत उद्यमों को एआई वर्कलोड को अधिक कुशलता से बढ़ाने में सक्षम बनाएंगे। यह सहयोग विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे ऑन-प्रिमाइज, क्लाउड, मल्टी-क्लाउड, एज के बीच सहज इंटरऑपरेबिलिटी सुनिश्चित करेगा।

# जयंती पर डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को मुमताज आलम ने दी श्रद्धांजलि

## महान वैज्ञानिक और भारत रत्न को किया याद, युवाओं के लिए बताया प्रेरणास्रोत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बा शाहजहांपुर में मुमताज आलम ने अपने आवास पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक एवं भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश की।

मुमताज आलम ने कहा कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने अपने जीवन में देश के वैज्ञानिक क्षेत्र को नई दिशा दी। उन्होंने भारत के मिसाइल कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके चलते उन्हें 'मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' के नाम से जाना जाता है। उनका सादा जीवन, ऊँचे विचार और देश के प्रति समर्पण आज भी युवाओं को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन इस बात का उदाहरण है कि कठिन परिस्थितियों में भी खढ़ निश्चय और मेहनत के बल पर ऊँचाइयों को छुआ जा सकता है। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने भी डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि दी

# पीलीभीत में हुआ ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की राष्ट्रीय विचार गोष्ठी का आयोजन

■ देशभर से जुटे सैकड़ों पत्रकारों ने मंच पर साझा किए विचार

■ राष्ट्र से लेकर जिला स्तर के पदाधिकारियों का हुआ सम्मान



ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की विचार गोष्ठी में सम्मानित होते पत्रकार।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के तत्वावधान में मंगलवार को 'पत्रकारिता: लोकतंत्र का चौथा स्तंभ सम्मान और संघर्ष के बीच' विषय पर राष्ट्रीय विचार गोष्ठी का भव्य आयोजन नकटा दाना चौराहा स्थित सिटी पैलेस बैंकेट हॉल में किया गया। इस अवसर पर देशभर से वरिष्ठ पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क एवं दिनेश जैन ने की, जबकि संचालन का दायित्व मेरठ जिला महामंत्री शिवकुमार शर्मा ने निभाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. के.पी. सिंह कुलपति, रोहिलखंड विश्व. विद्यालय और वरिष्ठ पत्रकार हरवीर सिंह उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों के रूप में वरिष्ठ पत्रकार ताहिर अजीम, डॉ. आस्था अग्रवाल अध्यक्ष, नगर परिषद, पीलीभीत और डॉ. शेख जहूर अहमद (जम्मू-कश्मीर) ने मंच साझा किया। विचार गोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने लोकतंत्र में पत्रका. रिता की भूमिका, उसकी चुनौतियों और सामाजिक जिम्मेदारियों पर विस्तारपूर्वक अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि प्रो. के.पी. सिंह ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र की आत्मा है और पत्रकार सत्य एवं निष्पक्षता के साथ समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। हरवीर सिंह ने कहा कि आज के डिजिटल युग में पत्रकारों के सामने अनेक नई चुनौतियां हैं, लेकिन सच्चाई और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता ही पत्रकारिता की असली पहचान है। वरिष्ठ पत्रकार ताहिर अजीम ने कहा कि पत्रकार को निडर होकर जनता की आवाज बनना चाहिए, क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती जनता की जागरूकता पर निर्भर करती है। राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने कहा कि पत्रकार समाज और शासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं। डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में कार्य कर रही हैं महिला पत्रकार अब समाज में प्रेरणा का प्रतीक बन चुकी हैं। जम्मू-कश्मीर से आए डॉ. शेख जहूर अहमद ने कहा कि पत्रकारिता केवल पेशा नहीं बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व है, जो हर नागरिक के जीवन को प्रभावित करता है।

### संगठन के पदाधिकारियों का संबोधन

विचार गोष्ठी में अपने विचार रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने सभी पदाधिकारियों को संगठन के प्रति निष्ठा, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना से कार्य करने की प्रेरणा दी। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा कि आज का यह मंच केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि विचारों का संगम है, जहां लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका, उसकी चुनौतियों और सम्मान पर गंभीर चिंतन किया गया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एक पेशा नहीं बल्कि जनसेवा का संकल्प है। यह वह शक्ति है जो सत्ता से सवाल पूछती है, समाज को जागरूक करती है और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाती है।

संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क ने अपने संबोधन में कहा कि आज पत्रकारों के सामने अनेक चुनौतियां हैं। कभी सत्य बोलने पर दबाव, कभी अभिव्यक्ति पर प्रतिबंध और कभी सुरक्षा पर प्रश्न। फिर भी इन कठिन परिस्थितियों में भी पत्रकार सत्य का दीपक लेकर समाज को दिशा दिखा रहे हैं और यही पत्रका. रिता की सबसे बड़ी गरिमा है।

### समाज का असली आईना है पत्रकार: शाहवेज खान

प्रदेश महामंत्री शाहवेज खान ने अपने संबोधन में कहा कि आज पत्रका. रिता भी एक चुनौती बन गई है जहां पत्रकारों को सच लिखने पर धमकी मिलती है परंतु एक सच्चा पत्रकार वही होता है जो सभी चुनौतियों का सामना कर अपनी लेखनी के द्वारा समाज को आईना दिखाता है।

### गोष्ठी में मेरठ से पीलीभीत पहुंचे दर्जनों पत्रकार

राष्ट्रीय विचार गोष्ठी में सम्मिलित होने के लिए राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में मेरठ इकाई से सैकड़ों पत्रकार बसों द्वारा पीलीभीत पहुंचे। विचार गोष्ठी में मेरठ से मुख्य रूप से श्रीकांत अस्थाना, यशपाल चौधरी, अशोक सोम, मनोज कलीना, मुनेंद्र त्यागी, रामबाबू दुबे, रमेश चौहान, संजय त्यागी, दीपक अग्रवाल, संजीव तोमर, विपिन हरित, जाकिर तुर्क, मोबिन सलमानी, मुमताज अली, उस्मान खान समेत बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के निवारण के लिए मेगा शिविरों का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विभिन्न जनपदों में विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. द्वारा खण्ड स्तर पर मेगा शिविरों का आयोजन 15 से 17 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इन शिविरों में उपभोक्ताओं के बिल संशोधन, बिजली चोरी के प्रकरणों का निस्तारण, बकाया विद्युत बिलों की वसूली से संबंधित समस्याओं के समाधान सहित नए संयोजन हेतु आवेदन मौके पर ही निस्तारित किए जा रहे हैं।

प्रबंध निदेशक ईशा दुहन (आईएएस) ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविरों के आयोजन से पूर्व शिविर स्थल की योजना बना ली जाए, समय-सारिणी के अनुसार कैम्प आयोजित किए जाए, कैम्प स्थल का एक दिन पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता इन शिविरों की जानकारी प्राप्त कर सके। शिविरों में बिल जमा करने, जमा बिल के रसीद देने, बिल उपलब्ध कराने की जानकारी उपभोक्ताओं को दी जा रही है। साथ ही पी.एम. सूर्य घर योजना एवं स्मार्ट मीटर संबंधी जानकारी उपभोक्ताओं को दी जा रही है। शिविरों में विद्युत उपभोक्ताओं के बिल की जांच कर मौके पर ही संशोधन उपरांत बिल जमा कराया जा रहा है। विद्युत चोरी प्रकरण का भी मौके पर ही निस्तारण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नए संयोजन हेतु प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। 15 अक्टूबर को आयोजित शिविर में कुल 2423 आवे. दन प्राप्त हुए जिनमे से 2057 समस्याओं का त्वरित समाधान मौके पर ही कर दिया गया। 377 उपभोक्ताओं के संयोजन में कुल 511 किलोवाट लोड वृद्धि की गई। कुल 4.32 करोड़ की राजस्व वसूली की गई। शिविर में 2423 उपभोक्ताओं ने भाग लिया और लाभान्वित हुए।

### आज व कल प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे आयोजित होंगे मेगा शिविर

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. उपभोक्ताओं तक पारदर्शी एवं सही बिलिंग सेवा पहुचाने हेतु प्रतिबद्ध है। सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में कैम्प में भाग ले और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करे। अधिक जानकारी के लिए विद्युत हेल्पलाइन 1912 पर संपर्क करें।

# गंदगी के अंबार से ग्रामीणों में रोष व्याप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन ब्लॉक के गांव भनेड़ा उद्दा व मानकपुर के मजरों में लोगो की जिंदगी बदहाल वर्षों बीत जाने पर भी नहीं निकला समाधान। दो ग्राम पंचायतों की सीमा होने के कारण वर्षों बीत जाने के बाद भी अधर में लटकी पड़ी कीचड़ से भरी सड़क। जिसे लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है ग्रामीण रघुनाथ का कहना है कि ग्राम प्रधान से लेकर बड़े नेता लोग भी चुनाव के दौरान आते हैं और वादा करके चले जाते हैं जीतने वाला जीत जाता है हारने वाले हार जाते हैं लेकिन हमारी सुद लेने वाला कोई नहीं आता। मजरे निवासी घनश्याम सिंह का कहना है कि जहां देश, प्रदेश, क्षेत्र में सड़कों का जाल बुना जा रहा है वहीं हमारे बच्चे आज भी कीचड़ भरी सड़क से गुजरने को मजबूर हैं।यहां शिव मंदिर पर धार्मिक कार्यों में भी अड़चन आती है।उक्त सड़क हरपाल सिंह के मकान से लेकर मानकपुर के मजरे के अन्य घरों तक करीब 1 किलोमीटर की होगी जो आजतक यूं ही अधर में लटकी पड़ी है विकास कार्यों की लीपापोती केवल कागजों तक ही सिमट कर गई है धरातल पर देखने अपर नजारा एकदम उलट हो जाता है।



मजरा निवासी सोनिया ने कहा कि जब से हम लोग यहां आकर बसे हैं तभी से इस रास्ते की हालत ऐसी ही बनी हुई है ।मक्खी मच्छरों के प्रकोप के साथ बरसात में सांप तक घरों में घुस जाते हैं जिन्दगी बदतर हो गई है।इस सम्बन्ध में जब ब्लॉक थानाभवन पर तैनात अधिकारी संदीप कुमार कार्यवाहक बीडीओ से बात की गई तब उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मीडिया के माध्यम से उन्हें मानकपुर मजरे के मामले की जानकारी मिली है ग्राम प्रधान मानकपुर अरविंद कुमार से बातचीत कर ग्राम सचिव योगेश शर्मा को निर्देशित कर दिया गया है वहां कीचड़ के नीचे खड़ंजा होने को जानकारी मिली है जल्द ही सफाई अभियान चलाकर कीचड़ को साफ करकर सड़क को ठीक करा दिया जाएगा। ग्राम प्रधान अरविंद का कहना है कि यह रास्ता रतिराम नाम के किसान के खेत से होकर निकला हुआ है असल रास्ता अन्यत्र कहीं है अब किसान अपने खेत से होकर सड़क बनाए जाने का विरोध करता है जिस कारण इस सड़क का काम रुका पड़ा है।

## त्योहारों के सीजन में नहीं हो रही साफ सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** त्यौहारों के सीजन में फैली गंदगी से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। शहर के जैन मोहल्ला स्थित जैन कन्या इंटर कालेज के बाहर फैली गंदगी से राहगीरों के साथ साथ छात्राओं को भी भारी दुर्गंध से होकर गुजरना पडा। लोगों ने नगर पालिका से नियमित साफ सफाई कराने की मांग की है। दीपावली पर्व को लेकर बाजारों और गली मोहल्लों में चहल पहल बढ गई है। बाजारों में ग्राहकों की भीड उमड रही तो घरों और प्रतिष्ठानों को रंग बिरंगी लाईटों से सजाने का कार्य शुरू कर दिया गया। ऐसे में नगर पालिका की उदासीनता के चलते साफ सफाई व्यावस्था चौपट हो गई है। बुधवार को शहर के जैन मोहल्ला स्थित जैन कन्या इंटर कालेज के गेट पर गंदगी के ढेर लगे रहे। साफ सफाई न होने से आने जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पडा। वही स्कूल गेट पर दिनभर गंदगी पडे रहने से छात्राऐं भी परेशान रही और छात्राओं को भारी गंदगी से होकर गुजरना पडा। स्कूल के शिक्षकों का कहना था कि गंदगी के साथ परेशानी होती है और संक्रमण बीमारियां फैलने का खतरा भी बना रहता है। उन्होने नगर पालिका से मांग कि स्कूल के गेट पर कूडा न डाला जाए और नियमित साफ सफाई होनी चाहिए।



## एक नजर

### थानाभवन नगर पंचायत में चला गोवंश पकड़ो अभियान, छह आवारा गोवंश भेजे गए गोशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन में अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा एवं अध्यक्षा मुशयदा के निर्देश पर बुधवार को गोवंश संरक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नगर पंचायत के कर्मचारियों ने कस्बे के विभिन्न क्षेत्रों से आवारा गोवंशों को पकड़कर सुरक्षित रूप से गोशाला पहुंचाया।अभियान के दौरान मोहल्ला खेल मेला ग्राउंड, किसान इंटर कॉलेज के पास, तथा मोहल्ला सैयदान क्षेत्रों में घूम रहे आवारा गोवंशों को पकड़वाया गया। कुल 6 गोवंशों को सुरक्षित रूप से कस्बा जलालाबाद स्थित गोशाला में भेजा गया।नगर पंचायत प्रशासन ने बताया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा ताकि आवारा गोवंशों से सड़क दुर्घटनाओं व सार्वजनिक असुविधाओं को रोका जा सके।



### अवैध क्लीनिकों पर एसीएमओं का छापा, चार क्लीनिक सीज मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** एसीएमओ के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी करते हुए चार अवैध रूप से संचालित क्लीनिको को सीज कर दिया और नोटिस जारी करते हुए जवाब देने को कहा गया है। एसीएमओं की कार्यवाही से कस्बे मे हडकम्प की स्थिति बनी रही। चौसाना में बुधवार की दोपहर को एसीएमओ विनोद कुमार व उनकी टीम ने छापेमारी करते हुए क्लीनिको का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने कई क्लीनिको पर अनियमितता पाई गई और चार क्लीनिक अवैध रूप से संचालित होते पाए गए। जिसके बाद सभी को सीज कर दिया गया और नोटिस भी दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही से कस्बे मे हडकम्प का माहौल रहा और अन्य क्लीनिक संचालको ने अपने शटर को गिरा कर भाग गए। कस्बे मे लम्बे समय से प्रैक्टिस के नाम पर 5-10 बेडो का अस्पताल चला रखे है ,जिन पर कार्यवाही नही हो सकी थी।



**प्रैक्टिसनर्स देते है सरकारी दवाई, नहीं हो सकी कार्यवाही**

चौसाना मे 20-30 क्लीनिककर्ता फार्मेसी का लाईसेंस लिए हुए है और उसी के नाम पर प्रेक्टिस कर रहे है। कमाल की बात यह है कि यहॉ पर आसानी से मरीजो को सरकारी अस्पतालो मे मिलने वाली उत्तर प्रदेश मार्का दवाई दी जाती है ओर पैसे वसूलें जाते है।

..............................................................

निरीक्षण के दौरान चार क्लीनिको को सीज किया गया है। अग्रिम कार्यवाही से पूर्व नोटिस भी दिया गया है ताकि अपना पक्ष रख सके।

**विनोद कुमार,**
**एसीएमओ शामली**

### डा. अब्दुल कलाम की जयंती मनाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी ने महान वैज्ञानिक व भूतपूर्व राष्ट्रपति डा. अब्दुल कलाम का जयंती कार्यक्रम समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बिट्टू पांचाल के आवास ग्राम सिलावर में आयोजित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि मिसाइल मेन डा कलाम सच्चे भारतीय थे। गरीब मुस्लिम मछुवारे के घर में जन्म लेकर उन्होने अपनी मेहनत के बल पर न केवल विज्ञान के क्षेत्र मे विशिष्ट उपलब्धियां प्राप्त की बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद को प्राप्त कियज्ञ। बल्कि वहॉ पर पर उच्च आदर्श स्थापित किए। उन्हे देश के युवाओं की प्रतिभाओं पर बहुत विश्वास था। वे उनके लिए बहुत कुछ करना चाहते थे। समाजवादी पार्टी युवाओ के लिए देखे गए उनके सपनों को सच करने के लिए काम कर रही है। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि डा कलाम जैसे महापुरुषों के कारण ही भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो सका। इस अवसर पर बिट्टू पांचाल, जिलाध्यक्ष सलेक चंद, खुशनूद, भूपेन्द्र सैनीं, तासीन मंसूरी, योगराज पंवार, इन्तजार आदि मौजूद रहे।

### पाक कला प्रशिक्षण कोर्स में बनाई मिठाइयां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दीपावली पर्व के अवसर पर शहर के जैन कन्या इंटर कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय विशेष पाक कला प्रशिक्षण कोर्स अन्नपूर्णा में मिठाइयां बनाई गई। छात्राओं को पारंपरिक एवं आधुनिक व्यंजनों की विधियों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। बुधवार को प्रशिक्षण के तहत छात्राओं ने दक्षिण भारतीय, उत्तर भारतीय, पश्चिमी, पूर्वोत्तर भारतीय तथा इटैलियन व्यंजनों जैसे इडली, सांभर, डोसा, छोले भटूरे, राजमा चावल, वडा पाव, ढोकला, मोमो, बर्गर, पास्ता और पिज्जा आदि बनाना सीखा। प्रशिक्षण के छठवें दिन दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए छात्राओं को विभिन्न प्रकार की मिठाइयां बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर शुभम स्वीट्स के पाक कला विशेषज्ञ शुभम ने छात्राओं को मिठाई बनाने की विधियां सिखाई, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रूचिता ढाका ने कहा कि पाक कला हमें आत्मनिर्भर बनाती है और विभिन्न संस्कृतियों को समझने तथा सम्मान करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि अन्नपूर्णा पाक कला प्रशिक्षण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में बबीता गुप्ता एवं निधि जैन का सहयोग रहा।



# कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने किसानों की सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में किया गया। किसान दिवस में जनपद के विभिन्न गांवों से आए किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनके निस्तारण के लिए डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों से संवाद स्थापित कर समस्याओं को स्थल पर जाकर हल करें, ताकि किसानों को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। कार्यक्रम के दौरान उप कृषि निदेशक प्रमोद कुमार ने जानकारी दी कि पिछले किसान दिवस में उठाई गई कई समस्याओं का समाधान कर दिया गया है। किसान सुनील पंवार ने यमुना नहर की पटरी के किनारे उगे खरपतवार की सफाई की मांग की। राजन जावला ने ग्राम मतनावली में पड़े पानी के पाइपों को शीघ्र स्थापित कराने की बात कही। विदेश मलिक ने दीपावली से पहले बकाया गन्ना भुगतान कराने की मांग रखी।






कालेन्द्र मलिक ने निराश्रित गोवंश को पकड़कर गोशालाओं में भेजे जाने तथा गन्ना भुगतान शीघ्र कराने की मांग की। वहीं कविता चौधरी ने बताया कि गांव पिंडौरा का तालाब गंदा है, जिसकी सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि गन्ना भुगतान न होने से किसानों को बच्चों की स्कूल फीस जमा करने में कठिनाई हो रही है।

अजय सिंह पिंडौरा ने ऊन में धान क्रय केंद्र स्थापित करने की मांग की। किसान दिवस कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार, जिला उद्यान अधिकारी सतेन्द्र मान सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। किसानों में अजित सिंह, हरेन्द्र कैडी, ईश्वर सिंह फौजी, गुलवीर सिंह, संजीव राठी, ऋषिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# सभासदों ने अध्यक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

**विकास चौधरी**

**ऊन।** नगर पंचायत के सभासदों ने अध्यक्ष पर मनमानी करने भ्रष्टाचार व सरकारी धन के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए मंडल आयुक्त को शिकायत की है उन्होंने सभी प्रकरणों की जांच करा कर कार्रवाई की मांग की है।

नगर पंचायत में सरकारी धन के दुरूपयोग व भ्रष्टाचार को लेकर सभासद व अध्यक्ष आमने-सामने है सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा मनमानी से अपने परिचित व रिश्तेदारों को पद पर रखा गया है 6 माह से कोई मीटिंग नहीं बुलाई गई है खाते से धन निकलवाता है लेकिन काम नहीं होता जिसमें हेडपंप रिबोर, सुधार कार्य ,प्रकाश व्यवस्था, नाला सफाई कार्य आदि में भ्रष्टाचार किया गया है। नगर पंचायत कार्यालय का भवन जिस भूमि पर पास हुआ था उस पर न बनाकर अपनी संपत्ति के पास बनाना चाहता है कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष के भाई व अन्य लोग आकर बैठ जाते हैं जो नियम विरुद्ध है इस संबंध में सभासदों ने एसडीएम व जिला अधिकारी को भी शिकायत की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई।

सभासदों ने मंडल आयुक्त को शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है ।शिकायत करने वालों में दीपक कुमार, सुशील कुमार, प्रदुमन ,अमित कुमार, मीनू ,सरोज ,राजबीरी शामिल रहे।

# बैनामा रजिस्ट्री में हो रही समस्याओं के समाधान की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को जिला बार एसोसिएशन शामली के अधिवक्ताओं ने सहायक स्टाम्प आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर उपनिबंधक कार्यालय में बैनामा रजिस्ट्री के दौरान उत्पन्न हो रही तकनीकी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होने उपनिबंधक कार्यालय का कार्य बंद रखा।

अधिवक्ताओं ने बताया कि रजिस्ट्री के समय ऑनलाइन साइट बार-बार ठप पड़ने और इंटरनेट कनेक्टिविटी कमजोर रहने के कारण लोगों को घंटों तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। इससे क्षेत्र की जनता, अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों को भारी असुविधा हो रही है। अधिवक्ताओं ने कहा कि इस तकनीकी अव्यवस्था के विरोध में बुधवार को उपनिबंधक कार्यालय का कार्य बंद रखा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि रजिस्ट्री की साइट को सुचारू रूप से चलाया जाए और इंटरनेट की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। साथ ही कार्यालय में वर्तमान में संचालित एक काउंटर के स्थान पर कम से कम दो काउंटरों को संचालित किया जाए, ताकि कार्य में तेजी लाई जा सके। इसके अतिरिक्त अधिवक्ताओं ने पंजीकरण समय शाम 7 बजे तक बढ़ाने और दाखिल-खारिज संबंधित पत्रावली को प्रतिदिन तत्काल आरके कार्यालय भेजे जाने की भी मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि इन मांगों का शीघ्र निस्तारण नहीं किया गया तो अधिवक्ता समुदाय आंदोलन को और अधिक उग्र करेगा। इस अवसर पर राजपाल पंवार, जसपाल राणा, राकेश शर्मा, बिजेन्द्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, योगेश शर्मा, विवेक कुमार, सतेन्द्र शर्मा, जगदेव, चंद्रवीर सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालयों में क्रीड़ा प्रति.

**नहटौर।** बेसिक शिक्षा विभाग के नियंत्रण अधीन परिषदीय विद्यालयों के न्याय पंचायत महुआ के क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता संपन्न हुए। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी नहटौर दिनेश कुमार ने फीता काटकर और 50 मीटर दौड़ बालिका वर्ग प्राथमिक स्तर को हरी झंडी दिखाकर किया। इस न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में न्याय पंचायत में महुआ के सभी 17 विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। 50 मी. बालिका प्राथमिक स्तर में उर्वशी प्रा. वि. ककराला, 50 एवं 100 मी. दौड़ बालक वर्ग प्राथमिक स्तर में रईयान अलीपुर दामोदर, 100 मी. दौड़ में सुनैना अलीपुर दामोदर, 100 मी. दौड़ बालक जूनियर स्तर में मनीष उच्च प्राथमिक विद्यालय सुनपता, बालिका वर्ग में सोफिया महमूदपुर कामिल, 200 मीटर में इंजमाम प्राथमिक विद्यालय इब्राहिमपुर साधो, बालिका 200 में माही सुनपता, 400 मी. अभिनव अलीपुर दामोदर, बालिका आयशा इब्राहिमपुर साधो, प्राथमिक स्तर लंबी कूद में बालक कार्तिक अलीपुर दामोदर एवं बालिका अनामिका ककराला प्रथम रहे। खो-खो प्राथमिक स्तर बालक बालिका कढ़कोली प्रथम रहे। कबड्डी बालक में ढ़कोली प्रथम एवं बालिका वर्ग कब्बड्डी में इब्राहिमपुर साधो प्रथम रहे। ऊंची कूद जूनियर स्तर में बालक निशांत अल्हेदादपुर मुबारक, बालिका निशा ढकोली प्रथम रहे।

# लाठी डंडे लेकर भिड़े दुकानदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के माजरा रोड स्थित दो दुकानदारों में सड़क पर सामान रखने को लेकर झगडा हो गया। झगडे के दौरान दोनों दुकानदार हाथों में लाठी डंडे लेकर सडक पर उतर आए, जिससे हंगामा हो गया और जाम की स्थिति पैदा हो गई। शहर के माजरा रोड निवासी दो दुकानदार दीपावली पर्व को लेकर सडक पर अपना सामान लगा रहे थे। एक दूसरे से आगे सामान रखने की होड में दोनों दुकानदारों में विवाद खडा हो गया, जिसके बाद मारपीट शुरू हो गई। बताया जाता है कि दोनों दुकानदार हाथों में लाठी डंडे लेकर एक दूसरे पर हमला करने लगे, लेकिन मौके पर मौजूद दुकानदारों ने बीच बचाव कराकर दोनों को शांत किया। झगडे के चलते माजरा रोड पर जाम भी लग गया और सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने कडी मशक्कत कर जाम खुलवाया।



# हाथ धुलाई दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को इनर व्हील क्लब शामली एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में शहर के दयानंद वैदिक जूनियर हाई स्कूल में वैश्विक हाथ धुलाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष बीना अग्रवाल तथा आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अर्बन कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार ने स्कूल के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को हाथ स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को हाथ धोने के छह चरणों का प्रदर्शन कर बताया कि दिन में कम से कम 3-4 बार और 20-30 सेकंड तक हाथ अवश्य धोएं। कार्यक्रम के दौरान इनर व्हील क्लब द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को डेटॉल साबुन, हैंडवॉश और सैवो लिक्विड वितरित किए गए।

वक्ताओं ने बच्चों को समझाया कि सही तरीके से हाथ धोने से हम अपने हाथों को बैक्टीरिया और संक्रमण से मुक्त रख सकते हैं तथा अनेक बीमारियों से बच सकते हैं। सफाई निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि स्वच्छता अपनाकर हम स्वयं को और अपने परिवेश को स्वस्थ रख सकते हैं। सफाई नायक प्रवीण कुमार ने विद्यार्थियों को गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण की जानकारी दी तथा सभी से स्वच्छता की शपथ दिलाई। मौके पर वीणा अग्रवाल, प्रिया भट्ट, रेखा गोयल, मनीष गहलोत मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान: महिलाओं को डीएम और एसपी ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में जिला अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी के द्वारा जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली एवं प्रेरणास्रोत 100 महिलाओं को सम्मानित किया गया। जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा विभाग में एवं विभाग से सम्बन्धित कार्यकलापों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली एवं प्रेरक महिलाओं के नाम चयनित कर प्रेषित किए गए जिनकों आज कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।



प्रेरक महिलाओं को सम्मानित करने का अनंता कार्यक्रम जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी के स्वागत के साथ प्रारम्भ हुआ। उप जिलाधिकारी सदर अर्चना शर्मा द्वारा जिलाधिकारी को पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। उप जिलाधिकारी हामिद हुसैन द्वारा पुलिस अधीक्षक को पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा उप जिलाधिकारी हामिद हुसैन द्वारा प्रस्तुत की गई। अनंता कार्यक्रम जो मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित हुआ में जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।



प्रेरक महिलाओं को सम्मानित करने हेतु आयोजित अनंता कार्यक्रम में जनपद की कुल 100 महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिनमें महिला सशक्तिकरण हेतु कार्यरत समाज सेवी वीना अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में उनके समक्ष उत्पन्न हुई चुनौतियों एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो को बताया तथा महिलाओं को संदेश देते हुए नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित किया। लेखपाल मिनाक्षी चौहान ने शासकीय कार्यों के निर्वहन में उनके समक्ष आने वाली चुनौतियों को बताते हुए महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने हेतु संदेश दिया। महिला थाना में तैनात महिला उप निरीक्षक शिवानी द्वारा महिलाओं को संदेश दिया गया कि सरकार द्वारा उनके सशक्तिकरण के लिए अनेक कानून एवं योजनाएं बनाई गई है। जिनकी जानकारी सभी को होनी चाहिए ताकि महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरुक हो सके।

मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने जनपद में मिशन शक्ति के अंतर्गत किए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया तथा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के विषय पर प्रकाश डाला। जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं में महिलाओं को अधिक से अधिक लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है तथा महिलाओं को मुख्य धारा में लाने हेतु सभी विभाग प्रयासरत है।

पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने मिशन शक्ति अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा महिलाओं के लिए कानूनी प्रविधान तथा हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया। यह भी बताया कि महिला सशक्तिकरण माननीय मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकता में सम्मिलित है। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार की हिंसा के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति बनाई गई है।

जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के बारे में बात की। जिलाधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं डूडा विभाग इत्यादि द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया तथा सभी को इन योजनाओं में लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उपस्थित अधिकारियों को योजनाओं में अभियान चलाकर पात्र महिलाओं एवं बालिकाओं को लाभान्वित कराने के निर्देश दिए।

अनंता कार्यक्रम में यूनिसेफ से डिस्ट्रीक्ट मोबिलाइजेशन कोर्डिनेटर सु तरन्नुम, स्वास्थ्य विभाग से डा. रोशि फातिमा, डा. साईस्ता नाज, शिक्षा विभाग से खण्ड शिक्षा अधिकारी सविता, तहसीलदार ऊन ललिता, महिला कल्याण विभाग से मंजू चौधरी, शोभा शर्मा, सु अजरा खान एवं सु गजाला त्यागी, पुलिस विभाग से उप निरीक्षक शिवानी चौधरी एवं सुनिता, महिला आरक्षी रीता, नितेश, स्वाति, सोनिया, पूजा रानी, समाज सेविका पूजा पांचाल, पूजा विश्वकर्मा एवं वीना अग्रवाल, स्वयं सहायता समूह से हेमलता, रश्मि, ललिता, सेंट आर सी कॉलेज की प्रधानाचार्य उजमा जैदी, नगर पंचायत जलालाबाद की सभासद पूनम पाल, सु. आलिया जैबी, पंचायत सहायक बालेश धामा, बाल विकास परियोजना अधिकारी ममता देवी एवं रेखा सैनी, विद्युत सखी अनिता, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य कविता, कबड्डी प्रशिक्षक संजू रानी इत्यादि को उनक द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। अनंता कार्यक्रम का संचालन सदफ खान जिला मिशन समन्वयक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी मती अर्चना शर्मा, उप जिलाधिकारी हामिद हुसैन, जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन, केन्द्र प्रशासक सु गजाला त्यागी, प्रोबेशन कार्यालय स्टॉफ पूजा गिरी, कान्त, राहुल कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### महिला विश्व कप धीमी ओवर गति पर भारत पर जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** 12 अक्टूबर को विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला विश्व कप मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए भारत पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। गत चैंपियन टीम ने भारत के 330 रनों के लक्ष्य को एक ओवर और तीन विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। समय सीमा को ध्यान में रखते हुए पाया गया कि भारत अपने लक्ष्य से एक ओवर पीछे था। यह जुर्माना एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी के मिशेल पेरेरा ने लगाया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की धारा 2-22 के अनुसार - जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित ह। खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

### महिला क्रिकेट टीम के सदस्यों ने किए श्री महाकाल के दर्शन

**उज्जैन, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम एवं कोचिंग स्टाफ के सदस्यों ने आज तड़के मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित भगवान महाकालेश्वर मंदिर में होने वाली भस्म आरती में शामिल होकर श्री महाकाल के दर्शन किए। क्रिकेट महिला टीम एवं कोचिंग स्टाफ के सदस्य तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे और भगवान के दर्शन कर भस्म आरती में सम्मिलित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। टीम के प्रमुख सदस्यों में कप्तान हरमनप्रीत कौर, उपकप्तान स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, दीप्ति, रेणुका सिंह, अरुंधति, राधा यादव, श्री चरणी सहित अन्य खिलाड़ी एवं कोचिंग सदस्य उपस्थित रहे।

## ● आईसीसी टेस्ट रैंकिंग ●

# यशस्वी टॉप-5 में लौटे, पंत नंबर-8 पर




● **बॉलर्स में कुलदीप 21 से 14वें नंबर पर आए, वनडे में रोहित-कोहली को रैंकिंग में नुकसान**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल, गेंदबाज कुलदीप यादव को आईसीसी रैंकिंग में फायदा हुआ है, जबकि रोहित शर्मा और विराट कोहली को नुकसान झेलना पड़ा है। आईसीसी ने बुधवार को रैंकिंग जारी की। 23 साल के यशस्वी जायसवाल दुनिया के पांचवें नंबर के टेस्ट बैटर बन गए हैं। उन्हें दो स्थान का फायदा हुआ। जायसवाल के पास 791 रेटिंग पाइंट्स हैं। कुलदीप यादव 7 स्थान की छलांग के साथ टेस्ट बालर्स रैंकिंग में 14वें स्थान पर आ गए हैं। उनके पास 689 रेटिंग पाइंट्स हैं। वनडे बैटर्स की रैंकिंग में रोहित शर्मा और विराट कोहली को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। इस लिस्ट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल नंबर-1 पर बने हुए हैं। जायसवाल ने बावुमा और मेंडिस पीछे छोड़ा टेस्ट बैटर्स की रैंकिंग में भारतीय ओपनर जायसवाल ने साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा और श्रीलंकाई बैटर कुसल मेंडिस को पीछे छोड़ा है। टॉप-10 की लिस्ट में ऋषभ पंत (753 अंक) दूसरे भारतीय हैं। वे आठवें पायदान पर हैं। इंग्लिश बैटर जो रूट 908 रेटिंग पाइंट्स के साथ दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज बने हुए हैं। रोहित-विराट को एक-एक स्थान का नुकसान वनडे बैटर्स में अफगानिस्तान के इब्राहिम जाद. रान (764 अंक) ने 8 स्थान की छलांग लगाई और दूसरे स्थान पर आ गए। इससे रोहित शर्मा (756 अंक) तीसरे, पाकिस्तान के बाबर आजम (739 अंक) चौथे और विराट कोहली (736 अंक) 5वें स्थान पर खिसक गए हैं। टी-20 बैटर्स की रैंकिंग के टॉप-10 में बदलाव नहीं हुआ है। राशिद खान वनडे के नंबर-1 गेंदबाज बने गेंदबाजों की रैंकिंग में टेस्ट के टॉप-10 बालर्स की सूची में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वनडे रैंकिंग में राशिद खान 710 अंक लेकर दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं। इससे साउथ अफ्रीका के केशव महाराज (680 अंक), श्रीलंका के महीश तीक्षणा (659 अंक), इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर (654 अंक) और भारत के कुलदीप यादव (650 अंक) को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। टी-20 बालर्स के टॉप-10 में चेंज नहीं हुआ। ओमरजई वनडे के टॉप ऑलराउंडर बने अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह ओमरजई वनडे के नंबर-1 आलराउंडर बन गए हैं। उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है। ओमरजई के 334 रेटिंग पाइंट हैं। राशिद खान (257 अंक) भी दो पायदान के फायदे के साथ चौथे नंबर पर आ गए हैं। जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा (302 अंक) दूसरे और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी (285 अंक) तीसरे स्थान पर हैं। टीम रैंकिंग में ज्यादा बदलाव नहीं, भारत वनडे और टी-20 में नंबर-1 आईसीसी की टीम रैंकिंग में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। ऑस्ट्रेलिया 124 अंक के साथ टेस्ट की नंबर-1 टीम है। भारत वनडे (124 अंक) और टी-20 (272 अंक) के टॉप पर कायम है। टेस्ट में भारतीय टीम चौथे स्थान पर कायम है। उसके इंग्लैंड से 4 अंक कम है। भारत के 108 और इंग्लैंड के 112 रेटिंग पाइंट हैं।

# राष्ट्रीय खेल प्रशासन नियमों के मसौदे पर प्रतिक्रिया आमंत्रित

● **ये नियम राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम 2025 के कार्यान्वयन को सुगम बनाने के लिए तैयार किए गए है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने मसौदा राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल निकाय) नियम, मसौदा राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल बोर्ड) नियम, और मसौदा राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण) नियम के तीन सेट तैयार किए हैं। ये नियम राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 के कार्यान्वयन को सुगम बनाने के लिए तैयार किए गए हैं। राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025, लोकसभा द्वारा 11 अगस्त 2025 को, राज्यसभा द्वारा 12 अगस्त 2025 को पारित किया गया था, और 18 अगस्त 2025 को इसे राष्ट्रपति ने स्वीकृति प्रदान की थी। राजपत्र अधिसूचना संख्या सीजीडीएलई- 19082025-265482 के माध्यम से, इस अधिनियम का उद्देश्य खेल निकायों के प्रशासन में आने वाली चुनौतियों और बाधाओं का समाधान करना और भारत में खेलों के संचालन एवं संवर्धन हेतु एक व्यापक ढांचा स्थापित करना है। यह अधि. नियम खेल के सभी स्तरों पर नैतिक आचरण और निष्पक्ष खेल सुनिश्चित करने, प्राथमिक हितधारकों के रूप में खिलाड़ियों के हितों की रक्षा करने और देश में खेलों के लिए एक सुदृढ़ इकोसिस्टम बनाने का प्रयास करता है। राष्ट्रीय खेल प्रशासन (राष्ट्रीय खेल निकाय) नियमों के मसौदे में उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों को शामिल करने, आम सभा और कार्यकारी समिति की संरचना, चुनाव प्रक्रिया और राष्ट्रीय खेल निकायों तथा क्षेत्रीय खेल महासंघों के सदस्यों के लिए अयोग्यता मानदंड की रूपरेखा प्रदान की गई है। ये नियम राष्ट्रीय खेल चुनाव पैनल के प्रावधानों की रूपरेखा भी प्रस्तुत करते हैं और राष्ट्रीय खेल बोर्ड के साथ संबद्ध इकाइयों के पंजीकरण व आवधिक अद्यतनीकरण की प्रक्रियाएं भी निर्दिष्ट करते हैं।

# अर्जेंटीना ने मैत्री मैच में प्यूर्टो रिको को छह गोलों से रौंदा

● **एलेक्सिस और लुटारो ने दो दो गोल दागे, जिससे अर्जेंटीना ने प्यूर्टो रिको को मैच में हराया**

**वाशिंगटन, वार्ता।** एलेक्सिस मैक एलिस्टर और लुटारो मार्टिनेज ने दो-दो गोल दागे जिससे अर्जेंटीना ने प्यूर्टो रिको को मैत्री मैच में 6-0 से रौंद दिया। मंगलवार को निक. ोलस गोंजालेज की वॉली चूकने के बाद मैक एलिस्टर ने छह गज के बॉक्स के अंदर से रिफ्लेक्स हेडर से गोल दागकर स्कोलरग की शुरुआत की। लियोनेल मेसी के ऊंचे पास पर गोंजालो मोंटिएल ने वॉली लगाकर बढ़त दोगुनी कर दी, जिसके बाद मैक एलिस्टर ने जोस मैनुअल लोपेज के साथ मिलकर अपनी टीम के लिए तीसरा गोल दागा। प्यूर्टो रिको ने मौजूदा विश्व कप और कोपा अमेरिका चैंपियन को एक और गोल का तोहफा दिया जब स्टीवन एचेवेरिया ने अनजाने में गेंद को अपने ही नेट में डाल दिया। स्थानापन्न मार्टिनेज ने अंतिम 15 मिनट में दो गोल दागे, दूसरा गोल मेसी के चतुराई भरे शॉट के बाद दूर कोने में एक बेहतरीन शॉट था। प्यूर्टो रिको ने अर्जेंटीना के डिफेंस को मुश्किल से ही परेशान किया और गोल करने के सबसे करीब तब पहुंच गया जब लिएंड्रो एंटोनेटी के अपने हाफ के अंदर से किए गए एक गोल को गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने अपनी उंगली से बचा लिया। मैच के बाद मैक एलिस्टर ने कहा कि गोल करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है, खासकर अगले साल होने वाले विश्व कप की तैयारी में, क्योंकि हम सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में पहुंचना चाहते हैं। इस परिणाम से हमें ऊर्जा मिली है और हमने प्रशंसकों की सकारात्मक ऊर्जा महसूस की।

# कतर, सऊदी अरब ने 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया



**बीजिंग, वार्ता।** कतर और सऊदी अरब 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली नवीनतम दो एशियाई टीमें बन गईं। एशियाई क्वालीफायर के चौथे दौर में छह टीमों को दो समूहों में विभाजित किया गया था, जिसमें ग्रुप विजेता सीधे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगे।

पिछले शनिवार को ग्रुप ए में ओमान को 2-1 से हराने के बाद, संयुक्त अरब अमीरात कतर के खिलाफ ड्रॉ के साथ क्वालीफाई कर सकता है, जिसने पिछले हफ्ते ओमान के साथ 0-0 का ड्रॉ खेला था। पहले हाफ में गोलरहित रहने के बाद, 2022 विश्व कप के मेजबान ने ब्रेक के तुरंत बाद बढ़त बना ली, जब अकरम अफीफ की फ्री किक को बौआलम खोउखी ने गोल में पहुंचाया, इससे पहले पेड्रो मिगुएल ने मंगलवार को 74वें मिनट में अफीफ की एक और सहायता से स्कोर 2-0 कर दिया। 89वें मिनट में तारेक सलमान को लाल कार्ड दिखाए जाने के बाद कतर की टीम की कुल संख्या दस हो गई। इसके बाद यूएई ने अतिरिक्त समय में एक गोल वापस ले लिया, जिससे एक तनावपूर्ण फ़ाइनल की स्थिति बन गई, लेकिन कतर ने अपना धैर्य बनाए रखा और दूसरी बार विश्व कप फ़ाइनल में जगह बनाई। दूसरी ओर, ग्रुप बी में शीर्ष स्थान के लिए हुए मुक. ाबले में, सऊदी अरब को इराक के खिलाफ केवल ड्रॉ की जरूरत थी, क्योंकि उसने ग्रुप की दूसरी टीम, इंडोनेशिया, के खलिाफ ज्यादा गोल किए थे।

# हीली-पेरी मुकाबले में अहम भूमिका निभाएंगी



**विशाखापत्तनम, वार्ता।** एलिसा हीली की धमाकेदार फॉर्म और एलिस पेरी की निरंतरता आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के 17वें मैच में कल डा. वाईएस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया महिलाओं और बांग्लादेश महिलाओं के बीच होने वाले मैच में अहम भूमिका निभाएगी। ऑस्ट्रेलिया, जो टूर्नामेंट में अब तक अपराजित है, अपना दबदबा बनाए रखने के लिए हीली के हालिया शतक, बेथ मूनी की आक्रामक बल्लेबाजी और एनाबेल

● **कप्तान निगार सुल्ताना की अगुवाई वाली बांग्लादेश के सामने लगातार तीन हार के बाद एक कठिन चुनौती है**

सदरलैंड, एश्ले गार्डनर और ताहलिया मैक्ग्रा की हरफनमौला क्षमताओं पर निर्भर है। कप्तान और विकेटकीपर निगार सुल्ताना की अगुवाई वाली बांग्लादेश के सामने लगातार तीन हार के बाद एक कठिन चुनौती है। उनकी उम्मीदें शीर्ष क्रम की बल्लेबाजों फरगना हक, रुबिया हैदर, शर्मिन अख्तर और शोर्ना अख्तर पर टिकी हैं, जबकि गेंदबाज नाहिदा अख्तर, मारुफा अख्तर और राबेया खान को ऑस्ट्रेलिया के मजबूत बल्लेबाज़ी क्रम को रोकने के लिए असाधारण प्रदर्शन करना होगा। ऑस्ट्रेलिया इस मैच में भारत महिला टीम के खिलाफ एक रोमांचक जीत के बाद उतरेगा, जहां हीली के शतक की बदौलत उसने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत हासिल की थी। एलिस पेरी और बेथ मूनी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि पिछले मैच में सदरलैंड के पांच विकेट ने ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी की मजबूती को उजागर किया। टीम को किम गार्थ और मेगन शट्ट से शुरुआती सफलता की उम्मीद होगी, जबकि गार्डनर और सोफी मोलिनक्स बीच के ओवरों में नियंत्रण रखेंगी। अंक तालिका में निचले आधे हिस्से में संघर्ष कर रही बांग्लादेश को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए संपूर्ण प्रदर्शन की जरूरत है। सुल्ताना अपने अनुभवी मध्यक्रम बल्लेबाजों, शर्मिन अख्तर और शोर्ना अख्तर से पारी की नींव रखने की उम्मीद करेगी, जबकि शोभना मोस्टरी और राबेया खान से निचले मध्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान की उम्मीद है। उनके गेंदबाजों को ऑस्ट्रेलिया के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा, जिसमें शुरुआती विकेट लेना किसी भी उलटफेर की संभावना के लिए महत्वपूर्ण है। विशाखापत्तनम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल होने की उम्मीद है, जिससे एक बड़े स्कोर वाला मुकाबला होने की संभावना है। पिछले मैचों में टॉस जीतने वाली टीमों ने पहले गेंदबाजी करना पसंद किया है, और लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को इस सपाट पिच पर सफलता मिली है। इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 246 रन है, और टीमें विरोधी टीम पर दबाव बनाने के लिए 280 से अधिक का स्कोर बनाने का लक्ष्य रख सकती हैं। ऑस्ट्रेलिया स्पष्ट रूप से पसंदीदा है, सट्टेबाजों ने उनकी जीत की 97 प्रतिशत संभावना जताई है। बांग्लादेश को गत चैंपियन को चुनौती देने और विश्व कप में अपनी उम्मीदों को जीवित रखने के लिए एक जोशीला ऑलराउंड प्रदर्शन करना होगा।

# हम हार से नहीं सीख रहे हैं: मेहदी



● **हम जरूरत के मुताबिक सुधार नहीं कर पा रहे है हमारे कुछ क्षेत्रों में जरूर कमी है लेकिन हमें इन खिलाड़ियों के साथ आगे बढ़ना होगा**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के वनडे कप्तान मेहदी हसन का मानना है कि टीम अपनी गलतियों से नहीं सीख रही है, जिसका खामियाजा उन्हें 50 ओवरों के प्रारूप में भुगतना पड़ रहा है। अफगानिस्तान ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में बांग्लादेश का सफाया कर दिया, जिसमें बांग्लादेश टीम की बल्लेबाजी बुरी तरह चरमरा गई। मेहदी ने कहा कि हम हर हार से नहीं सीख रहे हैं। हम जरूरत के मुताबिक सुधार नहीं कर पा रहे हैं। हममें कुछ क्षेत्रों में जरूर कमी है, लेकिन हमें इन खिलाड़ियों के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने आगे कहा कि हमारे पास (टीम के) बाहर ज्यादा खिलाड़ी नहीं हैं। हम उतने बुरे नहीं हैं जितना ये नतीजे दिखाते हैं, लेकिन हमें बस सुधार करना होगा और अपनी गलतियों को सुधारना होगा। बांग्लादेश अफगानिस्तान के खिलाफ अपने पिछले दो मैचों में 30 ओवर से ज्यादा बल्लेबाज़ी नहीं कर पाया, दूसरे मैच में 28-3 ओवर में 109 रन बनाने के बाद सीरीज के आखिरी मैच में 27-1 ओवर में 93 रन पर आउट हो गया। मेहदी को लगता है कि अब उनकी पहली प्राथमिकता पूरे 50 ओवर तक बल्लेबाजी करना है। मेहदी ने कहा कि हमें 50 ओवर खेलने का लक्ष्य रखना होगा। उन्होंने कहा कि हम पिछले दो मैचों में ऐसा (50 ओवर तक बल्लेबाजी करने में) नाकाम रहे और मुझे लगता है कि हमें यह स्वीकार करना होगा कि एक बल्लेबाजी इकाई के तौर पर हमने खराब क्रिकेट खेला है। उन्होंने आगे कहा कि जब बल्लेबाज ज़िम्मेदारी नहीं लेते, तो टीम को नुकसान होता है। हर बल्लेबाज को ज़िम्मेदारी लेनी होगी। वरना हम संघर्ष करते रहेंगे। हम बिना रन बनाए मैच नहीं जीत सकते, चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों। श्रृंखला हार की ज़िम्मेदारी लेने वाले मेहदी ने कहा कि टीम को अब जल्द से जल्द लय में आना होगा और उम्मीद है कि वेस्टइंडीज़ श्रृंखला से पहले अपने परिवार के साथ समय बिताने से उन्हें थोड़ी राहत मिलेगी। यह श्रृंखला हारने के बाद टीम निश्चित रूप से निराश है। हमें उम्मीद है कि अगर हम घर पर बचे उन दो दिनों में अपने परिवार के साथ समय बिता पाएं, तो हम नए सिरे से खेल पाएंगे। मेहदी ने कहा कि हर खिलाड़ी को अच्छा क्रिकेट न खेल पाने की ज़ुम्मिदारी लेनी होगी। एक कप्तान के तौर पर मुझे भी यह ज़िम्मेदारी लेनी होगी। मुझे उम्मीद है कि हम अगली श्रृंखला से ही वापसी कर पाएंगे। एक कप्तान के तौर पर, मैं चाहता हूं कि बल्लेबाज मानसिक रूप से मजबूत हों। मुझे रातोंरात सुधार की उम्मीद नहीं है।

# पीठ में अकड़न के कारण दुबे रणजी ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर

● **दुबे को रणजी ट्रॉफी में वापसी के लिए ऑस्ट्रेलियाई दौरे के बाद तक इंतजार करना होगा**

**श्रीनगर, वार्ता।** ऑलराउंडर शिवम दुबे को पीठ में अकड़न के कारण जम्मू और कश्मीर के खलिाफ सीजन के पहले मैच से ठीक पहले मुंबई की रणजी ट्रॉफ़ी 2025-26 टीम से बाहर हो गए हैं। दुबे मंगलवार को श्रीनगर से मुंबई के लिए घर लौट गए हैं। माना जा रहा है कि यह कदम एहतियातन उठाया गया है। वह भारत की उस टी-20 टीम का भी हिस्सा हैं जो पांच मैचों की सीरीज के लिए 23 अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होने वाली है। दुबे का 2025 एशिया कप शानदार रहा था। उस टूर्नामेंट में भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गें. दबाजी विकल्प के तौर पर नियमित रूप से उनका इस्तेमाल किया था। पाकिस्तान के खलिाफ फ़ाइनल में उन्होंने एक महत्वपूर्ण ऑलराउंड भूमिका निभाई। हार्दिक पांड्या की अनुपस्थिति में उन्होंने नई गेंद के साथ गेंदबाजी की। उस मैच में उन्होंने तीन ओवर में सिर्फ़ 23 रन दिए। इसके बाद 22 गेंदों में महत्वपूर्ण 33 रन बनाए, जिससे भारत ने एक मुश्किल परिस्थिति से बाहर निकलते हुए लक्ष्य को हासिल कर लिया। दुबे को रणजी में वापसी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद तक इंतजार करना होगा। वहीं मुंबई ऑलराउंडर मुशीर खान का स्वागत करेगी, जो सड़क दुर्घटना में गर्दन और कॉलर- बोन में चोट लगने के कारण पिछले सीजन से बाहर हो गए थे। चोट से उबरने वाले उनके बड़े भाई सरफ़राज खान भी वापस आ गए हैं, जो क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण विंडीज के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए थे।

# रोहित-विराट को ऑस्ट्रेलियाई धरती पर खेलते देखने का यह शायद आखिरी मौका: पैट कमिंस

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत अपने बहुप्रतीक्षित 2025 के ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी कर रहा है, जिसमें तीन वनडे और पांच टी-20 मैच शामिल हैं, जिसकी शुरुआत 19 अक्टूबर को होने वाले पहले वनडे से होगी। यह श्रृंखला और भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि इसमें भारत के दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी हो रही है।

जियोहॉटस्टार पर विशेष बातचीत में, ऑस्ट्रेलियाई स्टार पैट कमिंस ने अहमदाबाद में अपनी टीम की 2023 आईसीसी विश्व कप की अविस्मरणीय जीत, रोहित और विराट की स्थायी विरासत और इन ऐतिहासिक मुक. ाबलों को लेकर उत्सुकता पर बात की।कमिंस ने 2023 विश्व कप जीत की यादें ताज़ा करते हुए कहा कि अहमदाबाद में, भारी भीड़ के सामने, विश्व कप जीतना हमेशा मेरी सबसे अच्छी यादों में से एक रहेगा। इतने बेहतरीन साथियों के साथ ऐसा करना बहुत मज़ेदार था। हमने पूरे टूर्नामेंट का भरपूर आनंद लिया और खूब मस्ती की। हमने उस पल से अभिभूत होने की कोशिश नहीं की। हम बस जीतना



● **यह सीरीज और भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योकि इसमें भारत के दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी हो रही है**

चाहते थे। अगर हम नहीं जीतते, तो भी हमें कोई दिक्कत नहीं होती क्योंकि हम खुशी और आजादी के साथ खेले। उस पल से बहुत सारी बेहतरीन यादें जुड़ीं। रोहित शर्मा और विराट कोहली का सामना करने के महत्व पर उन्होंने कहा कि विराट और रोहित पिछले 15 सालों से लगभग हर भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं, इसलिए ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों के लिए उन्हें यहां खेलते हुए देखने का यह आखिरी मौका हो सकता है। वे निश्चित रूप से भारत के लिए खेल के चैंपियन रहे हैं और उन्हें हमेशा बहुत अच्छा समर्थन मिलता है। जब भी हम उनके साथ खेलते हैं, दर्शक ज़ोर-ज़ोर से तालियां बजाते हैं। कमिंस ने भारत के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला से उनकी अनुपस्थिति पर कहा कि भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से चूकना शर्मनाक है। मुझे लगता है कि दर्शकों की भारी भीड़ होगी। ऑस्ट्रेलिया में पहले से ही काफी उत्साह है। इसलिए, जब भी आप कोई मैच चूकते हैं, तो यह निराशाजनक होता है। लेकिन इस तरह की बड़ी श्रृंखला से चूकना हमेशा थोड़ा मुश्किल होता है। आगामी एकदिवसीय श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के दृष्टिकोण पर कमिंस ने कहा कि ये तीन मैच हैं जिन्हें आप जीतना चाहते हैं, लेकिन यह आने वाले युवा खिलाड़ियों को, खासकर उन खिलाड़ियों को जो पिछले विश्व कप का हिस्सा नहीं थे।

# तन्वी, उन्नति, रक्षिता पदक की ओर बढ़ी, ज्ञान दत्तू, भव्या विशाखा ने भी जीत दर्ज की

**गुवाहाटी, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा, आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा और दसवीं वरीयता प्राप्त रक्षिता श्री रामराज ने बुधवार को यहां नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में जारी योनेक्स सनराइज बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने से पहले कुछ तनावपूर्ण क्षणों को पार किया। तन्वी ने इंडोनेशिया की ओई विनार्टो को 15-12, 15-7 से हराया, उन्नति ने अमेरिका की एलिस वांग को 15-8, 15-5 से हराया और रक्षिता ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिंगापुर की आलिया जकारिया को 11-15, 15-5, 15-8 से हराया। लड़कियों ने संभावित पदक की ओर अपना अभियान जारी रखा है, लेकिन लड़कों के एकल वर्ग में भारत की उम्मीदें केवल ज्ञान पर टिकी हैं, जिन्होंने राउंड ऑफ 32 में 15वीं वरीयता प्राप्त सूर्याक्ष रावत को 11-15, 15-6, 15-11 से हराया। भव्या और विशाखा की मिश्रित युगल जोड़ी भी अगले दौर में पहुंच गई। 14वीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को डेनमार्क की आस्के रोमर और जैस्मीन विलिस क भारत ने घरेलू मैदान पर आयोजित बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में 25 सदस्यीय दल उतारा है, जिसमें लड़कियों की एकल खिलाड़ी इस प्रतियोगिता के इतिहास में अब तक जीते गए 11 व्यक्तिगत पदकों में अपना नाम जोड़ने की प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं। जूनियर विश्व नंबर 1 1 तन्वी बुधवार को कोर्ट पर सबसे पहले उतरीं और ऐसा लग रहा था कि उन्होंने स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया है।

शाह टाइम्स


सम्पादकीय

गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025

# पटाखों की छूट

बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में दिवाली पर पटाखे छोड़ने को लेकर एक बड़ा आदेश दिया है। जिसमें उसने पटाखों पर प्रतिबंध की शर्तों में ढील देते हुए 18 से 21 अक्टूबर तक केंद्र और दिल्ली सरकार के अनुरोध को स्वीकार करते हुए ग्रीन पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल की अनुमति दे दी। यह आदेश देते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हमें एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा। पर्यावरण के साथ समझौता किए बिना संयमित रूप से इसकी अनुमति देनी होगी। व्यवहारिक रूप से देखा जाए, यह फैसला बिल्कुल सही है, यूं तो सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में पटाखों को लेकर प्रतिबंध लगाया हुआ है, लेकिन देखने में आता है कि दिवाली जैसे विशेष त्योहारों पर लोग मनमानी पर उतर आते हैं, तो उसका बेहतर तरीका यही है कि लोगों को उदारता के साथ ऐसे समय में छूट दे देनी चाहिए ताकि कानून की मर्यादा बनी रहे। जैसाकि मुख्य न्यायाधीश ने कहा भी कि पटाखों की दिल्ली एनसीआर में तस्करी की जाती है वे ग्रीन पटाखों से ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। हालांकि शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि 21 अक्टूबर के बाद इन पटाखों की बिक्री पर यथावत प्रतिबंध जारी रहेगा। यह पटाखे फोड़ने की अनुमति सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात 8 बजे से 10 बजे तक जारी रहेगी। दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में बाहर से पटाखे छोड़ने की अनुमति नहीं होगी और यदि नकली पटाखे पाए जाते हैं तो लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। पटाखों की बिक्री सिर्फ प्रमाणित कंपनियों की ओर से निर्धारित स्थानों से ही की जा सकेगी। सिर्फ नेशनल एनवायरमेंट इंजी. नियरिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट द्वारा प्रमाणित पटाखों की बिक्री की अनुमति दी गई है। यहां यह बताना भी जरूरी है कि 10 अक्टूबर को शीर्ष अदालत ने दिल्ली एनसीआर में हरित पटाखों के निर्माण और बिक्री की याचिकाओं पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। बुधवार को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवेई और के. विनोद चंद्रन की पीठ ने ग्रीन पटाखे पर प्रतिबंध में राहत दी है, जैसा कि हमने पहले ही कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला इस आधार पर लिया है क्योंकि देखने में आता है कि लोग दिवाली जैसे विशेष त्यौहार के मौके पर किसी की नहीं सुनते और उससे कोर्ट के आदेशों की भी कई बार अवहेलना होती दिखाई देती है। कोर्ट ने दिल्ली और केंद्र सरकार की सिफारिश पर प्रतिबंधों में रात दी है। ऐसे में लोगों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए पटाखों का इस्तेमाल करें और ऐसे पटाखे का कतई इस्तेमाल न करें जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं क्योंकि दिल्ली एनसीआर की आबो हवा पहले से ही बहुत खराब है पटाखों का इस्तेमाल किया गया तो और ज्यादा खराब होगी। हर कोई समझ सकता है कि पर्यावरण का हमारे स्वास्थ्य से सीधा संबंध है लेकिन यदि आबो हवा खराब होगी तो इससे बहुत लोगों का जीवन प्रभावित होगा। लोगों को समझना होगा कि त्यौहार की खुशी अपनी जगह है, लेकिन वह खुशी हमारे जीवन से बड़ी नहीं हो सकती। इसलिए हमें अपने जीवन की रक्षा के लिए भी सचेत होना होगा और कोर्ट द्वारा दी गई राहत का गलत लाभ नहीं उठना चाहिए।

## स्वदेशी का नारा गुमराह करने वाला



सपा ने भाजपा को उप्र के अवध क्षेत्र में हराया है और अब बिहार के लोगों की जिम्मेदारी है कि वे मगध की धरती पर भाजपा को हराकर दिखाएं, वे समाजवादी विचारधारा और गठबंधन के उम्मीदवारों को वोट देकर बीजेपी को सत्ता से बाहर करें, भाजपा ने बिहार में बेरोजगारी और महंगाई को बढ़ाने का काम किया है, शिक्षा और स्वास्थ्य की हालत खराब है, हमने यूपी में अवध क्षेत्र में भाजपा को सबक सिखाया, अब मगध और बिहार के लोग इसे सिखाएं, सरकार स्वदेशी स्वदेशी का चूर्ण खिला रही है, ये स्वदेशी का नारा हमें और आपको गुमराह करने वाला है, ये लोग मन से विदेशी हैं और अगर मन से स्वदेशी हैं, तो आप चीन पर क्यों टैरिफ क्यों नहीं लगा रहे, कुछ जगह चढ़ावे में सोना का दाना चढ़ रहा है।

**–अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# खाने की कमी और कुपोषण के कारण दुनियाभर में लाखों लोग गंवा रहे जान



**योगेश कुमार गोयल**

दुनिया की आबादी तीव्र गति से बढ़ने के साथ-साथ विश्व में भूख की समस्या भी बढ़ती जा रही है। कई ऐसे राष्ट्र हैं, जो इस समस्या से बुरी तरह जूझ रहे हैं। विश्वभर में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जिन्हें पेट भरने को दो समय का भोजन तक नसीब नहीं होता। बहुत सारे लोग तो ऐसे भी हैं, जिन्हें जिंदा रहने के लिए भी पर्याप्त भोजन नहीं मिल पा रहा। पोषित और पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाने के कारण दुनिया की बड़ी आबादी कुपोषण की शिकार हो रही है। भोजन को एक बुनियादी और मौलिक मानवाधिकार माना गया है लेकिन पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी विड़म्बना है कि खाने की कमी और कुपोषण के ही कारण प्रतिवर्ष लाखों लोग जान गंवा देते हैं। भोजन, हवा और पानी के बाद तीसरी सबसे बुनियादी मानवीय जरूरत हर किसी को पर्याप्त भोजन का अधिकार ही है। चिंताजनक स्थिति है कि दुनियाभर के किसान वैश्विक आबादी से ज्यादा लोगों को खिलाने के लिए पर्याप्त भोजन पैदा करते हैं किन्तु फिर भी भूख बनी रहती है।

वैश्विक भुखमरी को खत्म करने और सभी लोगों को पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। दुनिया के करीब 150 सदस्य देश मिलकर यह दिवस मनाते हैं और संयुक्त राष्ट्र के कैलेंडर में सबसे ज्यादा मनाया जाने वाला दिवस भी यही है। यह दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य वैश्विक भुखमरी से निपटना और पूरी दुनिया से उसे जड़ से खत्म करना है ताकि दुनिया का कोई भी इंसान भूखा और कुपोषित न रहे। कृषि खाद्य प्रणाली परिवर्तन के लिए वैश्विक कार्रवाई को संगठित करते 'विश्व खाद्य दिवस' के लिए हर साल एक खास विषय निर्धारित किया जाता है। विश्व खाद्य दिवस 2025 का विषय है 'बेहतर भोजन और बेहतर भविष्य के लिए हाथ मिलाना', जो एक अधिक टिकाऊ, न्यायसंगत और खाद्य-सुरक्षित दुनिया के लिए कृषि खाद्य प्रणालियों को बदलने के लिए वैश्विक सहयोग पर जोर देता है।

एफएओ के अनुसार तीव्र जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण, आर्थिक विकास और जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के जल संसाधनों पर दबाव बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा पिछले दशकों में मीठे पानी के संसाधनों में भी प्रति व्यक्ति 20 प्रतिशत की गिरावट आई है और दशकों के खराब उपयोग व प्रबंधन, भूजल के अत्यधिक दोहन, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण पानी की उपलब्धता तथा गुणवत्ता तेजी से बिगड़ रही है। एफएओ का कहना है कि मौजूदा समय में करीब 2.4 अरब



लोग जल संकट वाले देशों में रहते हैं और इस अमूल्य संसाधन के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है क्योंकि पानी की कमी संघर्ष का निरंतर बढ़ता कारण बनती जा रही है। पृथ्वी पर जल एक सीमित और असीम मूल्यवान ऐसा प्राकृतिक संसाधन है, जिसके बिना धरती पर भोजन और जीवन असंभव है। यही नहीं, विश्वभर में 60 करोड़ से भी ज्यादा लोग अपनी आजीविका के लिए जलीय खाद्य प्रणालियों पर ही निर्भर हैं, जिनमें छोटे पैमाने के मछुआरे, मछली किसान, मछली प्रोसेसर और उनके आश्रित शामिल हैं, जो तटीय और अंतर्देशीय समुदायों की रीढ़ माने जाते हैं, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं का समर्थन करते हैं और विश्वभर में संस्कृतियों को प्रभावित करते हैं।

दुनिया से भुखमरी को मिटाने के प्रयासों में जलवायु परिवर्तन, अंतर्राष्ट्रीय तनाव, आर्थिक समस्याएं इत्यादि सबसे बड़ी बाधा बन रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, बार-बार होने वाले मौसम के झटकों, संघर्षों, आर्थिक मंदी, असमानता और महामारी के कारण विश्व में करीब 733 मिलियन लोग भूख का सामना कर रहे हैं, जिसका सर्वाधिक असर गरीब और कमजोर तबके पर पड़ता है, जिनमें से कई कृषि परिवार हैं। कोरा. ेना महामारी के दौर के बाद लंबे समय से चल रहे रूस-यूक्रेन और इजरायल-फलस्तीन के भीषण युद्ध जैसी विकट परिस्थितियां भी भूख की समस्या को कम करने के बजाय और विकराल बनाने में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। इसीलिए इस समस्या को कम करने के लिए दुनियाभर में तेज गति से गंभीर प्रयास किए जाने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि भूख और कुपोषण लंबे समय तक चलने वाले संकटों से और बढ़ जाते हैं, जो संघर्ष, चरम मौसम की घटनाओं और आर्थिक झटकों के संयोजन से प्रेरित होते हैं।

आज दुनिया में करोड़ों लोग भूख से पीड़ित हैं और स्वस्थ आहार का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। एफएओ के मुताबिक विश्व में 2।8 बिलियन से भी ज्यादा लोग स्वस्थ आहार का खर्च उठाने में असमर्थ हैं और अस्वास्थ्यकर आहार ही सभी प्रकार के कुपोषण का प्रमुख कारण है। कमजोर लोगों को प्रायः मुख्य खाद्य पदार्थों या कम महंगे खाद्य पदार्थों पर निर्भर रहने के लिए विवश होना पड़ता है, जो अस्वास्थ्यकर हो सकते हैं जबकि अन्य लोग ताजे या विविध खाद्य पदार्थों की अनुपलब्धता से पीड़ित हैं, उन्हें स्वस्थ आहार चुनने के लिए जरूरी जानकारी की कमी है या फिर वे केवल सुविधा के लिए विकल्प चुनते हैं। दुनियाभर में प्रतिवर्ष हर 10 में से एक व्यक्ति दूषित भोजन के कारण बीमार हो जाता है और हर साल 4.2 लाख लोगों की मौत का कारण दूषित भोजन ही है, जिनमें करीब सवा लाख बच्चे भी होते हैं। संयुक्त राष्ट्र के 'खाद्य एवं कृषि संगठन' के अनुसार 2021 में दुनियाभर में 5 लाख लोगों की मौत भूख से ही हुई थी। हालांकि ऐसा नहीं है कि पृथ्वी पर इतना अनाज पैदा नहीं हो रहा, जिससे दुनिया के हर व्यक्ति को पर्याप्त भोजन मिल सके बल्कि सबसे बड़ी समस्या पोषणयुक्त आहार तक सभी की पहुंच और उपलब्धता है।

एफएओ का कहना है कि वर्तमान में मत्स्य पालन में हम करीब तीन हजार प्रजातियों का दोहन करते हैं जबकि इनमें से केवल 650 से कुछ अधिक प्रजातियों की ही खेती करते हैं। एफएओ के मुताबिक इन जलीय पारिस्थितिक तंत्रों और उनके द्वारा समर्थित प्रजातियों का संरक्षण और सुरक्षा करना केवल एक जिम्मेदारी ही नहीं है बल्कि पृथ्वी और इसके निवासियों की भलाई के लिए एक बड़ी आवश्यकता भी है। जलीय खाद्य पदार्थ भी सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और अपनी विविधता से जलीय खाद्य प्रणाली मानव के लिए पोषण और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए एक अद्वितीय और महत्वपूर्ण खाद्य स्रोत बनती है। चिंता का विषय है कि जीवनयापन के लिए आंशिक रूप से ही सही, जलीय खाद्य प्रणालियों पर निर्भर 60 करोड़ लोग प्रदूषण, पारिस्थितिकी तंत्र के क्षरण, अस्थिर प्रथाओं और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से पीड़ित हैं। ऐसे में न केवल जलीय खाद्य प्रणालियों की रक्षा करने की सख्त आवश्यकता है बल्कि लोगों को अधिक भोजन तथा अन्य बुनियादी कृषि उत्पाद पैदा करने के लिए कम पानी का उपयोग करने की आवश्यकता है। बहरहाल, वैश्विक जल एवं जलीय खाद्य प्रणालियों की रक्षा करते हुए पूरी दुनिया में मौजूदा जल चुनौतियों से निपटने के लिए अब लोगों द्वारा कृषि-खाद्य प्रणालियों में जल के कुशल उपयोग को सुनिश्चित करने की बड़ी जरूरत महसूस की जाने लगी है। सुरक्षित जल और खाद्य सुरक्षा प्राप्त करना सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरूरी है कि दुनियाभर के देश पारंपरिक ज्ञान की शक्ति का पूर्ण उपयोग करते हुए विज्ञान और नवाचार के माध्यम से जल संसाधनों की कमी और जल सुरक्षा मुद्दों के नए समाधान ढूंढ़ने के गंभीर प्रयास करें। मौजूदा जल चुनौतियों से निपटने के लिए हमें कृषि खाद्य प्रणालियों में प्रभावी जल उपयोग सुनिश्चित करने और अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग के सुरक्षित तरीके खोजने के साथ-साथ जल और जलीय खाद्य प्रणालियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी होगी तथा जलवायु परिवर्तन और बढ़ती मांग के मद्देनजर सभी के लिए किफायती पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए दुनिया के समक्ष मौजूद खाद्य चुनौतियों का मिलकर समाधान करना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या यही है संघ के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की सच्चाई



**निर्मल रानी**

गत 2 अक्टूबर यानी विजय दशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो गए। संघ की स्थापना डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा 1925 में विजय दशमी के दिन राष्ट्र निर्माण और सामाजिक जिम्मेदारी के घोषित उद्देश्य से की गई थी। संगठन की स्थापना के समय यही बताया गया था कि संघ एक स्वयंसेवी संगठन है, जिसका उद्देश्य देशवासियों में संस्कृति के प्रति जागरूकता, अनुशासन, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाना है। शताब्दी वर्ष के इस अवसर पर देश भर में अनेक आयोजन हुए जिसमें संघ का गुणगान किया गया। संघ समर्थक सत्ताधारियों द्वारा संघ का कसीदा पढ़ने वाले अनेक लेख लिखे गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोकि स्वयं भी संघ प्रचारक रह चुके हैं, ने राष्ट्र निर्माण में आरएसएस के योगदान की सराहना की। मोदी ने संघ के शताब्दी समारोह में कहा कि संघ ने पिछली एक सदी में अनगिनत जीवनों को दिशा दी और मजबूत बनाया। जिस तरह सभ्यताएं महान नदियों के किनारे विकसित होती हैं, उसी तरह संघ की धारा के साथ सैकड़ों जीवन खिले और आगे बढ़े हैं। RSS का उद्देश्य हमेशा एक ही रहा राष्ट्र निर्माण। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा संघ के नाम पर स्मारक सिक्के और डाक टिकट भी जारी किए गए। संघ के लोग इसे विश्व का सबसे बड़ा समाजसेवी संगठन बताते हैं। आज देशभर में लाखों स्वयंसेवकों के माध्यम से संघ अपने घोषित व अघोषित कार्यों में सक्रिय है परन्तु यह भी सच है कि स्थापना के समय से ही संघ विवादों में घिरा रहा है। इतना बड़ा संगठन होने के बावजूद संघ पर संस्था के रजिस्टर्ड संस्था न होने के साथ-साथ इस पर साम्प्रदायिकता फैलाने व धर्म जाति के आधार पर नफरत फैलाने का भी आरोप लगता रहा है। देश का एक बड़ा वर्ग महात्मा गांधी की हत्या में संघ की साम्प्रदायिक विचारधारा को भी जिम्मेदार मानता है।

अब बात करते हैं मुद्दे की, केरल के कोट्टायम जिले के एलिकुलम निवासी 26 वर्षीय आईटी प्रोफेशनल युवक, अनंदु आजी ने 9 अक्टूबर 2025 को तिरुवनंतपुरम के थंपानूर स्थित एक होटल के कमरे में आत्महत्या कर ली। अनंदु आजी की आत्महत्या के बाद उनके द्वारा मलयालम भाषा में लिखा गया 7 से 15 पेज लंबा सुसाइड नोट सार्वजनिक हुआ। इस नोट में अनंदु ने बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। जिसमें आरएसएस के सदस्यों द्वारा बचपन से उसके साथ लगातार किए जा रहे यौन शोषण और बलात्कार का जिक्र है। मलयालम भाषा में सुसाइड से पूर्व लिखा गया उसका अंतिम पत्र अथवा सन्देश संघ के शताब्दी वर्ष पर संघ के मुंह पर कालिख पोतने का काम कर रहा है।

26 वर्षीय आईटी प्रोफेशनल युवक सुसाइड से पूर्व लिखे गए अपने अंतिम नोट में लिखता है कि मैं अनंदु आजी हूं, कोट्टयम के थम्पल काड से। मैं हमेशा से ही एक शांत और अंतर्मुखी व्यक्ति रहा हूं। लेकिन बचपन से ही मुझे जो दर्द सहना पड़ा, उसने मेरी जिंदगी को तबाह कर दिया। मैं अपनी जिंदगी खत्म कर रहा हूं क्योंकि एंग्यजायटी और लगातार पैनिक अटैक ने मुझे जीना मुश्किल बना दिया है। यह ट्रॉमा का नतीजा है जो मुझे 4 साल की उम्र से सता रहा है। मुझे 4 साल की उम्र से ही एक पड़ोसी व्यक्ति द्वारा लगातार यौन शोषण का शिक. ार बनाया गया। वह मेरे परिवार के करीब था और मुझे धमकाता था। यह शोषण सालों तक चला। मैं एक रेप विक्टिम हूं। बचपन में ही मेरी मासूमियत छीन ली गई। मेरे पिता ने मुझे 3-4 साल की उम्र में ही आरएसएस में शामिल करा दिया। मैं शाखा और कैंपों में जाता रहा। वहां मुझे कई आरएसएस सदस्यों के द्वारा यौन शोषण और बलात्कार का सामना करना पड़ा। मैं नामित करता हूं श्एन।एम।श को, जो आरएसएस और भाजपा का प्रमुख सदस्य है।

उसने मुझे कई बार शोषित किया, खासकर कैंपों के दौरान। मैं अकेला नहीं हूं कई अन्य लड़के भी इसी तरह के दोहन के शिकार हुए हैं। आरएसएस कैंपों में यह एक सिस्टमैटिक पैटर्न है, जहां बच्चे सुरक्षित नहीं हैं। आरएसएस के कई सदस्यों ने मुझे छुआ, शोषित किया। मैं उनके नाम नहीं जानता क्योंकि डर के मारे चेहरा भी याद नहीं, लेकिन एनएम का नाम मैं कभी नहीं भूलूंगा। वह मेरे लिए एक भयानक स्मृति है। अनंदु आजी आगे लिखते हैं कि -इन घटनाओं ने मुझे डिप्रेशन और एंग्यजायटी का मरीज बना दिया। मैं थेरेपी ले रहा था, लेकिन ट्रामा इतना गहरा था कि मैं रोज पैनिक अटैक से जूझता। बचपन का दर्द मुझे कभी शांति नहीं देता। मैंने लड़ने की कोशिश की, लेकिन अब हार मान ली। मेरे माता-पिता को दोष न दें। उन्होंने मुझे अच्छा जीवन दिया, लेकिन वे नहीं जानते थे कि क्या हो रहा था। मैंने कभी कुछ नहीं बताया क्योंकि डर था। समाज को पता चलना चाहिए कि ऐसे संगठनों में बच्चे सुरक्षित नहीं। लाखों बच्चे शाखाओं में जाते हैं कुछ को बचाना जरूरी है। अंत में वे लिखते हैं कि मैं अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहरा रहा, लेकिन सच्चाई सामने आनी चाहिए। कृपया जांच करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# तीसरी पीढ़ी का लोकदल: विचार से व्यवहार तक राजनीति की नई परिभाषा



**वीरेश तरार**

भारतीय राजनीति में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) का नाम किसानों की राजनीति से गहराई से जुड़ा रहा है। चौधरी चरण सिंह के दौर में जब पार्टी लोकदल के नाम से जानी जाती थी, तब इसकी पहचान एक वर्गीय कृ मुख्यतः कृषक समाज की पार्टी के रूप में थी। उस दौर का लोक दल खेती-किसानी के हितों का मुखर प्रतिनिधि था, परंतु उसका तालमेल मजदूरों या अन्य तबकों से बहुत गहराई से नहीं बन पाया था।

दूसरी पीढ़ी में जब चौधरी अजित सिंह ने पार्टी की बागडोर संभाली, तब इसका रूपांतरण ह्भारतीय किसान कामगार पार्टी, जनता दल, जनतादल अजित और दलित मजदूर किसान पार्टी, दमकिपा जैसे कई नामों के रूप में सामने आया। इस काल में पार्टी ने दलितों, अल्पसंख्यकों और व्यापारिक वर्ग के साथ संवाद बढ़ाया परंतु इसके साथ ही उस पर अवसरवादी गठबंधन होने के आरोप भी लगे। कभी भारतीय जनता पार्टी के साथ तो कभी कांग्रेस के साथकृयह दोहरी राजनीतिक स्थिति रालोद की वैचारिक स्पष्टता पर प्रश्न उठाती रही। अब जबकि कमान तीसरी पीढ़ी के नेता जयंत चौधरी के हाथों में है, पार्टी का रुख स्पष्ट रूप से बदला हुआ दिखता है। जयंत के नेतृत्व में रालोद सत्ता-साझेदारी से आगे बढ़कर संगठन और विचार की पुनर्स्थापना की दिशा में सक्रिय है। उन्होंने पहले इंडिया गठबंधन में शामिल होने का प्रयास किया, पर वैचारिक असहजता और सीटों के तालमेल में असमानता के कारण वहां स्थायित्व नहीं रहा। इसके




बाद एनडीए के साथ रालोद का जुड़ाव हुआ कृ पर इस बार का जुड़ाव केवल गठबंधन नहीं, बल्कि नीति आधारित साझेदारी के रूप में सामने आया है।

इसी क्रम में पार्टी के भीतर जो परिवर्तन हुए हैं, वे इसे केवल किसान दल नहीं रहने देते। हाल ही में रालोद ने व्यापार प्रकोष्ठ का गठन किया है कृ जो न केवल कृषि उपज के विपणन और मूल्य संवर्धन का काम करेगा, बल्कि ग्रामीण बाजार को संगठित करने की दिशा में भी भूमिका निभाएगा। इस प्रकोष्ठ का नेतृत्व एक अरसे तक पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता रहे अनुभवी वरिष्ठ नेता रोहित अग्रवाल को सौंपा गया है, जिन्हें पंचायत चुनाव संचालन समिति की जिम्मेदारी भी दी गई है। दरअसल, यह कदम केवल संगठनात्मक विस्तार नहीं बल्कि राजनीतिक दृष्टि का परिवर्तन है। जयंत चौधरी की सोच में ग्रामीण अर्थव्यवस्था अब केवल खेती तक सीमित नहीं है उसमें व्यापार, तकनीक, सहकारिता और स्थानीय प्रशासन सब शामिल हैं। इस दृष्टिकोण की पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार द्वारा 2022 में संशोधित मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी एक्ट 2002 की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस कानून के तहत बहुउद्देशीय सहकुरी समितियों को बीज से लेकर फसलों के प्रसंस्करण , विपणन, वितरण, भंडारण और निर्यात के अलावा ग्रामीण बैंकिंग तक के अधिकार दिए गए हैं।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में इन समितियों का प्रभाव तेजी से बढ़ेगा और राष्ट्रीय लोकदल इस परिवर्तन को अवसर के रूप में देख रहा है। पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को सहकारी ढांचे के चुनावों में सक्रिय रूप से भाग लेने को प्रेरित कर रही है, ताकि ग्राम स्तर पर उसका प्रभाव सशक्त रूप से स्थापित हो। इसी सोच के अनुरूप रालोद ने अब पंचायत चुनावों में प्रत्यक्ष भागीदारी का निर्णय लिया है। यह केवल राजनीतिक विस्तार नहीं, बल्कि रणनीतिक रूप से भविष्य की ग्रामीण सत्ता संरचना में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का प्रयास है, क्योंकि सहकारी समितियों और पंचायतों का आगामी वर्षों में आपसी तालमेल ग्रामीण प्रशासन का नया केंद्र बनने जा रहा है।

पार्टी की दूरगामी नीति का एक और आयाम शिक्षा और रोजगार है। सुनने में आ रहख है कि जयंत चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर गुजरात की तरस्ह ही उत्तर प्रदेश में भी एक सहकारिता विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव रखा है। यह प्रस्ताव केवल संस्थागत नहीं, बल्कि वैचारिक दिशा का प्रतीक है पार्टी चाहती है कि ग्रामीण नौजवान सहकारिता, कृषि प्रबंधन और विपणन जैसे विषयों में प्रशिक्षित हों, जिससे वे रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता के नए अवसर पा सकें। रालोद की यह दिशा न तो पारंपरिक किसान राजनीति है, न ही महज सत्ता की आकांक्षा। यह तीसरी पीढ़ी का ह्परिष्कृत लो. कदलह् है कृ जो राजनीति को नीति और संगठन से जोड़कर देखना चाहता है। राष्ट्रीय लोकदल के इस रूपांतरण को केवल संगठनात्मक परिवर्तन से आगे कुछ अलग आयामों मे देखने पर यह दल भारतीय ग्रामीण राजनीति की दिशा में एक नई प्रयोगशाला बनता दिखाई देगा कृ जहां सहकारिता, पंचायत और व्यापार एक साथ ग्रामीण विकास की रीढ़ बनेंगेप। जयंत चौधरी की यह पीढ़ी अपने पूर्वजों की किसान चेतना को आधुनिक संदर्भों में ढालने की कोशिश कर रही है। यही कारण है कि आज का लोकदल न तो अतीत की सीमाओं में बंधा है और न ही गठबंधनों की मजबूरियों में बल्कि वह विचार, प्रयोग और वैचारिक स्वतंत्रता के मार्ग पर आगे बढ़ने वाला दल बनता जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाकिस्तान ने काबुल में बम गिराए

## अफगान का जवाब में पेशावर पर ड्रोन अटैक, 50 लोग मारे गए, दोनों देशों में 48 घंटे का सीजफायर

**काबुल/ इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बुधवार शाम अफगानिस्तान पर हवाई हमले किए। अफगानी मीडिया के मुताबिक पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल और स्पिन बोल्डक में बमबारी की है। इन हमलों में दोनों ओर से 50 लोगों मारे जाने की खबर है। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान के पेशावर में ड्रोन हमला किया है। इस हमले में एक प्लाजा के कमरे को निशाना बनाया गया है। दावा किया जा रहा है कि इसका इस्तेमाल खुफिया गतिविधियों के लिए एक सीक्रेट ऑफिस के तौर पर किया जा रहा था। इन हमलों के बाद फिलहाल दोनों देशों ने 48 घंटे के लिए सीजफायर पर सहमति जताई है। रॉयटर्स के मुताबिक यह सीजफायर भारतीय समयानुसार बुधवार शाम 6:30 बजे से लागू हो गया है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि दोनों देश बातचीत के जरिए से विवादित मुद्दों का समाधान निकालने की कोशिश करेंगे। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, पाकिस्तान की सेना ने अफगानिस्तान के कंधार इलाके में हमले किए। सेना ने कहा: अफगान तालिबान के हमलों का जवाब देने के लिए हमने उनके ठिकानों पर हमला किया। अफगान तालिबान के मुख्य ठिकाने तबाह हो गए हैं। पाक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन हमलों में कंधार प्रांत में तालिबान की चौथी बटालियन और छठी बॉर्डर ब्रिगेड पूरी तरह तबाह हो गई है। कई तालिबान लड़ाके और विदेशी लोग मारे गए। पाकिस्तान ने कहा कि उसकी सेना किसी भी हमले का मजबूती से जवाब दे सकती है। अफगान तालिबान ने इन दावों को गलत बताया है, लेकिन अभी कोई आधिकारिक जवाब नहीं आया। इससे पहले पाकिस्तान सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान के बीच मंगलवार रात को झड़पें हुई थीं। अफगानिस्तान के तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बताया कि आज सुबह पाकिस्तानी सेना ने कंधार के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया। इस हमले में 12 आम लोग मारे गए और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इसके बाद अफगानिस्तान ने पाक बॉर्डर पर टैंक भेज दिए। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग (आईएसपीआर) ने कहा था कि सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान बॉर्डर पर अफगान तालिबान के हमले को नाकाम कर दिया, जिसमें तालिबान के लगभग 15 से 20 मेंबर मारे गए। अफगानिस्तान और पाकिस्तान ने एक दूसरे की सैन्य चौकियों पर कब्जा करने का दावा किया है। साथ ही टैंकों के नुकसान की भी खबर है। पाकिस्तानी सरकारी मीडिया ने तालिबान पर बिना उकसावे के पहली गोली चलाने का आरोप लगाया। वहीं, अफगानिस्तान समर्थित सोशल हैंडल ने दावा किया कि अफगान सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान में उन जगहों को निशाना बनाया है, जहां से अफगानिस्तान के लिए खतरा पैदा होता है।

इसके साथ ही 7 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने की भी बात कही। पाकिस्तान ने सूत्रों ने दावा किया है कि पाकिस्तान के हमले में कई तालिबान चौकियों को भारी नुकसान पहुंचा और उनकी चौकियों से आग की लपटें उठती देखी गई पाकिस्तानी पीटीवी न्यूज ने बताया कि अफगान तालिबान और फितना अल-खवारिज ने कुर्रम में बिना वजह गोलीबारी की। पाकिस्तानी सेना ने पूरी ताकत से जवाब दिया। दावा किया गया कि पाकिस्तान की जवाबी गोलीबारी में एक तालिबानी टैंक नष्ट हो गया, जिससे हमलावर अपनी चौकियां छोड़कर इलाके से भागने पर मजबूर हो गए। वहीं, काबुल का दावा है कि वह अपनी हवाई सीमा और संप्रभुता के उल्लंघन का जवाब दे रहा है।



■ दोनों देश बातचीत के जरिए से विवादित मुद्दों का समाधान निकालने की कोशिश करेंगे
■ तालिबान के हमलों का जवाब देने के लिए हमने उनके ठिकानों पर हमला किया: पाक सेना

### पाकिस्तान अफगानिस्तान के साथ अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करे: सुहैल अफरीदी

**पेशावर।** खैबर पख्तूनख्वा के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सुहैल अफरीदी ने पाकिस्तान सरकार से अफगानिस्तान के प्रति अपनी नीति की समीक्षा करने का आग्रह किया है। अफरीदी ने प्रांतीय विधानसभा सत्र में अपने संबोधन में अफगानिस्तान के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि मैं अपनी सरकार और सेना से अफगानिस्तान के प्रति अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने का आग्रह करता हूं। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अफगानिस्तान से संबंधित सभी नीतियां खैबर पख्तूनख्वा सरकार, स्थानीय प्रतिनिधियों, नागरिकों और कबायली बुजुर्गों के परामर्श से बनाई जानी चाहिए। टोलो न्यूज के अनुसार, मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान से अफगान शरणार्थियों को जल्दीबाजी में निकालने की भी आलोचना की।



हाजीपुर। राघोपुर विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करते राजद नेता और बिहार विधानसभा के नेता तेजस्वी यादव और उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी भी मौजूद रहीं।

## आईएनएस सह्याद्रि नौसेना अभ्यास के लिए बुसान पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का जहाज (आईएनएस) सह्याद्रि हाल ही में दक्षिण कोरिया के बुसान नौसेना बंदरगाह पर पहुंचा। इस समय दक्षिण चीन सागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तैनात यह जहाज भारतीय नौसेना और कोरिया गणराज्य नौसेना (आरओकेएन) के पहले द्विपक्षीय अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए बुसान पहुंचा।

भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि दक्षिण कोरियाई नौसेना ने भारतीय जहाज का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा भारत और कोरिया गणराज्य के बीच बढ़ती नौसेना-से-नौसेना बातचीत एवं रणनीतिक साझेदारी को रेखांकित किया। आईएनएस सह्याद्रि शिवालिक श्रेणी के गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट्स का तीसरा जहाज है जिसे 2012 में स्वदेशी रूप से डिजाइन, निर्मित एवं कमीशन किया गया था। यह जहाज पूर्वी नौसेना कमान के अंतर्गत पूर्वी बेड़े के भाग के रूप में विशाखापत्तनम में स्थित है। यह जहाज कई द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय अभ्यास सहित परिचालन तैनाती का भी हिस्सा रहा है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि जहाज का चालक दल पहले भारतीय नौसेना-कोरियाई नौसेना के द्विपक्षीय अभ्यास के दौरान बंदरगाह एवं समुद्री दोनों चरणों में हिस्सा लेगा। बंदरगाह चरण के दौरान भारतीय नौसेना और कोरियाई नौसेना के अधिकारी एक-दूसरे के डेक का दौरा करेंगे, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करेंगे, परस्पर प्रशिक्षण सत्र एवं खेल कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के हज़ारों स्वास्थ्यकर्मी पांच दिन की हड़ताल पर

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में हज़ारों स्वास्थ्यकर्मी उचित वेतन और समुचित सेवाशर्तों की मांग को लेकर पांच दिन के हड़ताल पर चले गए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पश्चिमी तटीय इलाके में हुई इस हड़ताल से 500 से ज़्यादा अस्पताल और चिकित्सा सुविधाएं प्रभावित हुये हैं। इनमें कैलिफ़ोर्निया और हवाई इलाके के अस्पताल और लॉस एंजिल्स क्षेत्र के कई अस्पताल शामिल हैं।

### ऑस्ट्रेलिया में प्रजनन दर रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में महिला प्रजनन दर लगातार दूसरे साल गिरावट के साथ 2024 में रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई। ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी ब्यूरो (एबीएस) द्वारा बुधवार को प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, 2024 में ऑस्ट्रेलिया में कुल प्रजनन दर रिकॉर्ड निचले स्तर 1.481 जन्म प्रति महिला रही। इससे पहले 2023 में यह आंकड़ा प्रति महिला 1.499 जन्म था। एबीएस ने बताया कि 1976 से कुल प्रजनन दर प्रतिस्थापन दर से नीचे ही रही है।

### ऑस्ट्रेलिया में घर में आग लगने से तीन लोगों की मौत

**सिडनी।** उत्तरपूर्वी ऑस्ट्रेलियाई राज्य क्वींसलैंड में बुधवार सुबह एक घर में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। आज सुबह स्थानीय समयानुसार लगभग छह बजे, ब्रिस्बेन से 400 किलोमीटर उत्तर में स्थित ग्लैडस्टोन शहर में एक दो मंजिला घर में लगी आग को बुझाने के लिए अग्निशमन और बचाव दल को तैनात किया गया।

### अफगान में नशीले पदार्थ की तस्करी में दो गिरफ्तार

**काबुल।** पश्चिमी अफ़गानिस्तान के निमरोज़ प्रांत में नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रांतीय पुलिस के प्रवक्ता मावलवी गुल मोहम्मद कुदरत ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कथित तस्कर 16 किलोग्राम अफीम और दो किलोग्राम हेरोइन की तस्करी के प्रयास में थे , लेकिन पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया और उनके पास से नशीले पदार्थों को बरामद कर लिया।

## WHO में भारत के खिलाफ भड़का चीन

### कहा: भारी सब्सिडी देकर घरेलू कंपनियों को फायदा दे रहा

न्यूयॉर्क। भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) को बढ़ावा देने के लिए दी जा रही सब्सिडी पर चीन ने नाराजगी जताई है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने बुधवार को इस मामले में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी है। चीन का दावा है कि भारत की यह भारी भरकम सब्सिडी उसकी घरेलू कंपनियों को अनफेयर एडवांटेज दे रही हैं।

इससे भारत में बिकने वाले चीनी इलेक्ट्रिक गाड़ियों और म्ट प्रोडक्ट्स पर असर हो रहा है। इससे चीन के हितों को नुकसान पहुंच रहा है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि वह अपने उद्योगों के अधिकारों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाएगा। इकोनामिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के बड़े देशों में इलेक्ट्रिक कारों पर सबसे ज्यादा सब्सिडी भारत में ही मिल रही है। उदाहरण के तौर पर भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली ईवी इलेक्ट्रिक टाटा नेक्सान पर खरीदारों और बनाने वाली कंपनी को मिलाकर करीब 46 फीसदी तक की सब्सिडी मिल रही है। भारत में ईवी को मिल रहे फायदे में कम जीएसटी, पेट्रोल-डीजल गाड़ियों के मुकाबले कम रोड टैक्स और कंपनियों को मिलने वाली पीएलआई (प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव) योजना का सपोर्ट भी शामिल है। भारत सरकार ईवी को बढ़ाने के लिए सिर्फ गाड़ियों पर ही नहीं, बल्कि चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी ज़ोर दे रही है। 'पीएम ई-ड्राइव' योजना के तहत, केंद्र सरकार पब्लिक फास्ट-चार्जिंग स्टेशन बनाने का 80 फीसदी तक खर्च खुद उठा रही है। कुछ मामलों में तो यह सब्सिडी 100 प्रतिशत तक भी दी सकती है। इस स्कीम के तहत पैसा तीन किस्तों में दिया जाता है। टेंडर मिलने पर 30 प्रतिशत, स्टेशन लगने पर 40 प्रतिशत, और फिर कमर्शियल ऑपरेशन शुरू होने के बाद बाकी का पैसा मिलता है। ई-ट्रक, ई-एम्बुलेंस, ई-बस चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर (चार्जिंग स्टेशन) को 31 मार्च 2028 तक सब्सिडी मिलती रहेगी। हालांकि, सरकार इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर, ई-रिक्शा, थ्री-व्हीलर और ई-कार्ट पर मिलने वाली सब्सिडी मार्च 2026 के बाद बंद हो जाएगी। बड़ी सब्सिडी देने के बावजूद, भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों को लोग अभी भी कम अपना रहे हैं। कुल गाड़ियों के बाजार में ईवी की हिस्सेदारी सिर्फ 2 प्रतिशत है। यह आंकड़ा बाकी देशों के मुकाबले सबसे कम है।



■ दुनिया के बड़े देशों में इलेक्ट्रिक कारों पर सबसे ज्यादा सब्सिडी भारत में ही मिल रही

### भारत और इंडोनेशिया की नौसेनाओं के बीच 'समुद्र शक्ति अभ्यास'

**नई दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया की नौसेनाएं विशाखापत्तनम में चार दिन के संयुक्त द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास 'समुद्र शक्ति-2025' में एक दूसरे के साथ समुद्री रण कौशल के गुर और अनुभव साझा कर रही हैं। दोनों नौसेनाओं के बीच इस अभ्यास का पांचवां संस्करण मंगलवार को शुरू हुआ जो शुक्रवार तक चलेगा। अभ्यास में भारत की ओर से पूर्वी नौसेना कमान के बेड़े का पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस कवरत्ती और एक पोत (एक एकीकृत हेलीकॉप्टर के साथ) हिस्सा ले रहा है जबकि इंडोनेशियाई नौसेना का प्रतिनिधित्व उसका युद्धपोत केआरआई जॉन लाइ कर रहा है। अभ्यास के बंदरगाह चरण में सौहार्द और पेशेवर तालमेल बनाने के उद्देश्य से कई गतिविधियां शामिल हैं।

## जासूसी में भारतीय मूल का अमेरिकी गिरफ्तार

■ चीनी अफसरों से सीक्रेट मुलाकात का आरोप, 10 साल जेल और दो करोड़ जुर्माना हो सकता है

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी विदेश विभाग के सीनियर एडवाइजर एश्ले टेलिस को 12 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन पर देश की सुरक्षा से जुड़े गोपनीय डाक्यूमेंट्स अपने पास रखने और चीनी अधिकारियों से सीक्रेट मुलाकात का आरोप है।

64 साल के टेलिस के वर्जीनिया वाले घर से एफबीआई को 1000 से ज्यादा पेज के सीक्रेट दस्तावेज मिले हैं। अगर वे दोषी पाए गए तो 10 साल जेल और 2.5 लाख डालर (करीब 2 करोड़ रुपये) का जुर्माना हो सकता है। टेलिस की सुनवाई वर्जीनिया कोर्ट में होगी। उन्हें जमानत मिलने की संभावना कम है, क्योंकि मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है।

वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प के पहले कार्यकाल में उनकी ट्रांजिशन टीम ने टेलिस का नाम रिचर्ड वर्मा की जगह भारत के राजदूत के लिए चुना था। हालांकि उनकी नियुक्ति नहीं हो पाई और केनेथ जस्टर को यह पद मिला। एफबीआई का कहना है कि टेलिस ने सितम्बर-अक्टूबर 2025 में विदेश विभाग और रक्षा मंत्रालय से सीक्रेट कागजात निकाले। इनमें एयरफोर्स की प्लानिंग, नई तकनीकें (जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और मिलिट्री विमानों की जानकारी थी।

## मैडागास्कर में सेना ने पूरी तरह संभाली बागडोर

■ कर्नल माइकल रैंड्रियानीरिना ने खुद को देश का कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित किया

**एंटानानारिवो।** मैडागास्कर में कुछ सप्ताह से जारी व्यापक विरोध प्रदर्शन ने देश का तख्तापलट कर रख दिया। इतना ही नहीं विरोध प्रदर्शन इतना भयावह हो गया कि राष्ट्रपति एंड्री राजोइलिना को देश छोड़कर भागना पड़ा।

ऐसे में अब मैडागास्कर को लेकर ताजा अपडेट ये है कि तख्तापलट के बाद कर्नल माइकल रैंड्रियानीरिना ने खुद को देश का कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित कर दिया है। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि वे जल्द ही आधिकारिक रूप से शपथ लेंगे। यह घटनाक्रम राष्ट्रपति एंड्री राजोइलिना के देश छोड़ने के बाद हुआ, जिन्हें सेना के एक गुट ने सत्ता से बेदखल कर दिया। रैंड्रियानीरिना ने मंगलवार को एलान किया कि सेना ने देश की बागडोर संभाल ली है। बीते कुछ हफ्तों से सरकार के खिलाफ खासकर युवाओं के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन हो रहे थे। शनिवार को स्थिति उस वक्त बदली जब रैंड्रियानीरिना और उनकी विशेष सैन्य यूनिट सीएपीएसएटी ने विद्रोह कर दिया और प्रदर्शनकारियों के साथ मिलकर राष्ट्रपति से इस्तीफे की मांग की।

### वेनेजुएला तट के पास जहाज पर अमेरिकी हमले में छह की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने मंगलवार को वेनेजुएला तट के पास अंतर्राष्ट्रीय समुद्री इलाके से मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे एक जहाज पर हमला किया, जिससे उसमें सवार छह लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर यह जानकारी दी है। ट्रम्प के अनुसार, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने कहा है कि जहाज मादक पदार्थ के आतंकवादी नेटवर्क से जुड़ा था। इस नए अभियान के साथ, सितम्बर से अब तक वेनेजुएला के निकट मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले संदिग्ध जहाजों पर अमेरिकी सैन्य हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है।

## हमास ने 8 लोगों को इजरायली जासूस बताकर मारा

### आंखों पर पट्टी बांधी, सड़क पर बैठाकर गोली मारी, अल्लाह-हू-अकबर के नारे लगाए

**तेल अवीव/ गाजा।** गाजा में हमास ने 8 लोगों को सड़क पर गोली मार दी। हमास ने इन लोगों को इजरायल का जासूस बताया। वायरल वीडियो में 8 लोगों को आंखों पर पट्टी बांधकर बैठाया गया और हमास के लड़ाकों ने उन्हें गोली मार दी।

इस दौरान कुछ लोग अल्लाह-हू-अकबर के नारे लगाते नजर आए। इजरायली सेना के गाजा से पीछे हटने के बाद हमास फिर से अपनी ताकत बढ़ा रहा है। उसने उन लोकल हथियारबंद गिरोह पर हमले शुरू किए हैं, जो इजरायल के कब्जे वाले इलाकों में ताकतवर हो गए थे। आरोप है कि ये लोकल ग्रुप्स दो साल से राहत सामग्री लूटकर बेच रहे थे, जिससे गाजा में भुखमरी बढ़ी। हमास की पुलिस अब सड़कों पर गश्त कर रही है और इन गैंग्स पर हमला कर रही है। फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने इन हत्याओं को गलत बताया है। वहीं, फलस्तीन के एक्सपर्ट अब्दलहादी अलिजला ने कहा कि ये हत्याएं गलत हैं, लेकिन गाजा में कोई कोर्ट या कानून नहीं बचा है। लोग दो साल से बमबारी और हिंसा झेल रहे हैं, इसलिए ऐसी घटनाएं उनकी जिंदगी का हिस्सा बन गई हैं। हमास ने हजारों सैनिकों को गाजा में भेजा है। एक्सपर्ट का कहना है कि अगर युद्धविराम रहा, तो हमास कुछ ही हफ्तों में गाजा पर पूरी तरह कब्जा कर सकता है। इससे पहले हमास ने मंगलवार को 4 और इजरायली बंधकों के शव इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) को सौंपे। ये ताबूत हमास ने रेड क्रास को सौंपे थे, फिर उन्हें आईडीएफ को ट्रांसफर किया गया। इजरायल ने लौटाए गए चार मृत बंधकों में से तीन के नाम बता दिए हैं। बंधक एवं गुमशुदा परिवार फोरम के जारी बयान के अनुसार, इनमें तामिर निमरोदी, एतान लेवी और उरीएल बारूक शामिल है। टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक कल हमास द्वारा लौटाया गया एक शव इजरायली बंधक का नहीं है, बल्कि यह गाजा के एक फलस्तीनी का है। सीजफायर की शुरुआत के बाद से यह मृत बंधकों का दूसरा समूह था जो इजरायल लौटा। हमास से 28 बंधकों के शवों को सौंपा जाना था, लेकिन अब तक कुल 8 शवों को लाया गया है।



■ इजरायली सेना के गाजा से पीछे हटने के बाद हमास फिर से अपनी ताकत बढ़ा रहा है

## ट्रम्प की तारीफ करने पर पाक पीएम ट्रोल

### देश के लोग बोले: पीएम शरीफ को चापलूसी का नोबेल दो, हमारे नेता इतने चाटुकार क्यों

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को उनके ही देश में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का चापलूस और चाटुकार बताकर ट्रोल किया जा रहा है।

कुछ सोशल मीडिया यूजर ने कहा कि अगर चापलूसी के लिए नोबेल होता, तो शरीफ सबसे बड़े दावेदार होते। दरअसल, सोमवार को मिस्र में गाजा पीस समिट के दौरान शरीफ ने ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने के दावे का समर्थन किया था। शरीफ ने ट्रम्प को नोबेल देने की मांग की थी। इस पर ट्रम्प ने हंसते हुए कहा था-वाह! मुझे यह उम्मीद नहीं थी। अब कहने को क्या बचा, घर चलें! पाकिस्तानी इतिहासकार अम्मार अली जन ने लिखा- ट्रम्प की बेवजह तारीफ से पाकिस्तानी शर्मिंदा हैं। वहीं, एक सोशल मीडिया यूजर वसीम ने कहा-हमारे नेता इतने चाटुकार क्यों हैं? शरीफ ने फिलिस्तीन के मुद्दे का गलत इस्तेमाल किया। लेखक एसएल कंथन ने कहा-ट्रम्प को जूते चमकाने होते हैं तो शरीफ को बुलाते हैं। इतनी शर्मिंदगी पहले नहीं देखी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता हम्माद अजहर ने कहा- दुनिया हमारे नेताओं पर हंस रही है। हमने इन लोगों को नहीं चुना... यह कामेडी और घिनौनी चापलूसी हमें भी शर्मसार कर रही है। मिस्र में ट्रम्प ने अपनी स्पीच के बीच में शरीफ को बुलाया और पूछा-क्या आप कुछ कहना चाहते हैं? साथ ही पाकिस्तान पीएम से कहा कि वे वही बोलें जो उन्हें पिछले दिनों कहा था। इसके बाद शरीफ ने 5 मिनट तक ट्रम्प की तारीफ की। शहबाज शरीफ ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प सच में शांति पुरुष हैं, उनकी कोशिशों के बाद शांति स्थापित हुई है। उन्होंने न सिर्फ भारत-पाकिस्तान की जंग रुकवाई बल्कि दुनिया में 8 संघर्षविराम कराए। उन्होंने ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए सबसे शानदार उम्मीदवार बताया। शरीफ ने कहा कि आज का दिन (सोमवार) इतिहास का सबसे बड़ा दिन है, क्योंकि राष्ट्रपति ट्रम्प की मेहनत से शांति मिली है।



■ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता हम्माद अजहर ने कहा: दुनिया हमारे नेताओं पर हंस रही है

### ब्राजील के उपराष्ट्रपति तीन दिन की भारत यात्रा पर

**नई दिल्ली।** ब्राजील के उपराष्ट्रपति और विकास, उद्योग, व्यापार एवं सेवा मंत्री गेराल्डो अल्कमिन भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ मंत्रिस्तरीय व्यापार बैठक के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर बुधवार दोपहर यहां पहुंचेंगे। उनके साथ कैबिनेट मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के आने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर बताया कि अल्कमिन आज शाम रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के मुद्दों पर बैठक करेंगे। इस दौरान उनके साथ ब्राजील के रक्षा मंत्री भी होंगे। अल्कमिन, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात करेंगे और आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। ब्राजील के उपराष्ट्रपति के भारत-ब्राज़ील व्यापार मंच में भाग लेने और अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का दौरा करने की भी उम्मीद है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॅान कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108